# शरद पवार से मिले केजरीवाल, कहा- एकजुट हों गैर भाजपा दल

- एनसीपी प्रमुख ने विपक्षी दलों को राज्यसभा में एकजुटता दिखाने के लिए राजी करने का भरोसा दिया : सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


शरद पवार के साथ सीएम केजरीवाल, भगवंत मान, संजय सिंह व अन्य।

केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ राज्यसभा में राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) भी आम आदमी पार्टी का साथ देगी। गुरुवार को मुम्बई में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के बाद एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने दिल्ली के लोगों के साथ खड़े होने का ऐलान किया। इस दौरान उन्होंने गैर भाजपा दलों के नेताओं को भी राज्यसभा में इस बिल के खिलाफ एकजुटता दिखाने के लिए राजी करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि यह सवाल दिल्ली या आम आदमी पार्टी का नहीं है, बल्कि यह देश में चुनी हुई सरकारों को मिले अधिकारों को बचाने का है। इस बीच केजरीवाल ने समर्थन देने के लिए उनका धन्यवाद करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश को सबको मिलकर संसद में रोकना है।

संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के लोगों के साथ बहुत अन्याय हुआ है। वर्ष 2015 में जब आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी, तो 23 मई 2015 को केंद्र सरकार ने एक साधारण अधिसूचना जारी कर अधिकारियों पर नियंत्रण करने की सारी पावर छीन ली। पिछले 8 साल से कोर्ट के चक्कर काट रहे थे। आठ साल के बाद सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने सर्व सम्मति से दिल्ली सरकार के पक्ष में आदेश दिया कि दिल्ली के लोग सरकार चुनते हैं। इसलिए सरकार को काम करने का पूरा अधिकार होना चाहिए। अगर चुनी हुई सरकार काम नहीं कर सकती तो दिल्ली के लोगों को सरकार चुनने का क्या फायदा है।

## 'अध्यादेश पर गुमराह कर रहे माकन'



**नई दिल्ली।** अफसरों के तबादले और तैनाती के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद केंद्र सरकार के अध्यादेश पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में रार है। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता अजय माकन पर जमकर निशाना साधते हुए कि माकन भाजपा की बैटिंग कर रहे है।

11 सितंबर 2002 को कांग्रेस की तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने का प्रस्ताव लाई थीं। प्रस्ताव कांग्रेस और भाजपा दोनों ने पास किया था। माकन ने विधान सभा में कहा था कि जनता द्वारा चुनी हुई सरकार ही सरकार है। उन्होंने अन्य प्रदेश के बराबर ही दिल्ली के मुख्यमंत्री की शक्ति बताई थी। उनका भाषण आज भी विधानसभा में मौजूद है।

### कभी दावा नहीं किया कि शीला ने पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मांगा : माकन



**नई दिल्ली।** अजय माकन ने कहा कि उन्होंने यह कभी दावा नहीं किया कि शीला दीक्षित ने पूर्ण राज्य का दर्जा का अधिकार नहीं मांगा। इस मामले में उनका कहना है कि केजरीवाल चाहते हैं कि उन्हें विशेषाधिकार प्राप्त हो। अगर दिल्ली के सभी पूर्व मुख्यमंत्री बिना कोई हंगामा किए अपनी भूमिका का निर्वहन करते रहे थे तो केजरीवाल इतनी अव्यवस्था क्यों फैला रहे हैं।

# ट्रक का टायर बदल रहे मजदूरों को कंटेनर ने कुचला

- वेलकम मेट्रो स्टेशन के पास हादसा, दो की मौत, चार घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम मेट्रो स्टेशन के पास ट्रक का टायर बदल रहे मजदूरों को एक कंटेनर ने कुचल दिया। इनमें से दो की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार घटना वेलकम मेट्रो स्टेशन के पास फ्लाईओवर पर बुधवार देर रात करीब साढ़े बारह बजे हुई। पूर्वोत्तर दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) जॉय तिर्की ने बताया कि उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में लोनी के निवासी शिकायतकर्ता दोजे ने कहा कि वह ट्रक में मजदूरी का काम करता है। नौरंग ट्रक का चालक है और वह भी लोनी निवासी है। हादसे के वक्त गाड़ी में तीन अन्य सहायक भी मौजूद थे। उनकी पहचान सुनील, रवि किशन और सतीश कुमार के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि ट्रक में ईंटें लदी हुई थीं, जिन्हें करोल बाग ले जाया जाना था। डीसीपी ने बताया कि रात करीब 12.30 बजे ट्रक फ्लाईओवर पर था तभी उसका एक टायर फट गया।

दोजे टायर के नट खोल रहा था जब एक अन्य ट्रक ने खड़े ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में मरने वाले दो लोगों की पहचान रवि किशन और सतीश कुमार के रूप में हुई है। हादसे में घायल हुए चार अन्य लोगों की पहचान दोजे, महेश, नौरंग और सुनील के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि जिस ट्रक द्वारा पीछे से टक्कर मारी गई, महेश उसका चालक है। डीसीपी ने बताया कि वेलकम पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

कश्मीरी गेट इलाके में बृहस्पतिवार को एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को तड़के करीब तीन बजे मिली। पुलिस ने बताया कि हादसे के समय व्यक्ति निगमबोध घाट के पास फुटपाथ पर सो रहा था। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पुलिस दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से कराएं : सीएम

**नई दिल्ली।** नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों नहीं कराने पर आप ने भाजपा और केंद्र सरकार पर हमला बोला। पार्टी का कहना है कि भाजपा की मानसिकता दलित और आदिवासी विरोधी है।

भाजपा इसलिए आदिवासी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों नए संसद भवन का उद्घाटन नहीं करा रही है, क्योंकि वो दलितों और आदिवासियों से इसका उद्घाटन करवाना अशुभ मानती है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रपति से नए संसद भवन का उद्घाटन क्यों नहीं करा रहे हैं। उनसे देश भर का अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समाज पूछ रहा है कि क्या उन्हें अशुभ माना जाता है।

# किताबों पर आतिशी का संदेश, भाजपा ने किया विरोध

- निगम विद्यालयों की किताबों में शिक्षा मंत्री की फोटो और संदेश को प्रकाशित करना गलत : सचदेवा
- आप पर मार्क्सवादी विचार को बढ़ाने के प्रयास का लगाया आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



एमसीडी के प्राथमिक विद्यालयों की किताबों में शिक्षा मंत्री आतिशी की फोटो और संदेश को प्रकाशित करने का मुद्दा गरमा गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था का राजनीतिकरण हो रहा है। भाजपा निगमायुक्त से शिकायत कर शिक्षा मंत्री के संदेश वाली पुस्तकों के हटाने का अनुरोध करेगी। किताबों में इस तरह का संदेश को प्रकाशित करना चैंकाने वाला है।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल सरकार पहली बार वर्ष 2013 में सत्ता में आई है, तब से वह अपने राजनीतिक प्रचार के लिए स्कूलों और पाठ्य पुस्तकों का दुरुपयोग करने की कोशिश कर रही है। चूंकि मध्य और माध्यमिक शिक्षा की किताबें एनसीईआरटी की हैं, इसलिए तत्कालीन शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया बहुत कोशिशों के बाद अपने संदेश को पाठ्य पुस्तकों में शामिल नहीं कर पाए, लेकिन शिक्षा मंत्री अतिशी ने सत्ता के कुछ महीनों के भीतर बड़ी चतुराई से अपनी तस्वीर और संदेश को एमसीडी की प्राथमिक पाठ्य पुस्तकों में स्थान दिया है।

छात्रों के लिए मंत्री का संदेश लंबा और भाषा कठिन है कि उन्हें लगता कि प्राथमिक विद्यालय का कोई भी छात्र इसे पढ़ और समझ सकता है। असल में यह संदेश 5 लाख से अधिक छात्रों के माता-पिता को राजनीतिक रूप से प्रभावित करने के लिए छापा गया है। यह उनकी मार्क्सवादी विचार प्रक्रिया का एक हिस्सा है।

# जाली डॉलर से ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

- चार लाख रुपये के बदले 20 लाख रुपये की अमेरिकी मुद्रा देने का दिया था लालच

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली में मामूली कीमत पर जाली अमेरिकी डॉलर बेचकर एक व्यक्ति को ठगने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पीड़ित ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि राजू नामक व्यक्ति ने उससे संपर्क कर चार लाख रुपए का भुगतान करके 20 लाख रुपये मूल्य के अमेरिकी डॉलर खरीदने का लालच दिया।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि राजू ने उसे जाली अमेरिकी डॉलर थमा दिए। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की और पांच से छह लोगों को इलाके के पास संदिग्ध रूप से घूमते देखा। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) एम. हर्षवर्धन ने कहा कि संदिग्धों में से एक की पहचान जहांगीरपुरी के शामल के रूप में हुई। बाद में पुलिस को सूचना मिली कि शामल अपने सहयोगी के साथ जाली अमेरिकी डॉलर लेकर इंद्रलोक आएगा।

पुलिस ने कहा कि इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास एक जाल बिछाया गया और मंगलवार को जाकिर शेख नामक व्यक्ति के साथ शामल को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके सहयोगी अरुण कुमार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि संदिग्धों के मोबाइल फोन की जांच की गई तो उनमें जाली अमेरिकी डॉलर बनाने के कई वीडियो मिले। पुलिस ने बताया कि यह भी पता चला है कि दो मोबाइल फोन उत्तम नगर से चोरी हुए थे।

पुलिस ने कहा कि आरोपियों के पास से नकली अमेरिकी डॉलर के दो बंडल, 24,000 रुपए नकदी, छह मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिल बरामद किया गया है।

# समर्थन जुटाने पहलवान हरियाणा-पंजाब दौरे पर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण के खिलाफ अपने प्रदर्शन में समर्थन जुटाने के लिए विनेश और बजरंग पूनिया समेत प्रदर्शनकारी पहलवान उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों का दौरा करेंगे।

उनका मकसद 28 मई को नए संसद भवन के सामने होने वाली महिलाओं की महापंचायत के लिए समर्थन जुटाना है। बजरंग और विनेश हरियाणा के जींद गए हैं तो रियो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान पंजाब गए हैं। जंतर मंतर पर धरने पर मोर्चा संभालने वाली पहलवान संगीता फोगाट ने कहा कि वे सभी अलग अलग स्थानों का दौरा करके भावी कार्रवाई की योजना को लेकर खाप नेताओं से बात कर रहे हैं।

संगीता ने कहा, विनेश और बजरंग जींद में खाप नेताओं से मिलेंगे जबकि साक्षी और सत्यव्रत पंजाब में महापंचायत के लिए समर्थन जुटा रहे हैं। अगर बृजभूषण को गिरफ्तार करने की मांग नहीं मानी गई तो संसद भवन के सामने महापंचायत करेंगे। ज्ञात होकि सात महिला पहलवानों यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

### बाइक सवारों ने मालदीव की छात्रा का फोन छीना

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने मालदीव की एक नागरिक से कथित तौर पर मोबाइल फोन छीन लिया। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया कि सेंट स्टीफेंस कॉलेज की छात्रा हव्वा सिनमा की शिकायत के आधार पर घटना के संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है।

डीसीपी ने बताया कि शिकायतकर्ता के अनुसार वह मंगलवार रात करीब पौने 11 बजे हनुमान मंदिर कश्मीरी गेट के पास एक ऑटो-रिक्शे में थी, तभी मोटरसाइकिल सवार दो लोग पीछे से आए और उसका फोन छीन कर फरार हो गए।

# तबादले की मांग करने वाले शिक्षकों की नई तैनाती

- एमसीडी के शिक्षा विभाग ने बीते सितंबर में मांगे थे ऑनलाइन आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के उन 50 प्रतिशत से अधिक शिक्षकों का तबादला कर नए स्कूल सौंपे गए हैं, जिन्होंने नई ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से तबादले की मांग की थी। एमसीडी के शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से तबादले संबंधी आवेदन सितंबर में आमंत्रित करना शुरू किया था। अधिकारी ने बताया कि विभाग को लगभग 3000 आवेदन प्राप्त हुए और एमसीडी स्कूल के 99 प्रधानाचार्यों सहित 1649 शिक्षकों का तबादला किया गया।

एमसीडी के शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है, सभी प्रधानाचार्यों, शिक्षकों (प्राथमिक) शिक्षक (नर्सरी) को निर्देश दिया जाता है कि वे पांच जून को औपचारिक रूप से कार्यमुक्त होने और कार्यभार ग्रहण करने के लिए जोनल डीडीई को रिपोर्ट करें। यह एक आरंभिक योजना का हिस्सा था और उम्मीद है कि इसे सभी विभागों में अपनाया जाएगा। अधिकारी ने बताया, हमने शिक्षा प्रणाली में एक आरंभिक योजना शुरू की और हमें तबादलों के लिए 3000 आवेदन प्राप्त हुए। शिक्षकों और प्रधानाचार्यों से 3000 आवेदन प्राप्त करने के बाद, हम प्रधानाध्यापकों सहित 1649 शिक्षकों का तबादला करने में सक्षम रहे।

उन्होंने बताया, निष्पक्षता सुनिश्चित करने और कर्मचारियों के कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए तबादला प्रक्रिया में कड़े मानदंड निर्धारित किए गए हैं, जिनका उपयोग समिति प्रत्येक आवेदन का मूल्यांकन करने के लिए करती है। ज्ञात हो कि नगर निगम के शिक्षकों के तबादले काफी दिनों से विचाराधीन थे। सत्ता पलट के बाद इसपर फैसला ले लिया गया।

### बलात्कार व हत्या के मामले में युवक को अदालत से उम्रकैद की सजा

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने 2015 में छह साल की बच्ची के अपहरण, बलात्कार और हत्या के मामले में बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि दोषी ने नृशंसतापूर्वक बलात्कार और हत्या की है। यह कृत्य इतना वीभत्स और अमानवीय था कि दोषी अदालत से किसी भी तरह की दया या सहानुभूति के लायक नहीं है। रविंदर नामक व्यक्ति को छह मई को दोषी करार दिया गया। सहायक सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार ने कहा, अपराध दुर्लभ से दुर्लभतम की श्रेणी में नहीं आता है...लेकिन दोषी का कृत्य इतना वीभत्स और अमानवीय था कि वह अदालत से किसी भी तरह की दया या सहानुभूति के लायक नहीं है। न्यायाधीश ने कहा कि यह अपराध किसी शिकारी की हरकत से कम नहीं है और इसने समाज की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। न्यायाधीश ने कहा, बच्ची से यह उम्मीद नहीं की जा सकती है कि वह दोषी को उसका यौन उत्पीड़न करने और उसे मारने के लिए उकसाएगी।

# धूल भरी आंधी के साथ बारिश से बदला मौसम का मिजाज

- गर्मी से राहत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होनेकी वजह से मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है : आईएमडी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


आंधी के दौरान खुद का बचाव करते लोग।

दिल्ली के कई इलाकों में गुरुगुवार शाम को हल्की बारिश से मौसम सुहाना रहा। दिल्ली और इसके आसपास इलाकों में आंधी के बाद झमाझम बारिश हुई। मौसम विभाग ने 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई थी।

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होनेकी वजह से मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है।

मौसम विभाग का कहना हैकि 28 मई तक मौसम में लगातार बदलाव जारी रह सकता हैं, जिसमें बारिश होने और आंधी चलने की काफी संभावनाएं हैं। दिल्ली में बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम 22.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दोपहर या शाम के समय अधिकतर स्थानों पर आमतौर पर आसमान में बादल छाए रहे और साथ ही हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश तथा गरज के साथ छींटे भी पड़े। उधर, नोएडा में तेज हवा के साथ गुरुगुवार शाम बूंदाबांदी हुई। ओलेभी गिरे, जिससे शाम को मौसम सुहावना हो गया। सुबह से ही बादलों की आवाजाही रही, लेकिन दिन गर्म रहा। शाम करीब छह बजे तेज हवा चलने के साथ ही बूंदाबांदी शुरू हुई और नोएडा के कई स्थानों पर ओलेभी गिरे। लगभग 15 मिनट तक तेज हवा और बूंदाबांदी हुई।

इसके बाद ठंडी हवा ने राहत दी। नोएडा-ग्रेटर नोएडा का अधिकतम तापमान 36.4 दर्ज किया गया। न्यूनतम 22 डिग्री रहा। 51 प्रतिशत नमी रही। चार दिनों तक इसी तरह के मौसम का पूर्वानुमान है। 29 मई तक अधिकतम तापमान 35 डिग्री से कम रहने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। 29 मई को बादलों की आवाजाही रह सकती है। 30 मई से गर्मी बढ़नेकी संभावना है।

# ताजपुरिया मामले में हाईकोर्ट ने अधिकारियों से तिहाड़ जेल की सुरक्षा पर उठाये सवाल

- पूछा-घटना होती रही और पुलिस कैसे रोकने में नाकाम रही

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को तिहाड़ जेल के अधिकारियों से सवाल किया कि उच्च सुरक्षा वाले कारावास में कुख्यात अपराधी टिल्लू ताजपुरिया की उसके प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों ने धारदार हथियार से हत्या कैसे कर दी जबकि सुरक्षाकर्मियों ने सीसीटीवी कैमरों पर घटना को लाइव देखा। अदालत ने जघन्य हमले को रोकने के लिए कार्रवाई करने में देरी पर जेल अधिकारियों से सवाल पूछे। उच्च न्यायालय ने पूछा कि जेल परिसरों में तैनात सुरक्षा कर्मियों के पास बातचीत के लिए वॉकी टॉकी क्यों नहीं होते और उसने इसे अस्वीकार्य बताया।

न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा, मुझे यह बात परेशान कर रही है कि इस घटना को सीसीटीवी कैमरों पर देखा गया। पुलिस को इतना समय कैसे लग सकता है कि घटना होती रही और वह रोक नहीं सकी। उन्होंने सरकार के वकील से पूछा कि जेल और निगरानी क्षेत्र में क्या अंतर है। उच्च न्यायालय ताजपुरिया के पिता और भाई की याचिका पर सुनवाई कर रहा है जिसमें दो मई को तिहाड़ जेल परिसर में नृशंस हत्या के मामले में सीबीआई जांच कराने की मांग की गई है। सरकार की ओर से अतिरिक्त स्थाई वकील राहुल त्यागी ने कहा कि निगरानी क्षेत्र जेल से 600 मीटर दूर है। उन्होंने अदालत को बताया कि घटना में शामिल रहे कैदियों को ताजपुरिया की हत्या के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा, मैं आपको आश्वस्त कर रहा हूं कि अगर बाहर का कोई शामिल है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# तालाबों के सौंदर्यीकरण का काम 30 जून से पहले हो पूरा : निशांत यादव

## डीसी ने जिला के विभिन्न गांवों के तालाबों के सौंदर्यीकरण कार्यों का लिया जायजा

## कहा, अमृत सरोवर में बन रहे तालाबों पर और अधिक मजदूर लगाकर तेजी से कार्य कराएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के गांवों में तालाबों का निरीक्षण करने पहुंचे डीसी निशांत कुमार यादव।

**जिला** के विभिन्न गांवों में अमृत सरोवर अभियान के तहत बन रहे तालाबों का गुरुवार को जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी सबंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अमृत सरोवर के तहत बन रहे तालाबों पर और अधिक मजदूर लगाकर तेजी से कार्य कराएं। तालाबों पर नरेगा के तहत कायज़ कराकर पौधारोपण व सौंदर्यीकरण कराया जाए।

डीसी ने सबसे पहले गांव खेड़ा खुर्रमपुर व जराउ में नरेगा के तहत किए जा रहे तालाब के सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान खंड एवं विकास पंचायत अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि इन दोनों तालाबों के सौंदर्यीकरण का कार्य अभी प्रगति पर है। दोनों तालाबों पर ट्रैक का काम पूरा करने के लिए कुछ और फण्ड की आवश्यकता है। डीसी यादव ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि तालाबों का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए।

उन्होंने कहा कि जिला में अमृत सरोवर अभियान के सफल क्रियान्वयन में फंड की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। तालाबों के सौंदर्यीकरण को लेकर जो भी आवश्यकता है उसका एस्टीमेट तैयार करवाकर उनके कार्यालय भिजवाया जाए।

डीसी यादव ने अपने निरीक्षण दौरे में गांव महचाना में एक एनजीओ के माध्यम से विकसित किए जा रहे तालाब का भी निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने डीसी को बताया कि गांव में विकसित किए जा रहे तालाब में यदि गांव के नजदीक से गुजरने वाली नहर से पानी की सप्लाई मिल जाए तो गांव के जल स्तर में सुधार हो सकता है। डीसी ने सिचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की मांग के आधार पर सिंचाई विभाग, नहर से तालाब तक पाइपलाइन बिछवाने का एस्टीमेट तैयार करवाना सुनिश्चित करे। निरीक्षण दौरे में डीसी ने गांव बासुन्डा में हरियाणा तालाब और अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा विकसित किए जा रहे तालाब का भी निरीक्षण किया।

## अतुल कटारिया फ्लाईओवर भार परीक्षण के लिए 31 तक बंद

**गुरुग्राम।** सुरक्षा संबंधी मानकों के अवलोकन के लिए लेफ्टीनेंट अतुल कटारिया चैक फ्लाईओवर पर अगले एक सप्ताह तक यातायात प्रभावित रहेगा। 25 मई से

27 मई तक कापसहेड़ा से बस अड्डे की ओर तथा 28 से 31 मई तक बस अड्डे से कापसहेड़ा की ओर जाने वाली लेन पर यातायात बंद रखा जाएगा। इस अवधि में फ्लाईओवर तक भार परीक्षण संबंधी कार्य किए जाने हैं। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि नियमित परीक्षण व सुरक्षा संबंधी मानकों के अवलोकन का कार्य लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया चैक फ्लाईओवर पर किया जाना है। इसलिए फ्लाईओवर तक सामान्य यातायात प्रभावित रहेगा। फ्लाईओवर के नीचे के मार्ग पर चलने वाले यातायात पर इस कार्य का प्रभाव नहीं पड़ेगा और यातायात सुचारू रूप से चलेगा। उन्होंने बताया कि इस अवधि में फ्लाईओवर पर भार परीक्षण सहित दूसरे परीक्षण पीडब्ल्यूडी-बीएंडआर के अधिकारियों की निगरानी में किए जाएंगे। यह कार्य निजी एजेंसी द्वारा संपन्न किया जाना है।

# वॉयस चेंजर पर लड़की की आवाज निकाल पुरुषों को बनाता था शिकार, गिरफ्तार

## आरोपी ने सेक्सटॉर्शन में व्यक्ति को आत्महत्या करने के लिए किया था मजबूर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




पुलिस गिरफ्त में खड़ा ब्लैकमेल करने का आरोपी।

**जिला** के गांव धनकोट में 38 वर्षीय एक व्यक्ति के आत्महत्या के मामले में परिजनों की शिकायत पर तह तक जाकर पुलिस ने खुलासा किया कि मृतक ने दबाव में आत्महत्या की। यह खुलासा मृतक के मोबाइल से हुआ। पुलिस ने इस मामले के आरोपी को दबोच लिया।

मृतक का मोबाइल फोन चेक करने पर पता चला कि उस व्यक्ति को ब्लैकमेल करके उसे आत्महत्या करने पर मजबूर किया गया। मृतक में मोबाइल फोन पर आए मैसेज/वीडियो कॉल व यूट्यूब पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के नाम पर पैसे मांगने की रिकॉर्डिंग व 72800 रुपये की ट्रांजेक्शन की डिटेल भी मिली। इस सम्बन्ध में मृतक की पत्नी की शिकायत पुलिस थाना राजेंद्रा पार्क में केस दर्ज किया गया था। इन्चार्ज पुलिस चौकी धनकोट उप-निरीक्षक प्रदीप कुमार ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मृतक पर मानसिक दबाव बनाकर उसे आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने वाले एक आरोपी को दबोच लिया। उसे नूंह से काबू करके गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान शकील उर्फ शौकीन उम्र 26 वर्ष के रूप में हुई है।

आरोपी से पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर वॉइस चेंजर ब्लूटूथ हैंडसेट के माध्यम से अपनी आवाज को लड़की की आवाज में बदल लेता था। लड़की बनकर लोगों से बात करता। वीडियो कॉल करते समय ये पीछे स्क्रीन पर एक न्यूड वीडियो चलाता। जिसके पास कॉल करता उससे लड़की की आवाज में बात करते हुए स्क्रीन पर चल रही न्यूड वीडियो दिखाता। सामने वाले व्यक्ति को वह न्यूड वीडियो और लड़की की आवाज के साथ चलने पर ऐसा लगता था जैसे कोई लड़की के द्वारा निवस्त्र होकर कॉल की गई है। वह जिस व्यक्ति को कॉल करता था, उसे भी कपड़े उतारने के लिए कहता और उस कॉल को रिकॉर्ड कर लेता।

# नप चेयरपर्सन का मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, ललिता ने खटखटाया दरवाजा

**सोहना।** नगर परिषद चेयरपर्सन का विवादित मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी रही ललिता ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करते हुए नप चेयरपर्सन समेत आठ प्रतिवादी बनाये गए हैं। अदालत ने सुनवाई के बाद सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर दिए हैं। अगली सुनवाई के लिए 10 जुलाई होगी। नोटिस जारी होने से अधिकारियों में हड़कंप व बेचैनी व्याप्त है।

नगरपरिषद चेयरपर्सन अंजू देवी की कुर्सी पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। अंजू देवी ने बीते दिनों चेयरपर्सन पद की शपथ लेकर कार्यभार संभाला था। किंतु इसके विपरीत उनकी मुश्किलें दिनों दिन बढ़ती ही जा रही हैं। नगर परिषद चुनाव में आम आदमी पार्टी की तरफ से प्रत्याशी रही ललिता ने अब सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। ललिता ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके स्टे आदेशों को गलत ठहराया है। याचिका में हरियाणा स्टेट, डायरेक्टर शहरी स्थानीय निकाय विभाग, राज्य चुनाव आयोग, उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, नगरपरिषद सोहना, चैयरमेन बोर्ड ऑफ




स्कूल भिवानी को प्रतिवादी बनाया है। जिस पर सुनवाई करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर दिए हैं।

**कुर्सी पर छाए खतरे के बादल :** नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी की कुर्सी पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। जिसके खिलाफ आपराधिक मामला भी दर्ज हो चुका है। जिसमें आज तक भी जमानत नहीं मिल सकी है। जो अपनी कुर्सी को बचाने के लिए इधर उधर भाग रही है। वहीं नोटिस जारी होने से अधिकारियों में भी बेचैनी व्याप्त है।

**क्या है मामला :** जून 2022 में भाजपा उम्मीदवार अंजू देवी ने चेयरपर्सन पद के चुनाव में आप उम्मीदवार ललिता की करीब 1800 मतों से शिकस्त दी थी। आप उम्मीदवार ललिता ने विजयी उम्मीदवार की शैक्षिणिक मार्कशीट को फर्जी करार दिलवा दिया था।

# ट्रांसफार्मर जलने या फटने पर नहीं होगी बत्ती गुल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहरी** के किसी भी मोहल्ले, वार्ड और कॉलोनी के उपभोक्ताओं को बिजली ट्रांसफार्मर जलने या खराब होने घंटों ठप विद्युत आपूर्ति से परेशान नहीं होना पड़ेगा। स्थानीय बिजली निगम ने आपातकाल ट्रॉली ट्रांसफार्मर की सेवा शुरू की हैं। जिससे उपभोक्ताओं के सूचना देने के मात्र 30 मिनट बाद ही बिजली आपूर्ति चालू हो सकेगी।

स्थानीय बिजली निगम ने गर्मी के मौसम में लाइनों पर लगे ट्रांसफार्मर अधिक लोड पड़ने या लाइन में अन्य किसी कारण से ट्रांसफार्मर में आग लगने या फटने से सप्लाई कट से निपटने की नई पहल शुरू की है। नवनियुक्त एसडीओ मुकेश कुमार, जेई सुमित गर्ग व मुस्तकलिन ने मिलकर



बिजली निगम द्वारा तैयार किया गया ट्रॉली ट्रांसफार्मर।

ट्राली ट्रांसफार्मर तैयार किया है। योजना के अनुसार एक विशेष ट्राली तैयार की गई है। जिसमें 200 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा गया। यह ट्रॉली ट्रांसफार्मर शहरी क्षेत्र के किसी भी मोहल्ले, वार्ड और कॉलोनी में ट्रांसफोर्मर जलने पर उस क्षेत्र की बिजली आपूर्ति 10 से 12 घंटा या इससे भी अधिक समय तक उपभोक्ताओं को कट का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस ट्रॉली ट्रांसफार्मर को तुरन्त मौके पर ले जाकर स्थापित किया जाएगा। तुरन्त प्रभाव से बिजली की ठप सप्लाई को चालू किया जाएगा। उसके बाद खराब ट्रांसफार्मर को बदला जाएगा।

> **गर्मी** के मौसम में लाइनों पर विद्युत लोड अधिक हो जाता है। बारिश होने पर लोड कम हो जाएगा, लेकिन उपभोक्ताओं को निगम के द्वारा बिना कट बिजली आपूर्ति की जाएगी।
>
> **मुकेश कुमार**
> **( एसडीओ बिजली निगम )**

**रात्रि सेवा के लिए टीम गठित:** उपभोक्ता बिजली लाइन पर हुई खराब या किसी भी प्रकार के पावर कट की सूचना निगम द्वारा जारी मोबाइल नंबर 8059888472 पर तुरन्त सूचना देनी होगी।

# राव इंद्रजीत ने स्वतंत्रता सेनानी महाशय परमानंद यादव को दी श्रद्धांजलि

**गुरुग्राम।** केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने बुधवार को फरूखनगर ब्लॉक के गांव फजिलपुर बादली पहुंचकर स्वतंत्रता सेनानी महाशय परमानंद यादव के निधन पर अपनी शोक संवेदनाए अर्पित की। स्वतंत्रता सेनानी महाशय परमानंद यादव का 21 मई को 104 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। गांव महाशय परमानंद यादव गुरुग्राम जिला के एकमात्र जीवित स्वतंत्रता सेनानी थे। देश सेवा में उनके योगदान के लिए भारत सरकार ने वर्ष 2018 के गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन में उन्हें राजपथ पर स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में निकाली गई झांकी में भी शामिल किया था। राव ने महाशय परमानंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। उन्होंने दिवंगत महाशय परमानंद के परिजनों से मुलाकात करके शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का देश की आजादी के इतिहास सहित समाज में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर और पथ प्रदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि हमारा यह कर्तव्य है कि हम सभी महाशय परमानंद यादव द्वारा दिखाए गए देश प्रेम के पथ पर आगे बढ़ते हुए देश को विकास एवं आत्मनिर्भरता के शिखर पर ले जाए। इस अवसर पर आसपास के क्षेत्र से आए विभिन्न गणमान्य उपस्थित रहे।

# ग्रंथों के पहले व अंतिम शब्दों में होता है उन ग्रंथों का राज

## युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने की हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम हुई मजबूत

**गुरुग्राम।** श्रीगणेश मंदिर दशहरा ग्राउंड न्यू कॉलोनी की ओर से हनुमान चालीसा के पाठ का संगीतमय तरीके से आयोजन किया गया। इस दौरान 250 से अधिक श्रद्धालुओं ने भक्तिरस का आनंद लिया। युवा और नन्हें बच्चे भी इसमें शामिल रहे।

गजेंद्र गोसाईं ने गणेश वंदन कर गायकी के माध्यम से पहले बोधराज सीकरी की मुहिम का संक्षेप में वर्णन किया। उन्होंने बताया कि 1,80,600 पाठ तीन माह में 27 कार्यक्रमों में अभी तक हो चुके हैं। आने वाले महीनों की बुकिंग विभिन्न स्थानों में हो चुकी है। समापन अवसर पर बोधराज सीकरी ने तुलसीदास जी द्वारा लिखित राम चरित मानस, श्रीगीता, श्रीहनुमान चालीसा और गुरु ग्रंथ साहिब के प्रथम और अंतिम शब्द की व्याख्या भी की। उन्होंने कहा कि ग्रंथों के पहले और अंतिम शब्द में ग्रंथों का राज छिपा होता है। लगभग 5100 हनुमान चालीसा के पाठ श्रीगणेश मंदिर में पूर्ण हुए। इसके अतिरिक्त सुशांत लोक, सी-ब्लॉक में सुबह 20 लोगों ने सात बार पाठ किया। जिसका संचालन सुरेश सीकरी ने किया। जामपुर शिव मंदिर, ईस्ट आफ कैलाश में 30 लोगों ने दस-दस बार पाठ किया। मुहिम के तहत अभी तक 30 स्थानों में 186140 पाठ हो चुके हैं। मंदिर की कमेटी ने खूब भाव से पगड़ी बांधकर बोधराज सीकरी का स्वागत किया।

इस अवसर पर मंदिर के राजेश चानना, विनोद, मदन सतीजा, सुभाष ग्रोवर, दलीप लूथरा (प्रधान आरडबल्यूए), सतीश आहूजा, केंद्रीय सनातन धर्म सभा के प्रधान एसके खुल्लर, राम लाल ग्रोवर, अश्वनी वर्मा, धर्मेंद्र बजाज, रमेश कामरा, ओपी छाबडा, सरदार गुरिन्दर साहनी, नरिंदर कथूरिया, सतपाल नासा, तिलक चानना, रणधीर टन्डन समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर 28 मई को बिजली मंत्री के आवास पर धरना देंगे कर्मचारी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**प्रदेश** के बिजली निगम कर्मचारी 28 मई को राज्य सरकार में विद्युत मंत्री के आवास का घेराव करेंगे। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर 18 सूत्री मांगों को पूरा करा करने की मांग की जाएगी। प्रदेश में बनी प्रत्येक यूनियन से सैकड़ों की संख्या में बिजली कर्मी धरना पर पहुंचेंगे।

गुरुवार को स्थानीय 33केवीए पावर हाउस परिसर में बिजली कर्मचारियों ने ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के तत्वावधान में गेट मीटिंग की। जिसकी अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान प्रेमपाल ने की। मंच का संचालन सुशील कुमार छौंकर ने किया। इस गेट मीटिंग में प्रवक्ता के रूप में विशेष रूप से वरिष्ठ पदाधिकारी विजय पाल को बुलाया गया। इन सबके अलावा सतबीर यादव, पवन कुमार, सुरेन्द्र, अशोक, रामलाल आदि मौजूद थे। बैठक में विशेष प्रवक्ता के रूप में पहुंचे विजय पाल ने कड़े शब्दों में प्रदेश सरकार को



गुरुवार को अपनी मांगों को लेकर 33केवीए पावर हाउस पर गेट मीटिंग करते बिजली कर्मी।

चेतावनी देते हुए 28 मई को राज्य के बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला के निवास पर अपना धरना प्रदर्शन को चुनौतीपूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को अपनी ताकत दिखाने का अवसर बहुत ही जल्द आ रहा है। लेकिन इस बार कर्मचारी जुमलबाजी के भाषणों के बहकावे में आने वाला नहीं है। इस बार आर या पार की लड़ाई लड़ी ही जाएगी। 28 मई को प्रदेश की एक-एक यूनिट से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और आम नागरिक पहुंच रहे हैं। विजयपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार को मांगें मानने वालों पर लाठिया बरसाने की आदत पड़ गई है। 28 मई को राज्य सरकार की लाठियां ही देखनी है।

**इन मांगों को लेकर होगा धरना:** बिजली कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना देंगे। उनमें पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए। कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, एक्सग्रेसिया नीति को समाप्त किया जाए। कौशल रोजगार योजना को तुरन्त प्रभाव से बंद हो। कर्मचारियों का निगम रोल पर रखा जाए। कच्चे कर्मचारियों को भी पक्के कर्मचारी के बराबर छुट्टियां दी जाएं। कर्मचारियों को केस लेस स्वास्थ्य सुविधा दी जाए। विभागों में खाली पड़ें पदों को तुरन्त भरा जाए।

# आध्यात्मिकता से महिला गृहस्थ को बनाती है पावन : डा. प्रवीण खुल्लर

## संत निरंकारी मंडल की सचिव डॉ. प्रवीण खुल्लर ने महिला संत समागम को संबोधित किया

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम




गुरुग्राम में संत निरंकारी मंडल के महिला संत समागम में भजन गाती महिलाएं।

**जीवन** में आध्यात्मिकता और भक्ति के आने से जीवन सहज हो जाता है। महिला अपने गृहस्थ को पावन बना लेती है। यह बात संत निरंकारी मंडल की सचिव डॉ. प्रवीण खुल्लर ने गुरुवार को गुरुग्राम के महिला संत समागम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि हर एक्शन का रिएक्शन होता है। जब नाता प्रभु निरंकार से जुड़ जाता है, जीवन में भक्ति आ जाती है तो रिएक्शन रिस्पांस में तब्दील हो जाता है। विवेकपूर्ण तरीके से दिया गया जवाब किसी नुकसान का कारण नहीं बनता। यदि व्यक्ति से किसी गलती या कारण से दूसरे का नुकसान भी हो जाता है तो उसे तुरंत रिएक्शन न करके प्रेम पूर्वक रिस्पांस करना चाहिए।

उन्होंने फरमाया कि आज हमारे बीच सतगुरु माता सुदीक्षाजी महाराज भी एक नारी के रूप में है और निरंतर उनका आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। इस परमपिता परमात्मा निरंकार के साथ जुड़कर प्रत्येक अपने जीवन को सरल, सहज और सुकूनमय बना रहा है। महिला संत समागम में गुरुग्राम जिले की महिला संत बहनों ने भाग लिया और व्याख्यान, भजन, गीत, कविता और स्किट के माध्यम से अपने भक्ति भरे और श्रद्धा पूर्वक भाव व्यक्त किए।

सभी ने आपसी प्रेम, मिलवर्तन, एक दूसरे को स्वीकार करने और प्रेरणा देने के संदेश दिए। स्थानीय संत निरंकारी सत्संग भवन सेक्टर-31 पर आयोजित महिला संत समागम पर गुरुग्राम की संयोजक निर्मल मनचंदा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# धूप से त्वचा की रक्षा के लिये करें हर दिन सनस्क्रीन का इस्तेमाल : डॉ विदुषी जैन, त्वचा रोग विशेषज्ञ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एक** खूबसूरत त्वचा व्यक्ति की खूबसूरती में चांद लगा देती है, लेकिन कई बार बदलते मौसम की मार से त्वचा की खूबसूरती को बचाना काफी मुश्किल होता है। जैसा कि गर्मी के बढ़ते प्रकोप में देखा जा सकता है, जब लोग तेज धूप में बाहर निकलने से बचते नजर आते हैं। दरअसल, गर्मी की धूप में सूर्य की तेज रोशनी से निकलने वाली खतरनाक अल्ट्रा वायलेट किरणें हमारी त्वचा को बहुत नुकसान पहुंचाती है, जिससे बचने के लिये विभिन्न प्रकार के लोशन आदि का इस्तेमाल किया जाता है।

हालांकि पिछले 40 वर्षों से गर्मी में अल्ट्रा वायलेट किरणों से त्वचा के बचाव के लिये सनस्क्रीन लोशन का इस्तेमाल लोकप्रिय रहा है। यह विभिन्न अवशोषण पहुंच के साथ कार्बनिक एवं अकार्बनिक फिल्टर के रूप में अल्ट्रा वायलेट किरणों से त्वचा को बचाता है।



अमेरिकन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी, ब्रॉड स्पेक्ट्रम (यूवीए और यूवीबी किरणों से बचाने वाली), 30 एसपीएफ या उससे अधिक और जल अवरोधी सनस्क्रीन का प्रयोग करने का सलाह देता है।

इस बारे में गाजियाबाद की त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ विदुषी जैन कहती हैं कि गर्मी की तेज धूप से त्वचा का बचाव करने के लिये सनस्क्रीन का इस्तेमाल आवश्यक है, मगर लोगों को इसके सही तरीके से प्रयोग की जानकारी होनी चाहिये। आगे बताते हुए उन्होंने कहा कि इसके इस्तेमाल से पूर्व कुछ बिंदुओं पर गौर करने की जरूरत है, जो निम्नलिखित हैं।

अपनी खुली त्वचा को ढंकने के लिये पर्याप्त रूप से सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। सनस्क्रीन को अपने पैरों, गर्दन, कानों, और माथे पर अच्छी तरह लगाना न भूले। रूखी त्वचा वाले व्यक्ति बाहर जाने से 15 मिनट पहले सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। अगर आप बाहर हों, तब सनस्क्रीन की बोतल पर दिये गये निर्देश के अनुसार प्रत्येक 2 घंटे बाद, तैराकी करने के बाद या फिर पसीना निकलने के बाद पुन: सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। केवल बाहर रहने के दौरान ही नहीं बल्कि हफ्ते में प्रतिदिन सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। ऐसा बिल्कुल न सोचे कि जल अवरोधी या वाटर प्रूफ सनस्क्रीन का असर ज्यादा लंबे समय तक रहता है, बल्कि हर 2 घंटे बीत जाने पर पुन: लगाएं। अपने सनस्क्रीन की समाप्ति तारीख के बाद, उसका इस्तेमाल न करें। राष्ट्रीय सनस्क्रीन जागरूकता माह के अवसर पर आइए, हम सब त्वचा की रक्षा के लिये प्रतिदिन सनस्क्रीन लगाने का संकल्प करें।

# पशुपालक किसान क्रेडिट कार्ड योजना का उठाएं लाभ

## सालाना 7 प्रतिशत साधारण ब्याज दर पर बैंक द्वारा दिया जाएगा ऋण

**गुरुग्राम।** पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना का किसान ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसानों को गाय, भैंस, भेड़, बकरी, सूकर, मुर्गी के रखरखाव के लिए तीन लाख रुपए तक का ऋण देने का प्रावधान है, ताकि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। छोटे किसानों को पशुपालन व अन्य स्रोतों से होने वाली आय को बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना क्रियान्वित की जा रही है।

पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसान अपने पशुओं की देखभाल के लिए होने वाले खर्च के लिए पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सकता है। कोई भी पशुपालक एक लाख 60 हजार रुपए तक की राशि की लिमिट तक का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बिना कोई जमीन गिरवी रखे व बिना किसी गारंटी के कोलैटरल सुरक्षा बनवा सकता है। यदि कोई पशुपालक इस राशि से अधिक लिमिट का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बनवाना चाहता है तो उसे अपनी जमीन या कोई जमानत देना अनिवार्य होगा।

**केवल 4 प्रतिशत के हिसाब से करना होगा भुगतान :** डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड धारक को सालाना 7 प्रतिशत साधारण ब्याज दर पर बैंक द्वारा ऋण दिया जायेगा। यदि कार्डधारक अपने ऋण का समय पर भुगतान करता है तो उसे केंद्र सरकार की तरफ से 3 प्रतिशत ब्याज दर का अनुदान दिया जायेगा। उस पशुपालक को यह ऋण केवल 4 प्रतिशत के हिसाब से चुकाना होगा। उन्होंने बताया कि 7 प्रतिशत ब्याज दर के हिसाब से अधिकतम 3 लाख रुपये तक की ऋण राशि पर केंद्र सरकार की ओर से 3 प्रतिशत ब्याज दर का अनुदान दिया जायेगा। कार्डधारक द्वारा ऋण की राशि जरूरत के अनुसार समय-समय पर ली जा सकती है।

# आप ने उमेश अग्रवाल को बनाया प्रदेश सचिव

## पूर्व विधायक के अलावा कई अन्य कार्यकर्ताओं को भी मिले पद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**आम** आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को अपनी प्रदेश इकाई में पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल को प्रमुख सचिव बनाने के साथ गुरुग्राम के सदस्यों को प्रदेश संगठन में अहम जिम्मेदारियां सौंपी हैं। पिछले काफी समय से आप की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में जुटे लोगों को प्रदेश संगठन में मुख्य जिम्मेदारियां दिये जाने से पार्टी की गतिविधियों में तेजी आने की संभावना के रूप में देखा जा रहा है।

बुधवार को प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों की घोषणा में पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल को वरिष्ठता क्रम में प्रमुख सचिव बनाया गया है। इनके साथ ही गुरुग्राम से बीर सिंह सरपंच, अनुराधा शर्मा व डॉ. श्याम लाल को राज्य संयुक्त सचिव, मुकेश वर्मा को सोशल मीडिया का राज्य समन्वयक, डॉ. सारिका वर्मा को चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष, जावेद अहमद को अल्पसंख्यक विंग का प्रदेशाध्यक्ष, धीरज यादव को ओबीसी विंग का प्रदेशाध्यक्ष व सतबीर सिंह को ट्रांसपोर्ट विंग का प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया है। इनके साथ ही प्रियदर्शनी सिंह को युवा विंग का प्रदेश उपाध्यक्ष, एडवोकेट अशोक वर्मा को प्रदेश लीगल विंग का संयुक्त सचिव, मीनू सिंह को महिला विंग व मंजू सांकला को महिला विंग की प्रदेश सयुंक्त सचिव नियुक्त किया गया है। विजेन्द्र जिन्दल को व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश संयुक्त सचिव बनाया गया है। इस बार संगठन की संरचना लोकसभानुसार की गई है। जिनमें मुकेश डागर कोच को गुरुग्राम लोकसभा अध्यक्ष, पुष्पा भारद्वाज, नवीन दहिया व जफरुद्दीन को लोकसभा उपाध्यक्ष, राजीव यादव को लोकसभा सचिव व मुकेश चैधरी को लोकसभा संयुक्त सचिव बनाया गया है। धर्मेन्द्र खटाना को गुरुग्राम के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव बनाये गये पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने कहा कि गुरुग्राम के सदस्यों को प्रदेश संगठन में अहम जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

ये सभी लोग पहले से ही पार्टी का जनाधार बढ़ाने में जुटे थे। अब संगठन में जिम्मेदारी मिलने से ये सभी और अधिक उत्साह से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। उमेश अग्रवाल ने कहा कि पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष बनाये गये राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता पहले से ही पूरे प्रदेश में सक्रियता से काम करते रहे हैं। पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने कहा कि वे शीघ्र ही पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद डॉ. सुशील गुप्ता के साथ बैठक कर पूरे हरियाणा में व्यापाक जनसंपर्क अभियान चलाने व पार्टी की जन हितैषी नीतियों से आम लोगों को अवगत कराने के लिए प्रदेश भर का दौरा करने का कार्यक्रम तय करेंगे।

# आपदा के समय बरती जाने वाली सावधानियों की होनी चाहिए जानकारी

## जिला सचिवालय में किया गया मॉक ड्रिल, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग व रेडक्रॉस की भागीदारी जांची

## कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन को लाइव देखकर ली जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**जिला** सचिवालय में सायरन बजने के साथ ही रेस्क्यू करने का कार्य शुरू किया गया। एनडीआरएफ की टीम ने लघु सचिवालय पलवल में गुरूवार को मॉक ड्रिल अभ्यास किया। जिसमें सभी संबंधित विभागों ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियों के साथ भाग लिया। इनमें अग्निशमन, पुलिस, जिला रेडक्रॉस सोसायटी, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों की टीम ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। मॉक ड्रिल अभ्यास के दौरान एडीसी डॉ. आनंद शर्मा, एसडीएम शशि वसुंधरा, नगराधीश द्विजा, डीएसपी शाकिर हुसैन, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव वाजिद अली, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता नरेंद्र यादव सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने मौजूद रहकर आपदा के समय जानमाल की सुरक्षा के लिए बरती जाने वाली सावधानियों और रेस्क्यू में अपनाई जाने वाली तकनीक का अवलोकन किया।


मॉक ड्रिल के बाद कर्मचारियों से जानकारी लेते हुए एसडीएम शशि वसुंधरा व अन्य

एनडीआरएफ, पुलिस, अग्निशमन विभाग और रेडक्रॉस की टीम द्वारा जिला सचिवालय की बिल्डिंग के तीनों फ्लोर पर मिलने वाले विक्टिम्स को स्टेबलाइज किया गया। रेस्क्यू के दौरान टीम के सदस्यों ने विक्टिम को स्ट्रेचर के माध्यम से रेडक्रॉस प्राथमिक उपचार टीम के पास ले जाकर प्राथमिक उपचार देने के बाद रिस्पॉन्स टाइम के अंदर पहुंची एंबुलेंस द्वारा उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। एनडीआरएफ टीम ने ग्राउंड फ्लोर का डोर काट कर सदस्यों को भवन के अंदर भेजा और सीढ़ियों की सहायता से दूसरी व तृतीय फ्लोर से विक्टिम्स को स्ट्रेचर पर सही तरीके से बांधकर बाहर निकाला। इस दौरान एनडीआरएफ, पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने आपस में निरंतर वॉकीटॉकी द्वारा समन्वय बनाकर बिल्डिंग में फंसे सभी विक्टिम्स को बाहर निकाला। इसके उपरांत रेस्क्यू टीम ने आपदाग्रस्त बिल्डिंग में फाइनल सर्च रेस्क्यू किया, ताकि कोई विक्टिम भवन में फंसा हुआ न रह गया हो। आपदा प्रबंधन की इस पूरी प्रक्रिया को सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने लाइव देखा और भविष्य में प्राकृतिक आपदा के समय स्वयं के साथ-साथ दूसरों की जानमाल की सुरक्षा करने में सहायक समस्त तरीकों की जानकारी ली।

एडीसी डॉ. आनंद शर्मा ने कहा कि सभी आमजन को प्राकृतिक आपदा के समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी अवश्य होनी चाहिए, ताकि समय रहते भूकंप, बाढ, आगजनी जैसे प्रकोप से जान-माल की सुरक्षा की जा सके।

एसडीएम शशि वसुंधरा, नगराधीश द्विजा ने संयुक्त रूप से एनडीआरएफ की टीम के निरीक्षक चंदन सिंह से आपदा के दौरान रेस्क्यू करने में इस्तेमाल किए जाने वाले कटिंग इक्विपमेंट, जेनरेटर, जीपिंग, आरा, ड्रील, लकडी व लोहा को काटने में इस्तेमाल होने वाली कटर, कंटीमिनेशन मॉनिटर, रेडिएशन सर्वे मीटर, रेमसेट सहित सभी उपकरणों व मशीनों के बारे में जानकारी ली।

एसडीएम शशि वसुंधरा ने रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद जिला सचिवालय में स्थित अपने कार्यालय में रेस्क्यू टीम के सभी सदस्यों के साथ बैठक कर धन्यवाद किया। सभी से आपदा के समय किए जाने वाले कार्यों के सुझाव भी साझे किए। उन्होंने एनडीआरएफ टीम द्वारा सभी लघु सचिवालय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के समक्ष रेस्क्यू ऑपरेशन कर उन्हें जागरूकता व सजग रहने के लिए प्रेरित करने के लिए विशेषकर धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए ताकि लोगों में और अधिक जागरूकता आएं और आमजन आपदा से निपटने में सक्षम बने।

# विधायक नरेंद्र गुप्ता ने ली 26 सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्यों की बैठक


प्रधानाचार्यों व शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में चर्चा करते विधायक नरेंद्र गुप्ता।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

## सरकारी स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूती, परीक्षा परिणाम सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**फरीदाबाद** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने विधानसभा के अंतर्गत आने वाले 26 सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्यों के साथ अपने कार्यालय पर बैठक ली। इस दौरान जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। विधायक ने सरकारी स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान कई स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने विधायक को अवगत कराया कि स्कूल में कमरों का निर्माण कार्य काफी अर्से से अधूरा पड़ा है। इसके अलावा कई स्कूलों में इमारतों की हालत खराब है। ऐसे में विधायक ने इस मामले में स्कूलों का निरीक्षण कर इसका समाधान निकालने का आश्वासन दिया और इस बावत जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए। इसके अलावा उनकी विधानसभा क्षेत्र में आने वाले सरकारी स्कूलों में जिन स्कूलों को वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहेगा, उनके प्रिंसिपल व अध्यापकों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे स्कूल के प्रिंसिपल व अध्यापकों को प्रोत्साहन मिलेगा। विधायक ने स्कूलों में अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को लेकर भी निगमायुक्त से इस बारे में बात करने तथा अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करवाने की बात कही। इसके अलावा सेक्टर-7 के सरकारी स्कूल के आसपास असामाजिक तत्वों द्वारा परेशान करने की शिकायत पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने तुरंत संज्ञान लेते हुए स्थानीय पुलिस को इस मामले में एफआईआर कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि सभी सरकारी स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारें। इसके लिए वे हर संभव सहयोग के लिए तैयार हैं तथा इसी कड़ी में सरकारी स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए भी वे कार्य कर रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

### मसूरी में दोस्तों के साथ घूमने गए पलवल के युवक की मौत

**पलवल।** पलवल जिले का एक युवक दोस्तों के साथ मसूरी घूमने गया और कैंपटी फॉल में गिर गया। हादसे में घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। होडल थाना पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर धारा 174 की कार्रवाई की है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। गांव बेढा पट्टी निवासी प्रताप ने होडल थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उसका छोटा भाई 35 वर्षीय प्रदीप अपने चार दोस्तों के साथ मसूरी घूमने गया था। बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे कैंपटी फॉल में नहाते समय प्रदीप का पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया। हादसे में प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रदीप के दोस्त उसे तुंरत उपचार के लिए निजी अस्पताल में ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रताप ने बताया कि प्रदीप शादीशुदा था तथा उसके दो बच्चे हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई करके शव का पोस्टमार्टम करा दिया है। शव परिजनों को भी दे दिया गया है।

### जींद रैली में शामिल होंगे पीडब्ल्यूडी यूनियन के कर्मचारी

**पलवल।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन ने सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के तत्वावधान में जींद में आयोजित होने वाली चेतवानी रैली के लिए वीरवार को पीडब्ल्यूडी के तीनों विभागों में संपर्क अभियान चलाया। अभियान में यूनियन के राज्य उप प्रधान राकेश तंवर, जिला प्रधान रमेश डागर, विपिन शर्मा, भूदेव शर्मा, हरकेश सौरोत, सतपाल करहाना व रुपचंद डागर शामिल रहे। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राकेश तंवर ने बताया कि यूनियनों ने पूर्ववर्ती हुड्डा सरकार से 2014 में संघर्ष करके कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, पंजाब के सामान वेतनमान देने और कैशलैस चिकित्सा सुविधा आदि मांगों को लेकर यूनियनों ने बड़े संघर्ष के बाद नीति बनवाई थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने समीक्षा के नाम पर दबाए रखा है। मेडिकल चिकित्सा भत्ता 1000 रुपये से बढ़ा कर 3000 रुपये मासिक किया जाए। उन्होंने आगे बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में कौशल रोजगार निगम में कर्मचारियों का नाम गलत दर्ज किया जा रहा है, ना ही पोर्टल पर कर्मचारियों का अनुभव दर्ज किया जा रहा है। सिंचाई विभाग, भवन एवम सड़क निर्माण व जन स्वास्थ्य विभाग से सैकड़ों कर्मचारी जींद रैली में शामिल होंगे।

### जूट बैग प्रशिक्षण का समापन एवं मूल्यांकन किया




**पलवल।** पीएनबी आरसेटी पलवल परिसर में 13 दिवसीय जूट बैग उद्यमी बैच का समापन हुआ। जिसमें गांव अल्लीका कि 33 महिलाओं ने हिस्सा लिया। श्रीराम संजीवन ईडीपी एसेसर एवं कोमल ने सभी प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ओम प्रकाश एंडले एलडीएम एवं संतराम डागर पलवल रहे। उन्होंने सभी महिलाओं को रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों से लोन दिलवाने का भरोसा दिया। रवि शर्मा, निदेशक, पीएनबी आरसेटी ने बताया कि यह संस्थान वर्ष 2011 से बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए स्वरोजगार की ट्रेनिंग प्रदान कर रहा है। पलवल जिले का कोई भी बेरोजगार युवक या युवती निशुल्क ट्रेनिंग लेकर के अपना रोजगार स्थापित कर सकता है। छोटे-छोटे कार्य से ही बड़ा बिजनेस स्थापित होता है। इस अवसर पर मेमबती, कोमल, काजल, ममता, तन्नू, पूनम, भारती इत्यादि महिलाओं ने भाग लिया।

### महिला से घर में घुसकर छेड़छाड़ कर मारपीट की

**पलवल।** मायके गई महिला से कुछ लोगों ने घर में घुसकर छेड़कर की व विरोध करने पर मारपीट पर जख्मी कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चांदहट थाना प्रभारी कैलाशचंद के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दी शिकायत में कहा है कि वह होडल थाना स्थित अपनी ससुराल से अपने मायके मां व भाभियों से मिलने के लिए आई थी। शाम के समय वह अपने बड़े भाई के घर पर अकेली थी। उसी दौरान बल्लभगढ़ के जवां गांव निवासी पवन अपने एक अन्य साथी के साथ वहां पहुंचा। पवन के साथी ने उनके घर का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया। उसका आरोप है कि पवन ने आते ही उसे बैड पर गिरा कर उसके कपड़े फाड़ दिए। उसने विरोध किया और जोर-जोर से चिल्लाई तो पवन ने उसके सिर, पेट व छाती में लात-घूंसे मारे और जान से मारने की नीयत से उसका गला दबा दिया। शोर सुनकर उसकी भाभी व मां वहां पहुंची और अंदर से बंद दरवाजे को खुलवाने के लिए पीटने लगी। इसके बाद पवन इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर दरवाजा खोल कर भागने लगा। दरवाजे पर उसकी मां व भाभी खड़े हुए थे, लेकिन आरोपी उन्हें धक्का देकर अपने साथी के साथ भाग गया। उसने पूरी घटना के बारे में अपनी मां व भाभी को बताया, तो उन्हें उसके भाई को बुला लिया। भाई उसको इलाज के लिए नागरिक अस्पताल ले गया। डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। विवाहिता अपने साथ हुई घटना औा धमकियों से डरी व सहमी हुई है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में कराया योग अभ्यास



**पलवल।** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन पलवल व हरियाणा योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून को होने वाला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में तैयारी के लिए छात्रों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल आगरा चौक में योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में सामान्य योग अभ्यास का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह रावत ने की तथा संयोजन राजेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर गुरमेश सिंह ने सबसे पहले प्रार्थना के उपरांत ग्रीवा चालन, स्कंद संचालन, कटी चालन, घुटना संचालन के साथ ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, स्वशकासन, दंडासन, पवनमुक्तासन के अलावा प्राणायाम में कपालभाति, अनुलोम विलोम, शीतली, भ्रमरी, ध्यान योग का अभ्यास कराया गया।

### राजकीय स्कूल में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगा



**फरीदाबाद।** राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबलेंस ब्रिगेड के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविरि का आयोजित किया गया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि विद्यालय की कक्षाओं में अध्ययनरत छात्राओं की स्वास्थ्य की जांच एआईआईएमएस से आई टीम द्वारा की गई। सर्जन तथा उनकी टीम के सहयोगियों द्वारा सभी छात्राओं का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, हाइट, वेट तथा बीएमआई आदि की जांच की गई। चिकित्सकों के दल ने सभी को हृदय आघात, मधुमेह, ब्लड प्रेशर, नशे से दूर रहने तथा बॉडी मास इंडेक्स से संबंधित जानकारी सांझा कर बताई। प्राचार्य ने ताजी सब्जियां, फल, अंकुरित अन्न, व्यायाम, सिटरस फ्रूट्स, हरी पत्तेदार सब्जियों का अधिक से अधिक सेवन करने का परामर्श दिया।

# डीसीपी व एसडीएम ने किया सरल सेवा केंद्र का निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसीपी** ट्रैफिक अमित यशवर्धन और एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल ने सेक्टर-12 लघु सचिवालय में स्थित सरल सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सरल सेवा केंद्र में कार्यरत कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में ऑनलाइन सुविधा है, उसे निर्धारित समय जरूर पूरा करना सुनिश्चित करें। आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए।

डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन ने ड्राइविंग लाइसेंस के लिए ले रहे प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ड्राइविंग के दौरान सड़क सुरक्षा नियमों की पालना सुनिश्चित करें। अमित यशवर्धन ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा की नियमों के अनुसार पालना करोगे तो निश्चित तौर पर ड्राइविंग करते समय आप स्वयं को दुर्घटना से बचाव करके अन्य लोगों को भी जागरूकता करेंगे। सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करके ड्राइविंग के दौरान स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित रखेंगे। एसडीएम ने सड़क सुरक्षा का उल्लंघन करने पर लोगों में कितना कितना जुर्माना सड़क सुरक्षा की हिदायतों के अनुसार लगाया जाता है, इसके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने ट्रैफिक नियमों के बारे में प्रशिक्षुओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने लोगों से अपील कर कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय दोनों सवारियां हेलमेट अवश्य लगाएं।



# राजन मुथरेजा के नेतृत्व में वरिष्ठ समाजसेवियों ने थामा भाजपा का दामन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

## राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से काम करने वाले लोगों का भाजपा में स्वागत : मूलचंद मित्तल

**भाजपा** जिला कार्यालय अटल कमल पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा ने जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा और जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल की उपस्थिति में फरीदाबाद के कुछ वरिष्ठ समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों को भाजपा ज्वाइन कराई।

गोपाल शर्मा ने उनको पटका पहनकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका पार्टी में स्वागत किया व पार्टी की सदस्यता दिलवाई। इस अवसर पर राकेश सचदेव, उमीशा सचदेव, अरुण शर्मा, प्रियंका शर्मा, उपकार सिंह, भूपिंद्र श्योराण, गुरमीत सिंह, बलवीर सिंह, शेखर गोयल, राजीव भाटिया, मंजू देशवाल, मोनिका भाटिया, शाजिया, रमेश दुआ आदि लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। गोपाल शर्मा ने इस उपलक्ष्य में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और कुशल नेतृत्व में देश हर मोर्चे पर आगे बढ़ रहा है। मोदी के नौ वर्षों में चीन, नेपाल और पड़ोसी देशों से सीमा विवाद को दूर किया गया और भारत का विश्व में मान बढ़ा है। मूलचंद मित्तल ने कहा कि भाजपा मिशन 2024 को लक्ष्य मानकर जिले में अपने संगठन को मजबूत कर रही है।

बूथ को मजबूत करने के लिए फरीदाबाद जिले के सभी बूथों पर पन्ना प्रमुख तय किये जा रहे हैं। राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से काम करने वाले लोगों का भाजपा में स्वागत है और समाज के प्रतिष्ठित समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों के जुड़ने से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। राजन मुथरेजा ने सभी वरिष्ठ लोगों का भाजपा कार्यकर्ता के रूप में जुड़ने पर स्वागत किया।

# बेटी की मौत से आहत मां ने अस्पताल में दम तोड़ा

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ में युवती की मौत के बाद उसकी मां की भी बुधवार की रात मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बेटी की मौत को मां सहन नहीं कर सकी और उसकी मौत हो गई। आदर्श नगर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल में रखवा दिया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

थाना आदर्श नगर प्रभारी कुलदीप ने बताया कि बिहार निवासी जितेंद्र सिंह गुजरात में नौकरी करता है। पत्नी जयमाला देवी दो बच्चों के साथ आदर्श नगर में किराए पर रहती थी। मंगलवार को उसकी बेटी शालू कुमारी की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने आनंद कुमार पर केस दर्ज कर लिया है।

# हरेंद्र भाटी बने आम आदमी पार्टी फरीदाबाद के शहरी जिलाध्यक्ष



**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता हरेंद्र भाटी को फरीदाबाद शहरी क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति पार्टी के नेशनल जनरल सचिव आर्गेनाजेशन डॉ. संदीप पाठक द्वारा की गई है।

अपनी नियुक्ति पर हरेंद्र भाटी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री संदीप पाठक, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार गुप्ता और हरियाणा के कैंपेन के चेयरमैन डॉ. अशोक तंवर, अनुराग ढांडा सहित अन्य शीर्ष नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी निभाते हुए शहरी क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। हरेंद्र भाटी ने कहा कि मौजूदा समय में भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता त्रस्त हो चुकी है, शहरी क्षेत्रों में भाजपा ने विकास के वायदे तो बड़े-बड़े किए, लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ नहीं किया। यही कारण है कि आज लोगों का रूझान आम आदमी पार्टी की ओर निरंतर बढ़ रहा है। श्रीभाटी ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा चलाए गए सदस्यता अभियान की सफलता यह साबित करती है कि जनता हरियाणा में बदलाव चाहती है। हरेंद्र भाटी ने कहा कि वह जल्द ही अपनी कार्यकारिणी गठित करेंगे और उसके बाद भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की वायदा खिलाफी के खिलाफ अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे।

# देवी अहिलबाई होल्कर के जन्मदिवस पर शोभायात्रा निकलेगी

**पलवल।** देवी अहिल्याबाई होल्कर के 298वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 31 मई को विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। सतीश बघेल ने बताया कि समस्त बघेल समाज द्वारा देवी अहिल्याबाई होल्कर के जन्मदिवस के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

यह शोभायात्रा हुडा सेक्टर-2 से शुरू होकर कमेटी चौक, मीनार गेट, आगरा चौक होते हुए देवी अहिल्याबाई होल्कर बघेल धर्मशाला गांव कुसलीपुर तक जाएगी। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर युवाओं में काफी जोश और उत्साह भरा हुआ है। कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है।

# राकेश भड़ाना बने आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**बड़खल** विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश भड़ाना को पार्टी ने प्रदेश संयुक्त सचिव नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति पार्टी के नेशनल जनरल सचिव आर्गेनाजेशन डॉ. संदीप पाठक द्वारा की गई है।

अपनी नियुक्ति पर राकेश भड़ाना ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार गुप्ता, वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक तंवर सहित अन्य शीर्ष नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी निभाते हुए पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। राकेश भड़ाना ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों से जनता परेशान हो चुकी है, इसलिए अब वह आम आदमी पार्टी की तरफ उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जिस प्रकार दिल्ली में शिक्षा-चिकित्सा के क्षेत्र में काम करके आम आदमी पार्टी को राहत पहुंचाई है, उसी के चलते अब हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी का संगठन मजबूत हो रहा है और लोग निरंतर पार्टी में अपनी आस्था जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर हरियाणा में भी आगामी चुनावों में बहुमत से आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी।

# आईएएस बनी फरीदाबाद की बिटिया महिमा कसाना को दी बधाई



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद की रहने वाली महिमा कसाना ने यूपीएससी की परीक्षा में 141वीं रैंक पाकर फतेह हासिल कर न सिर्फ जिले का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे प्रदेश में अपने नाम डंका बजा दिया है।

देश की सर्वोच्च कठिनतम परीक्षा यूपीएससी में एक अच्छी रैंक हासिल कर उन्होंने अपने मां-बाप का भी सर गर्व से उंचा कर दिया है। महिमा कसाना के आईएएस बनने की खबर से प्रफुल्लित होकर बधाई देने पहुंचे आम आदमी पार्टी के नेता धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि बिटिया ने जो मुकाम हासिल किया है, उससे पूरे जिले के लोग खुश है और हमें महिमा कसाना पर गर्व है। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के नेता तेजवंत सिंह बिट्टू और हंसराज दायमा ने कहा कि महिमा कसाना के आईएएस बनने से क्षेत्र के सभी 36 बिरादरी के लोग खुश हैं और अपनी इस बेटी पर गर्व कर रहे हैं।

इस मौके पर महिमा की माता गीता आर्य, पिता कृष्णपाल कसाना, मामा केपी सिंह, जितेंद्र सिंह आदि ने बेटी की परफॉर्मेंस को लेकर खुशी जताई। कहा कि हमारा परिवार बेटी महिमा की परफॉर्मेंस से बेहद उत्साहित हैं। उम्मीद है कि महिमा भविष्य में देश सेवा में समर्पित होकर अपनी जिम्मेदारी निभाएंगी।

# नशीले पदार्थों के बेचने और नशा करने वालों की गंभीरता से हो निगरानी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एडीसी** अपराजिता ने कहा कि फरीदाबाद जिला में नशा करने वालों और नशीले पदार्थों के बेचने वालों की गंभीरता से निगरानी हो। एडीसी वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नशा तस्करी तथा नशाखोरी के खिलाफ बेहतर क्रियान्वयन के लिए सख्त कार्रवाई करने के बारे में समीक्षा बैठक में मंत्रणा कर रहीं थीं।

एडीसी ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से गुप्त कार्रवाई शुरू कर रखी है। जिला फरीदाबाद में नशे की सप्लाई बेधड़क जारी न हो, ऐसे हालात को देखते हुए सरकार ने अब नशे को काबू करने के लिए गंभीरता से कार्यक्रम चला रही है।



समीक्षा बैठक में डीसीपी हेडक्वार्टर हरेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि नशे को हम समाज के किसी एक वर्ग से नहीं जोड़ सकते। समाज में सभी वर्गों में हमें नशा करने वाला व्यक्ति मिल जायेगा। उन्होंने बताया कि स्टेट एक्शन प्लान का मकसद समाज को नशे पर एकत्रित करना है, इसको हमें आंदोलन की तरह लेना है। सरकार हॉक सॉफ्टवेयर के माध्यम से डाटा एकत्रित कर नशा मुक्ति अभियान में तेजी ला रही है। इस कार्य के बेहतर क्रियान्वयन में आशा वर्कर अपने अपने क्षेत्र में नशा करने वालों का डाटा फॉर्म के माध्यम से क्षेत्र के पुलिस बीट इंचार्ज को देंगे, उसके बाद बीट इंचार्ज थाना प्रभारी से हॉक सॉफ्टवेयर पर यह डाटा अपलोड करेंगे।

बता दें कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार धाकड़ प्रोग्राम के तहत 1700 लोगों की टीम बनाई गई है। यह टीमें जिला फरीदाबाद ग्रामीण क्षेत्रों और शहर में वार्ड स्तर पर तथा स्कूल और कॉलेजों में निगरानी कर रहीं हैं।

# चांटे का बदला लेने के लिए दोस्त ने मारा चाकू

**फरीदाबाद।** अगवानपुर इलाके में चांटे का बदला लेने के लिए युवक ने अपने दोस्त पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। घायल दीपक को बादशाह खान सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। उसके शरीर पर 4-5 जगह पर चाकू लगने के निशान हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घायल दीपक ने बताया कि 3-4 दिन पहले अख्तर ने लूडो खेलते समय उसके दोस्त नीरज का फोन चोरी कर लिया था। इसी बात को लेकर दीपक ने अख्तर को चांटा मार दिया था। अख्तर ने उसे देख लेने की धमकी भी दी थी। दीपक के मुताबिक वह बुधवार की शाम को घर से मार्केट के लिए निकला था। तभी पीछे से आए अख्तर ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। दीपक ने बचाव करना चाहा तो उससे अख्तर ने दांत से काट लिया। दीपक ने बताया कि इसी दौरान उसका दोस्त धनीराम उसे बचाने के लिए पहुंचा।

# सिविल सेवा परीक्षा

## बेटियों का वर्चस्व

**सिविल सेवा परीक्षा**, 2022 में चार सर्वोच्च पदों पर बेटियों ने स्थान पाया है। सिविल सेवा परीक्षा, 2022 के अंतिम परिणामों ने यह सुखद खबर दी है कि इसकी सर्वोच्च चार रैंकों में महिलाओं को स्थान मिला है। लेकिन हम इसे 'सुखद आश्चर्य' नहीं कह सकते हैं क्योंकि इस प्रकार के परीक्षा परिणाम में कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। महिलायें विभिन्न क्षेत्रों के कार्यबल में विभिन्न स्तरों पर काफी संख्या में प्रवेश कर रही हैं। यह पहली बार नहीं है जब महिलाओं ने सिविल सेवा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया है जो देश में एक सर्वाधिक कठिन परीक्षा है। इस बार इशिता किशोर ने सिविल सेवा परीक्षार्थियों की चयन सूची में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया, जबकि गरिमा लोहिया ने दूसरा, उमा हरति ने तीसरा तथा स्मृति मिश्रा ने चौथा स्थान प्राप्त किया। इसके पहले भी दो साल में सर्वोच्च तीन स्थानों पर महिलाओं ने स्थान पाया था। ये परिणाम यह तथ्य रेखांकित करते हैं कि देश में अनेक नकारात्मक चीजों के बावजूद भारतीय समाज में काफी जीवन्तता आई है। समाज में अनेकानेक पुरुष और महिलायें अपनी बुद्धि, दृढ़ता तथा प्रतिबद्धता से आगे बढ़ रहे हैं। उदाहरणार्थ इशिता किशोर दो बार प्राथमिक परीक्षा उत्तीर्ण करने में विफल रहीं, पर तीसरी बार उन्होंने चयन सूची में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल ने महत्वपूर्ण मानी जाने वाली सिविल सेवा में 667 वां स्थान प्राप्त किया। अनेक सफल उम्मीदवारों की कहानियां प्रेरणादायक व उत्साहवर्धक हैं। उनसे हमें पता चलता है कि समाज के सभी वर्गों के लोग धीरे-धीरे जाति, वर्ग, समुदाय, क्षेत्र व जेंडर की बाधायें तोड़ रहे हैं। सफल सिविल सेवा उम्मीदवारों में एक तिहाई से अधिक, 34.2 प्रतिशत महिलायें हैं और उनका यह प्रतिशत अब तक सर्वाधिक है।



परीक्षा परिणाम महिला उत्थान प्रदर्शित करने के साथ ही यह यथार्थ भी प्रदर्शित करते हैं कि एक संवैधानिक संस्था, यानी संघ लोकसेवा आयोग-यूपीएससी अपना काम बहुत पेशेवर तरीके से कर रही है। ऐसे देश में जहां अनेक संस्थानों को कुछ राजनेताओं, थोड़े से नौकरशाहों तथा अन्य लोगों ने बरबाद किया है, यूपीएससी ने सत्यनिष्ठा व वस्तुनिष्ठता में अपना सम्मान बनाए रखा है। 1990 के दशक में यहां पेपर लीक के कुछ मामले सामने आए थे, पर मोटेतौर से यह संगठन भ्रष्टाचार या कुप्रबंधन के किसी गंभीर आरोप से मुक्त रहा है। इसका श्रेय भी व्यवस्था को दिया जाना चाहिए जिसमें नीति बनाने वाले तथा निर्णय करने वाले शामिल हैं। उन्होंने कभी यूपीएससी को अपनी 'सुविधानुसार' मोड़ने का प्रयास नहीं किया है। ऐसा नहीं कि किसी का ध्यान इस ओर गया न हो। श्रीमती इंदिरा गांधी के शिखर समय में 'प्रतिबद्ध न्यायपालिका' की तरह 'प्रतिबद्ध नौकरशाही' की काफी बातें हुई थीं, लेकिन सौभाग्य से ये अवधारणायें कार्यरूप में परिणत नहीं हो सकीं। कार्यपालिका ने इस मुद्दे पर दृढ़ता दिखा कर तथा राजेनताओं के इशारों पर चलने से इनकार कर पूरे राष्ट्र की असाधारण सेवा की है। दशकों तक नौकरशाह बने अधिकांश युवा अराजनीतिक बने रहे, हालांकि उनमें से अनेक में व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अनेक रोग जरूर लग गए। यह भी खुशी की बात है कि सिविल सेवा समेत विभिन्न कार्यक्षेत्रों में समाज के सभी वर्गों से लोगों के आने के कारण पूरी व्यवस्था पहले की तुलना में ज्यादा समावेशी हुई है। जहां तक जेंडर समावेशन की बात है, यह प्रक्रिया ज्यादा तेजी से आगे बढ़ी है। पिछले कुछ सालों से बड़ी संख्या में महिलाओं के सिविल सेवा में आने से स्थिति में बेहतरी स्पष्ट रूप से देखने को मिली है।

# विश्वविद्यालय स्वायत्तता महत्वपूर्ण

**उप-कुलपतियों की नियुक्ति में कड़वाहट देखने को मिलती है। कई राज्यों के मुख्यमंत्री उप-कुलपति व विश्वविद्यालय कर्मचारियों की नियुक्ति पर अपना नियंत्रण चाहते हैं।**

**जे.एस. राजपूत**
(लेखक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं।)






यह तथ्य सुस्थापित है कि विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षण संस्थानों की विश्वसनीयता व स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए असली व प्रभावशाली स्वायत्तता जरूरी है। इससे वे युवाओं के भावी व्यक्तित्व विकास तथा इसके साथ ही राष्ट्र के भविष्य निर्माण में अपनी भूमिका निभाने में सफल होते हैं। इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए विद्वानों को अपनी पूरी बौद्धिक प्रतिभा पूरी गहनता के साथ वर्तमान ज्ञान व विवेक के अध्ययन, शिक्षाशास्त्र के वर्तमान व्यवहारों के आलोचनात्मक विश्लेषण तथा संभावित सुधारों में लगानी होती है। इससे युवाओं में ज्ञान का हस्तांतरण, नए ज्ञान व कौशलों के सृजन, खोज के तरीके निकालने तथा इन सबका प्रयोग मानवजाति की भलाई के लिए करने का अवसर मिलता है। इन सबके लिए स्वायत्तता, उपयुक्त संसाधनों की उपलब्धता तथा बाहरी स्रोतों द्वारा हस्तक्षेप से बचाव जरूरी है क्योंकि ये उनकी शक्ति व अधिकार में अनेक प्रकार के हस्तक्षेप कर सकते हैं।

राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था तथा सिविल सोसाइटी की जिम्मेदारी है कि वह इन अकादमिक व बौद्धिक खोजों को वर्तमान समय में बढ़ावा दे तथा ज्ञानवान समाज व ज्ञानवान अर्थव्यवस्था बना कर मानवता की प्रगति सुनिश्चित करे। उल्लेखनीय है कि यह कोई नई अवधारणा नहीं है। यह सीखने व ज्ञान प्राप्त करने की परंपरागत भारतीय व्यवस्था-गुरुकुल में विद्यमान था। गुरुकुल समाज के अत्यधिक सम्मान वाले स्थान थे, यहां तक कि राजा और शासक भी यहां प्रमुख आचार्य, कुलपति या कुल गुरु की अनुमति लेने के बाद ही प्रवेश करते थे और उनके चरणों की धूलि प्राप्त कर स्वयं को सौभाग्यशाली समझते थे।

राज्य और समुदाय इनके लिए हर प्रकार की सुविधा सुनिश्चित करते थे। वर्तमान समय के संदर्भ में हम कुछ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित विश्वविद्यालयों के बारे में सोच सकते हैं। उनके उदाहरणों से स्पष्ट है कि स्वायत्तता ने ही उनकी प्रगति व विकास के मार्ग खोले हैं जिससे वे अपने असाधारण उत्पादों से ज्ञान के क्षेत्र को समृद्ध कर सके हैं। आक्सफोर्ड, कैम्ब्रिज, हार्वर्ड, एमआईओ, स्टैनफोर्ड, कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय, बार्कले, आदि कुछ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत संस्थान हैं जिन्होंने उल्लेखनीय योगदान किया है। इनके कामकाज या नियुक्तियों में राज्य की कोई भूमिका नहीं है।

भारत ने ये प्रयोग नालन्दा, तक्षशिला, विक्रमशिला, वल्लभी व अन्य संस्थानों के माध्यम से किए थे। हाल के वर्षों में बीएचयू, कोलकाता विश्वविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय व कुछ अन्य इसके उदाहरण हैं। इन्होंने अपनी विश्वसनीयता, स्वीकार्यता तथा विशिष्ट कार्य संस्कृति विकसित की। सौभाग्य से इनको डा. राधाकृष्णन, सर आशुतोष मुखर्जी, पंडित गंगानाथ झा व अन्य कद्दावर व्यक्तियों के रूप में उप-कुलपति मिले। उप-कुलपति का कद यह पूरी तरह सुनिश्चित करता था कि विश्वविद्यालय की स्वायत्तता में कोई हस्तक्षेप न हो। इससे काफी फर्क पड़ता है। अब भारत में 1100 से अधिक विश्वविद्यालय हैं। इनकी संख्या में वृद्धि आवश्यक एवं अपरिहार्य है। लेकिन निश्चित रूप से इसके कुछ अवांछित परिणाम भी सामने आए हैं। यहां चुनौती दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता है। विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता के संदर्भ में चीजें बहुत अलग हैं क्योंकि अधिकांश विश्वविद्यालयों में अकादमिक नेतृत्व की विश्वसनीयता एवं स्तर अलग है। डा. राधाकृष्णन को विश्वास था कि 'शिक्षा किसी वर्ग का विशेषाधिकार न होकर सबका अधिकार है।' इसके साथ ही उन्होंने यह भी बहुत स्पष्ट रूप से कहा कि विश्वविद्यालयों में प्रतिभा और योग्यता का बहुत महत्व है। डा. राधाकृष्णन के निम्न शब्दों से स्पष्ट है कि भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों के कामकाज को कैसे समग्र रूप से निर्देशित किया जा सकता है। उन्होंने कहा था, 'बौद्धिक कार्य सबके लिए नहीं है। यह केवल बौद्धिक रूप से सक्षम लोगों के लिए है।

अपने विश्वविद्यालयों में हमने स्वतंत्रता के समय बहुत वादे किए थे, लेकिन अब वे बुरी स्थिति में हैं। इसका कारण यह है कि हमने लगातार ऐसे लोगों को वहां प्रवेश दिया जिनका बौद्धिक कार्य के लिए कोई सम्मान नहीं है और न अकादमिक काम का उनमें कोई रुझान है।' पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि विश्वविद्यालयों में अकादमिक कामकाज सुनिश्चित करना कितना जरूरी है। उनके अनुसार, 'हमने हर प्रकार के सामाजिक व राजनीतिक दबावों के साथ शांति स्थापित करने के लिए बौद्धिक क्षमता के परीक्षणों को कमजोर किया है। विश्वविद्यालय मानवता व सहिष्णुता के पक्ष में हैं। इस कारण विचारां व सत्य की खोज में साहस प्रदर्शित होना चाहिए। यह मानव जाति की उच्च लक्ष्यों की ओर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए भी जरूरी है। यदि विश्वविद्यालय अपने दायित्व ठीक से निभाएं तो यह राष्ट्र और जनता के लिए अच्छा होगा।' ये दोनों विद्वान अपने विचार सात से आठ दशक पहले प्रकट कर रहे थे। यह समय मूल्यों को समाहित करने के दृष्टिकोण से बिल्कुल अलग समय था।

आज स्कूल व विश्वविद्यालय स्तर पर अनेक कारणों से उत्कृष्टता की खोज प्रभावित हो रही है। आमतौर से ऐसे उपयुक्त व प्रतिबद्ध अकादमिक नेतृत्व की कमी अनुभव की जा रही है जो अपनी क्षमता, प्रतिबद्धता एवं प्रदर्शन के कारण सम्मान प्राप्त कर सके। खाली पदों एवं वाणिज्यीकरण के ऐसे अनेक मुद्दे हैं जिनको अनदेखा नहीं किया जा सकता है। राज्य सरकारों द्वारा वित्तपोषित विश्वविद्यालयों के मामलों में अनेक चिन्ताजनक पक्ष सामने आए हैं। विश्वविद्यालय के पेशेवर योगदान की गुणवत्ता को मुख्यत: उसके नेता, यानी उप-कुलपति के दृष्टिकोण व विचारों के आधार पर आंका जाता है। राज्य सामान्य रूप से राज्यपाल को राज्य-प्रायोजित विश्वविद्यालयों का चांसलर बनाते हैं, जबकि निजी विश्वविद्यालय अपना चांसलर स्वयं चुनते हैं। आमतौर से राज्य-प्रायोजि विश्वविद्यालयों का चांसलर उप-कुलपतियों की चयन प्रक्रिया शुरू करता है। इसका पहला कदम एक तलाश व चयन समिति का गठन होता है। समिति में चांसलर द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि को समन्वयक बनाया जाता है। इसके साथ ही राज्य सरकार का प्रतिनिधि, यूजीसी का प्रतिनिधि तथा संबंधित विश्वविद्यालयों की कार्यकारी परिषद का प्रतिनिधि भी इनमें शामिल होता है। संबंधित राज्य के कानून के अनुसार समिति की संरचना में थोड़े परिवर्तन भी हो सकते हैं। राज्यपाल को पद के अनुसार चांसलर बनाने का प्राविधान यह सुनिश्चित करना था कि चयन प्रक्रिया राजनीतिक प्रभावों तथा अनेक बाहरी प्रभावों से भी मुक्त रहेगी। यह व्यवस्था स्वतंत्रता के बाद चार-पांच दशकों तक कारगर रही, पर अब ऐसा नहीं है।

पिछले दो-तीन साल में कुछ ऐसे राज्यों में उप-कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर तीखी कड़वाहट देखने को मिली जहां निर्वाचित मुख्यमंत्री उप-कुलपतियों की नियुक्ति पर अपना अधिकार चाहते थे। स्पष्ट रूप से ऐसे मामलों में गुणवत्ता का कोई स्थान नहीं है। इच्छित राजनीतिक जुड़ाव वाला आज्ञाकारी उप-कुलपति अनेक प्रकार से बहुत लाभदायक होता है और अब इसके बारे में सभी जानते हैं। केरल में मुख्यमंत्री ने न केवल एक सेवानिवृत्त हो रहे उप-कुलपति को पुन: नियुक्त किया, बल्कि उन्होंने ऐसी अनेक नियुक्तियां करने का प्रयास किया। उच्च न्यायालय ने ये नियुक्तियां रद्द कर दीं। पश्चिम बंगाल राज्य ने एक ऐसा कानून बनाया जिसने शिक्षा और विश्वविद्यालय से जुड़े सभी लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार ऐसी तलाश व चयन समिति बनाना चाहती थी जिसमें मुख्यमंत्री का एक प्रतिनिधि, राज्य सरकार का एक प्रतिनिधि तथा पश्चिम बंगाल राज्य उच्च शिक्षा परिषद का एक प्रतिनिधि हो। इस प्रकार पांच सदस्यों वाली समिति में चांसलर तथा यूजीसी का भी एक-एक प्रतिनिधि होता।

यह स्पष्ट रूप से एक राजनीतिक बयान है जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय का नेतृत्व करने के लिए एक प्रतिष्ठित विद्वान की चांसलर द्वारा नियुक्ति का अधिकार घटना था। सभी लोग आसानी से समझ सकते हैं कि राज्य सरकार के तीन प्रतिनिधियों का प्राविधान क्यों किया गया। ऐसी प्रवृत्तियों पर गंभीरता से लगाम लगाने की जरूरत है।

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास में बाधाएं

> मानव अवलोकन पक्षपातपूर्ण हो सकता है लेकिन कृत्रिम बुद्धि द्वारा किए गए अवलोकन तब तक निष्पक्ष हो सकते हैं जब तक कि मानवीय हस्तक्षेप न हो।

**बीजू धर्मपालन**
(लेखक, विज्ञान संप्रेषक हैं)



विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जबरदस्त विकास के बावजूद, भारतीय विज्ञान जमीनी स्तर पर बहुत सारे मुद्दों से घिरा हुआ है। अगर ज़रा सा भी जुनून होगा तो ही हमारे संस्थानों से मील के पत्थर की खोजें होंगी। दुर्भाग्य से, हमारे अधिकांश शोधकर्ताओं में उस जुनून की कमी है। अनुसंधान को विवाह और रोजगार के बीच एक अंतरालीय व्यवस्था माना जाता है। भारतीय विज्ञान को प्रभावित करने वाला एक मुख्य मुद्दा भारतीय शोधार्थियों की दुर्दशा है। कई संस्थानों में विद्वानों को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के समकक्ष माना गया है। उन्हें एक प्रयोगशाला में घोड़े की तरह काम करने के लिए बनाया जाता है, कोई खाली समय नहीं, कोई छुट्टी नहीं होती है और अगर कोई फेलोशिप पाने के लिए पर्याप्त भाग्यशाली नहीं है तो अल्प वेतन मिलता है। यहां तक कि कई प्रयोगशालाओं में भावुक विद्वानों को उनके पर्यवेक्षकों द्वारा सम्मान नहीं दिया जाता है और कभी-कभी उन्हें प्रताड़ित करने की हद तक जाना पड़ता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस युग में, जहां एआई मानव जीवन के हर क्षेत्र पर हावी है, मैं यह जानने के लिए उत्सुक था कि एआई भारतीय विज्ञान को कैसे देखेगा। इस उद्देश्य के साथ, मैंने सबसे लोकप्रिय चैट बॉट, चैटजीपीटी से भारतीय विज्ञान को प्रभावित करने वाले मुद्दों के बारे में उसकी धारणा के बारे में पूछा और बॉट ने निम्नलिखित दिया।

भारतीय विज्ञान को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों में से एक धन की कमी है। जबकि भारत सरकार ने हाल के वर्षों में विज्ञान के लिए धन में वृद्धि की है, यह अभी भी अन्य देशों की तुलना में बहुत कम है। धन की यह कमी शोधकर्ताओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान करने और प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों को आकर्षित करने और बनाए रखने के लिए कठिन बना देती है।

उचित बुनियादी ढांचे और सुविधाओं की कमी एक और प्रमुख मुद्दा है। भारत में कई विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में बुनियादी उपकरणों की कमी है, और शोधकर्ता अक्सर पुरानी तकनीक पर भरोसा करते हैं।

भारत में एक महत्वपूर्ण प्रतिभा पलायन है, क्योंकि कई बेहतरीन और प्रतिभाशाली वैज्ञानिक और शोधकर्ता विदेशों में बेहतर अवसरों के लिए देश छोड़ देते हैं। भारत में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की जरूरत है, खासकर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में। अधिक सक्षम और कुशल वैज्ञानिक और शोधकर्ता तैयार करने के लिए यह आवश्यक है।

भारत में नौकरशाही वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण बाधा हो सकती है, जिससे अनुसंधान परियोजनाओं के लिए धन और अनुमोदन प्राप्त करने में देरी हो सकती है।

ऐसे उदाहरण सामने आए हैं जहां राजनीतिक हस्तक्षेप ने भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रभावित किया है। यह देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास में बाधा बन सकता है। भारत में शोधकर्ताओं और संस्थानों के बीच सहयोग की कमी है। इससे संसाधनों, ज्ञान और विशेषज्ञता को साझा करना मुश्किल हो जाता है, जो वैज्ञानिक प्रगति में बाधा बन सकता है। यदि हम गंभीर रूप से विश्लेषण करें, तो बॉट द्वारा प्रदान किए गए उत्तर अत्यधिक प्रासंगिक हैं। भारतीय विज्ञान की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों में बॉट द्वारा उद्धृत विज्ञान शिक्षा की खराब गुणवत्ता पर गंभीर ध्यान देने की आवश्यकता है। विज्ञान शिक्षा में एक प्रमुख मुद्दे में पुराना पाठ्यक्रम, अपर्याप्त बुनियादी ढाँचा और योग्य शिक्षकों की कमी शामिल है। भारत में शिक्षकों को अक्सर विज्ञान विषयों में पर्याप्त प्रशिक्षण की कमी होती है।

बॉट भारत में विज्ञान शिक्षा में एक महत्वपूर्ण लैंगिक असमानता का अवलोकन करता है, जिसमें लड़कों की तुलना में विज्ञान विषय लेने वाली लड़कियों की संख्या कम है। यह लैंगिक असमानता सामाजिक रूढ़ियों और महिला रोल मॉडल की कमी के कारण है। अपने शोधार्थियों के प्रति भारत में पर्यवेक्षकों के रवैये के बारे में बॉट की प्रतिक्रिया काफी दिलचस्प है। इसने निष्पक्ष तरीके से हमारे पर्यवेक्षकों की सही तस्वीर की ओर इशारा किया है।

बॉट के अनुसार, पर्यवेक्षकों का अपने शोधार्थियों के प्रति दृष्टिकोण पर्यवेक्षक के व्यक्तित्व, कार्य संस्कृति, संस्थागत नीतियों आदि जैसे विभिन्न कारकों के आधार पर भिन्न हो सकता है। सामान्य तौर पर, भारत में पर्यवेक्षकों का अत्यधिक सम्मान किया जाता है और वे अपने शोध विद्वानों पर काफी अधिकार रखते हैं। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे अपने शोध कार्य के सभी पहलुओं में अपने विद्वानों का मार्गदर्शन और समर्थन करें, जिसमें अवधारणाओं और प्रयोगों को डिजाइन करना, डेटा का विश्लेषण करना और प्रकाशन लिखना शामिल है। कुछ पर्यवेक्षक अपने विद्वानों से स्वतंत्र रूप से काम करने और अनुरोध किए जाने पर ही मार्गदर्शन प्रदान करने की अपेक्षा करते हुए अधिक हाथ से चलने वाला दृष्टिकोण अपना सकते हैं। हालाँकि, भारत में पर्यवेक्षकों की व्यावसायिकता की कमी का प्रदर्शन करने वाली रिपोर्टें भी आई हैं, जैसे कि उनके विद्वानों के विचारों या चिंताओं को खारिज करना, दुर्गम या अनुत्तरदायी होना, और यहां तक कि अनैतिक व्यवहार में संलग्न होना, जैसे कि अपने विद्वानों के काम का श्रेय लेना . ऐसा व्यवहार विद्वानों की शैक्षणिक प्रगति और कल्याण के लिए हानिकारक हो सकता है।

मानव अवलोकन पक्षपाती हो सकता है, क्योंकि यह एक सहज मानवीय गुण है। हालांकि, कृत्रिम बुद्धि द्वारा किए गए अवलोकन तब तक निष्पक्ष हो सकते हैं जब तक कि मानवीय हस्तक्षेप न हो। हमारे नीति निर्माताओं को राष्ट्र के विकास के लिए समर्पित एक मजबूत वैज्ञानिक कार्यबल का निर्माण करने के लिए इन मुद्दों का समाधान करना चाहिए।

## आप की बात

### शुभ संकेत

**जैसे ही** लोक सेवा आयोग के परिणाम आए अनेकों घरों व शहरों में अभिभावकों के चेहरे खिल गए, जहाँ हिंदी माध्यम के साथ देश की बेटियों का जलवा दिखाई दिया। इस बार सिविल सेवा परीक्षा में हिंदी माध्यम वाले 54 उम्मीदवार सफल हुए हैं। माना जा रहा है कि यह यूपीएससी के इतिहास में हिंदी माध्यम से पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का सर्वोत्तम प्रदर्शन है। इस बार एक इतिहास और बना सफ्लता की सूची में कि पहली बार 34 फीसद बेटियां हैं जिनमें शीर्ष पर बेटियों का परचम है। ये परिणाम निश्चित ही बदलाव के संकेत हैं। जहाँ देश की बेटियों के साथ मातृभाषा का भी उदय का संकेत मिल रहा है। लोक सेवा में देश की महिलाओं और हिंदी माध्यम का प्रतिशत बढ़ना भविष्य के लिए सुखद सन्देश है। इसका स्पष्ट तात्पर्य यही है कि देश सकारात्मक परिवर्तन की और अग्रसर है जिसके सुखद परिणाम निकट भविष्य में देश को देखने मिलेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार न केवल हिंदी, बल्कि देश की सभी भाषाओं को प्रोत्साहित करने के अधिकाधिक प्रयास कर रही है। इससे गांवों व कस्बों की उन प्रतिभाओं को मौका मिलेगा जो अंग्रेजी वर्चस्व के कारण आगे नहीं बढ़ पाते थे। निश्चित रूप से यह शुभ संकेत है।

– **मनोज शर्मा,** मेरठ

### नई संसद

**प्रत्येक** भारतीय के लिए यह गर्व का विषय होना चाहिए कि नई संसद भवन परिसर का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री 28 मई को करने जा रहे हैं। लेकिन कुछ विपक्षी दल चाहते हैं कि नई संसद भवन परिसर का उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति के कर कमलों के द्वारा हो। यह समझ से परे है कि यदि देश के प्रधानमंत्री इसका उद्घाटन करते हैं तो इसमें गलत क्या है। विपक्षी दलों को इसे अनावश्यक बहस का मुद्दा नहीं बनाना चाहिए। नई संसद के माध्यम से देश की प्रगति के लिए पक्ष और विपक्ष बैठकर चर्चा करेंगे, कानून पारित किए जाएंगे तथा राष्ट्रीय बहस के माध्यम से भारत का नाम दुनिया में रोशन होगा। ऐसे में बड़े पैमाने पर विपक्षी दलों द्वारा संसद भवन उद्घाटन कार्यक्रम के बहिष्कार संबंधित खबरें बेहद निराशाजनक है। विपक्षी दलों को इसे प्रतिष्ठा का मुद्दा नहीं बनाना चाहिए और संवाद की स्थिति बनी रहनी चाहिए। विपक्ष बहाना चाहे जो बनाए, यह उसके अंध मोदी-विरोध का प्रकटीकरण है। कुछ पार्टियों ने इस विवाद से परे हट कर उद्घाटन समारोह में भाग लेने की घोषणा की है जो निश्चित रूप से स्वागत योग्य है। मोदी-विरोधी अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### पर्यावरण संरक्षण

**कार्बन उत्सर्जन** रोकने व पर्यावरण के रक्षार्थ फ्रांस सरकार के नवीनतम कदम का न सिर्फ स्वागत होना चाहिए बल्कि अन्य देशों को इसका अनुसरण भी करना चाहिए। हाल में यह घोषणा की गई कि छोटी दूरी की विमान यात्राओं पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया है। शुरुआत में तीन शहरों को चुना गया जहाँ पेरिस से ट्रैन के जरिये ढाई घंटे में पंहुचा जा सकता है। उन शहरों को उड़ने वाले विमान सेवा को रोकने वाले कानून पर हस्ताक्षर कर दिए गए। फ्रांस के परिवहन मंत्री क्लेमेंट ब्यून ने कहा की जब हम अपनी जीवनशैली को डीकार्बोनाइज करने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं तो हम ऐसे बड़े शहरों के बीच विमान के उपयोग को कैसे सही ठहरा सकते हैं जो ट्रेन की नियमित, तेज व बेहतरीन यात्रा से लाभान्वित होते हैं। पर्यावरणवादी इस निर्णय का स्वागत करेंगे। लेकिन फ्रांस सरकार अपनी उस नीति का भी परित्याग करे जिसके तहत आये दिन वहां पर्यावरण कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन करने से रोका जाता है, उनपर लाठी बरसाई जाती है, उनपर कालीमिर्च पाउडर से हमला किया जाता है और उनको बार-बार नज़रबंद कर दिया जाता है।

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### भारतीय अर्थव्यवस्था

**अमेरिकी** क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कहा है कि भारत का जीडीपी साल 2022 में 3,500 अरब डालर से अधिक रहा है एवं वह अगले 5 वर्षों तक जी-20 समूह में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था भी रहेगा। हालांकि उसने इस रिपोर्ट में कहा है कि नौकरशाही का लेटलतीफी वाला रवैया प्रत्यक्ष विदेशी निवेश गंतव्य के तौर पर भारत के आकर्षण को कम कर सकता है। भारत की आर्थिक वृद्धि की रफ्तार पर नौकरशाही की तरफ से लगाई जाने वाली अड़चने लगाम लगा सकती है। निर्णय प्रक्रिया में शामिल भारत की शीर्ष नौकरशाही क्षेत्र के इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे दूसरे विकासशील देशों के मुकाबले एफडीआई गंतव्य के तौर पर भारत के आकर्षण को घटा सकती है। हालांकि भारत की एक बड़ी युवा व शिक्षित श्रमशक्ति, छोटे परिवारों की बढ़ती संख्या और शहरीकरण से आवास, सीमेंट व नई कारों के लिए मांग बढ़ेगी। इसके अलावा ढांचागत क्षेत्र पर सरकारी खर्च बढ़ने से इस्पात व सीमेंट तथा नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश बढेगा। कुल मिला कर खबर अच्छी है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 26 मई, 2023



# विपक्ष का रवैया गैर जिम्मेदाराना लोकतंत्र को कमजोर करने वाला

● नए संसद भवन को लेकर विपक्ष की बयानबाजी पर मुख्यमंत्री ने व्यक्त की तीखी प्रतिक्रिया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**नए** संसद भवन को लेकर विवाद को तूल देने में लगे विपक्ष पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा प्रहार करते हुए आइना दिखाया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में 28 मई की तिथि एक गौरवशाली क्षण के रूप में दर्ज होने जा रही है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में भारत के लोकतंत्र के प्रतीक नए संसद को देश को समर्पित किया जाएगा जो कि एक गौरवशाली क्षण होगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों द्वारा जिस प्रकार की टिप्पणियां व बयानबाजी हो रही हैं वह अत्यंत दुखद, गैरजिम्मेदाराना और लोकतंत्र को कमजोर करने वाली हैं। सीएम योगी ने कहा कि भारत न केवल दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, बल्कि लोकतंत्र की जननी के तौर पर भी विश्व में जाना जाता है। दुनिया के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की इस छवि को एक नई पहचान दी है। मगर विपक्ष का ये बयान लोकतंत्र को कमजोर करने वाला है। विपक्ष के इस कुत्सित प्रयास को पूरा देश देख रहा है और विपक्ष की इस हरकत को कभी स्वीकार नहीं करेगा। नए संसद भवन के औचित्य को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब देते हुए सीएम योगी ने कहा कि नया संसद भवन आज की आवश्यकताओं के अनुरूप है। यह आगामी 100 वर्ष के विजन को लेकर बना है और इसमें परंपरा और आधुनिकता का समावेश है। यह दूरदर्शी तरीके के साथ बनाई गई है और हर एक पार्लियामेंटेरियन को प्रॉपर स्पेस और हर प्रकार की सुविधा मिल सके, इस बात को ध्यान में रखा गया है। यही कारण है कि आमजन की आवाज को सुनने का एक महत्वपूर्ण मंच बनने जा रही यह संसद दुनिया में एक आदर्श स्थापित करने का अवसर दे रही है। मगर विपक्ष की इस प्रकार की बयानबाजी अत्यंत क्षोभकारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब देश के प्रधानमंत्री इस प्रकार के किसी उद्घाटन कार्यक्रम के साक्षी बन रहे हों। इससे पहले पार्लियामेंट एनेक्सी का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी द्वारा किया जा चुका है। वहीं पार्लियामेंट लाइब्रेरी का शिलान्यास पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा किया गया था। इसके अलावा और भी कई उदाहरण हैं। इतने उदाहरण होने के बावजूद विपक्ष द्वारा जिस प्रकार इस गरिमामयी कार्यक्रम का साक्षी बनने के ऐतिहासिक क्षण को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है, उसे देश और देश की जनता-जनार्दन कतई स्वीकार नहीं करेगी। हम अपील करेंगे कि सभी लोगों को इस गौरवशाली क्षण का साक्षी बनना चाहिए और भारत के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के आह्वान के साथ इस ऐतिहासिल पल में सम्मिलित होना चाहिए।

## योगी ने पीएम मोदी के विदेश दौरे को बताया अब तक की सबसे सफल यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● मोदी दुनिया भर के देशों के लिए नायक और संकट के साथी बनकर उभरे हैं: मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छह दिवसीय विदेश यात्रा को अबतक की सबसे सफल विदेश यात्राओं में से एक बताया है। उन्होंने विदेशों में पीएम मोदी को मिले सम्मान को भारत के बढ़ते प्रभाव और प्रधानमंत्री की लोकप्रियता का परिणाम बताया है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता को एक नई ऊंचाई पर चढ़ते हुए देख हर भारतवासी गौरवान्वित है। पापुआ न्यू गिनी में ऐसा पहली बार देखने को मिला है कि किसी स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र का प्रधानमंत्री दूसरे देश के प्रधानमंत्री का पैर छूकर के अभिवादन और अभिनंदन करे। पूरा देश इस दृश्य से न सिर्फ अभिभूत है बल्कि भावुक भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पापुआ न्यू गिनी के साथ ही फिजी में पीएम को सम्मान प्राप्त हुआ है और तो और ऑस्ट्रेलिया के पीएम द्वारा पीएम मोदी के लिए 'मोदी इज द बॉस' शब्द का प्रयाग किया गया। ये प्रमाण है कि विश्व में भारत का दबदबा बढ़ा है। दुनिया में विकासशील अर्थव्यवस्था वाले देशों के बीच पीएम मोदी को नायक के रूप में देखा जा रहा है। यही नहीं विकसित देश भी संकट के साथी के रूप में पीएम मोदी को आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि पहली बार अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा पीएम मोदी के प्रति जो सम्मान प्रगट किया गया और पीएम मोदी का ऑटोग्राफ लेने की इच्छा व्यक्त की गई, ये पीएम मोदी की लोकप्रियता, कड़ी मेहनत, राष्ट्र के प्रति समर्पण और नेशन फर्स्ट के संकल्प के प्रति दुनिया के द्वारा दिया जाने वाला सम्मान है। दुनिया के अंदर भारत का लोकतंत्र पुष्ट और लोकप्रिय होता दिख रहा है। पूरा भारत पीएम मोदी की लोकप्रियता से गौरवान्वित है वहीं दूसरी तरफ विपक्ष अपने नकारात्मक बयान के कारण भारत के लोकतंत्र को कमजोर करने पर उतारू है। सीएम ने कहा कि न्यू पार्लियामेंट के उद्घाटन को लेकर कुछ विपक्षी दलों की घोषणा लोकतंत्र को कमजोर करने और भारत की गरिमा और गौरव को कम करने का कुत्सित प्रयास है। प्रत्येक भारतवासी जो एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ जुड़कर काम कर रहा है वो विपक्ष के इस कुत्सित प्रयास का मुंहतोड़ जवाब समय आने पर जरूर देगा।

## मुख्य सचिव ने की अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इस वर्ष के अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'हर घर-आंगन योग' रखी गई है, जिससे योग के माध्यम से प्रत्येक परिवार को कल्याण एवं स्वास्थ्य प्राप्त हो सके। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को योग का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से योग पखवाड़ा आयोजित किया जाए। मुख्य सचिव गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। नवम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य स्तर पर मुख्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आगामी 21 जून को राजभवन में किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि जनपदों में विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों व प्रशिक्षित योग ट्रेनर के सहयोग से जनपद, तहसील, ब्लाक व ग्राम पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। राजकीय व निजी आयुष महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों व प्रबंधकों द्वारा विभिन्न समितियों का गठन किया जाए। इन समितियों द्वारा योग पखवाड़ा के अन्तर्गत सभी शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं के मध्य योग से संबंधित सेमिनार, कार्यशाला, संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, आशुभाषण आदि का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के समस्त जनपदों में योग पखवाड़ा में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र का वितरण किया जाए। एक आयुष ग्राम इकाई को चिन्हित करते हुयेए तत्संबंधी चिन्हित गांव में योग प्रशिक्षक तैनात करके उसे संपूर्ण योग ग्राम के रूप में विकसित किया जाए। सामूहिक योगाभ्यास की सूचना आयुष कवच एप में प्रतिदिन अपलोड किया जाए।

## सीएम ने नवसृजित बीकेटी महिला थाने में अनावासीय भवनों के निर्माण के दिए निर्देश

● शासन ने स्वीकृत की 466.12 लाख की धनराशि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने पुलिस आधुनिकीकरण के तहत लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में नवसृजित महिला पुलिस थाना बख्शी का तालाब के अनावासीय भवनों के निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नरेट लखनऊ के अतिरिक्त जनपद बहराइच के थाना मूर्तिहा में हास्टलध्बैरक एवं विवेचना कक्ष तथा जनपद अम्बेडकरनगर के थाना जैतपुर में हास्टल/बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण के लिए कुल 923.41 लाख रुपए की धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद न बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत कमिश्नरेट लखनऊ मे नवसृजित महिला पुलिस थाना बख्शी का तालाब के अनावासीय भवनों के निर्माण कराये जाने के लिए 488.12 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार जनपद बहराइच के थाना मूर्तिहा में हास्टल/बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण के लिए 217.97 लाख रुपए की धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। प्रमुख सचिव गृह ने बताया कि पुलिस कर्मियों की सुविधा को वरीयता देते हुए मुख्यमंत्री न अम्बेडकरनगर के थाना जैतपुर में हास्टल/बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण के लिए 217.32 लाख रुपए की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है। संजय प्रसाद ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिये है। उन्होंने दिए गए निर्देशों में कहा है कि निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण कराया जाए।

## 15 अगस्त से पहले देश को मिलेंगे एक हजार खेलो इंडिया सेंटर: अनुराग ठाकुर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के उद्घाटन के मौके पर इन खेलों के आयोजन के लिए पीएम मोदी और सीएम योगी का आभार जताया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह पीएम मोदी की ही सोच थी जिन्होंने खेलो इंडिया यूथ गेम्स, यूनिवर्सिटी गेम्स, विंटर गेम्स की कल्पना की और खेलो इंडिया अभियान की शुरुआत की। आज हम कह सकते हैं कि दुनिया में लार्जेस्ट एवर मल्टीस्पोर्ट्स इवेंट कोई है तो खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स और खेलो इंडिया अभियान है। आज दुनिया भर के लोग बहुत सारे देशों से इसको देखने आते हैं, समझने आते हैं। वहीं उत्तर प्रदेश में होने जा रहे इन खेलों के भव्य आयोजन के लिए उन्होंने सीएम योगी का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि ओलंपिक्स से आने के बाद जब पीएम ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया था, तब उत्तर प्रदेश, देश का इकलौता ऐसा राज्य था जिसने देश के सभी खिलाड़ियों को बुलाकर सम्मानित भी किया और उनका मान बढ़ाया। इस खेल के मैस्कॉट जीतू ने भी सभी का दिल जीता है। हमने मशाल रैली से उत्तर प्रदेश के कोने-कोने में खेलों को बढ़ावा देने का एक संदेश भेजा है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह पीएम मोदी की ही सोच थी जिन्होंने खेलो इंडिया यूथ गेम्स, यूनिवर्सिटी गेम्स, विंटर गेम्स की कल्पना की और खेलो इंडिया अभियान की शुरुआत की। आज हम कह सकते हैं कि दुनिया में लार्जेस्ट एवर मल्टीस्पोर्ट्स इवेंट कोई है तो खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स और खेलो इंडिया अभियान है। आज दुनिया भर के लोग बहुत सारे देशों से इसको देखने आते हैं, समझने आते हैं। किसी भी खिलाड़ी को कोचिंग सेंटर चाहिए, कोच चाहिए या फि र कांप्टीशन चाहिए, हमने किसी में भी कोई कमी नहीं रखी। पीएम मोदी ने सबसे पहले खेल का बजट 874 करोड़ से बढ़ाकर कुछ वर्षों में 2462 करोड़ कर दिया। सैकड़ों कोचेस की नियुक्ति कर दी। यही नहींए अब एक हजार खेलो इंडिया सेंटर देश भर में मिलने वाले हैं जो 15 अगस्त 2023 से पहले बन जाएंगे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तीसरे संस्करण की शुरुआत हो रही है। पहले संस्करण में मात्र 3 हजार खिलाड़ी आए थे। इस बार सबसे ज्यादा 21 खेल और 208 यूनिवर्सिटी से 4700 से ज्यादा खिलाड़ी आ रहे हैं, ये भी बड़ी सफलता हमने प्राप्त की है। नई एजुकेशन पॉलिसी में भी बाकी विषयों की तरह खेलों को प्राथमिकता दी गई है। कांप्टीशन इतने की यूथ गेम्स, विंटर गेम्स और अब यूनिवर्सिटी गेम्स में रिकॉर्ड पार्टिसिपेशन हो रहा है।

## मुख्य सचिव से एलिजाबेथ फाउरे ने की भेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से यूनाइटेड नेशन्स वर्ल्ड फूड प्रोग्राम की प्रतिनिधि एवं कंट्री डायरेक्टर एलिजाबेथ फाउरे ने भेंट की। बैठक में प्रदेश में फोर्टिफाइड राइस के उपयोग को बढ़ाने सहित विभिन्न मुद्दों पर पर चर्चा हुई।

मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश का नेतृत्व एक दूरदर्शी मुख्यमंत्री कर रहे हैं, जो राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदलना चाहते हैं। प्रदेश में विकास के हर क्षेत्र में काफी बदलाव हुए हैं और सभी योजनाओं के डिजिटाइजेशन में उत्तर प्रदेश अग्रणी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में चल रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में आयरन, फ ॉलिक ऐसिड तथा विटामिन बी-12 के गुणों से भरपूर फोर्टीफाइड चावल का वितरण किया जा रहा है। फोर्टीफाइड चावल के उपभोग से बच्चों तथा महिलाओं में एनीमिया की बीमारी से बचाव में मदद मिलती है। फोर्टीफाइड चावल के प्रयोग से होने वाले फायदों की जानकारी देने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। एलिज़ाबेथ ने कहा कि राज्य ने चावल फ ोर्टिफि केशन में बड़ी सफलता हासिल की है। अनाज वितरण के लिए प्रदेश में तीन अन्नपूर्ति उपकरण स्थापित किए गए हैं और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अनुरोध पर उन्होंने पांच और उपकरण स्थापित कराने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने यह भी बताया कि अन्पूर्ति उपकरण पूरी तरह से एक भारतीय कंपनी द्वारा भारत में निर्मित है।

## सरकार बताए, कहां से हो रही तमंचे की आपूर्ति: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। गुंडे और अपराधियों के हौसले बुलन्द है। फर्जी एनकाउंटर वाली सरकार को बताना चाहिए कि तमंचे की आपूर्ति कहां से हो रही है। अब तो मुख्यमंत्री के आवास के पास भी गोलीबारी की घटनाएं हो रही है।

अखिलेश ने कहा कि जब राजधानी लखनऊ में अपराधी बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं तो प्रदेश के अन्य जिलों में क्या स्थिति होगी इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है। प्रदेश के जिलों-जिलों में हर दिन हत्या, लूट, बलात्कार, छेड़छाड़ की घटनाएं हो रही है। लखनऊ में हजरतगंज इलाके में बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर नरही में मोबाइल सेन्टर संचालक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। बागपत के छपरौली में धारदार हथियार से हमला कर व्यक्ति की हत्या कर दी गयी। बीते मंगलवार को दिल्ली-मेरठ मार्ग पर दो बदमाशों ने दिन दहाड़े घर में घुस कर व्यापारी की हत्या कर दी। शामली के थानाभवन में सोमवार को नकाबपोश बदमाशों ने परिवार को गन प्वाइंट पर लेकर डकैती डाली। ये तो कुछ चंद उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अपराधियों को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। सत्ता के संरक्षण में हिस्ट्रीसीटर और अपराधी थानों में और पुलिस पर भारी पड़ते दिखाई देते हैं। अपराधों की संख्या कम दिखाने के लिए पुलिस एफआईआर दर्ज करने से कतराती है। पुलिस अपराधियों को दंड देने और उनके खिलाफ मामले दर्ज करने के बजाए निर्दोषों और असहायों पर रौब दिखाती है। भाजपा सरकार में लोग थाने और पुलिस के पास जाने से डरने लगे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के अन्यायी और अत्याचारी शासन से ऊब चुकी है। जनता 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार के अन्याय का मुंहतोड़ जवाब देगी। कानून और संविधान के साथ खिलवाड़ करने वालों का सफाया होगा।

### जंग बहादुर पटवा की पुण्यतिथि पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

**सपा** प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जंग बहादुर पटवा की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। उनके चित्र पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने माल्यार्पण किया। जंग बहादुर पटवा किशोरावस्था से ही अंग्रेजी हुकूमत का विरोध करने लगे थे। काकोरी कांड में उन्हें जेल यातना सहनी पड़ी थी। पटवा समाज के राम लखन पटवा एडवोकेट, दुर्गेश पटवा, सुरेश पटवा, बब्बू पटवा, अशोक देवल, विनोद देवल, विशेष देवल तथा राकेश आदि विशेष रूप से कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### संविदा कर्मचारियों ने सपा अध्यक्ष को ज्ञापन देकर की न्याय दिलाने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव को सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन देकर उत्तर प्रदेश सरकार की अनदेखी से 350 संविदा कर्मियों के बेरोजगार होने और उनके परिवार के भरण-पोषण में मुश्किलें आने की जानकारी दी तथा न्याय दिलाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रयागराज सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड प्रयागराज उप्र द्वारा संचालित डीजल महानगरीय बसों के 16 फ रवरी 2023 से बंद होने से इनमें कार्यरत चालक परिचालक बेकार हो गए हैं। उनका परिवार तकलीफ में है। उनके बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो गई है। पिछले तीन महीने से रोजगार के लिए उक्त संविदाकर्मी भूख हड़ताल पर बैठे है पर उनकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। पिछले 12-13 वर्षों से ये अपनी सेवाएं दे रहे थे अब वे मुसीबत में है। अखिलेश यादव ने उनकी मांगों को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

## यूपी में लोकसभा की सभी सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस: बृजलाल खाबरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने स्पष्ट किया है कि कांग्रेस यूपी में लोकसभा की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 80 की 80 सभी लोकसभा सीटों पर कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी। नगर निकाय चुनाव में जनता ने हमें अपना अपार प्रेम और समर्थन दिया लेकिन भाजपा सरकार ने पुलिस के सहारे लोकतंत्र को लूटा है।

बृजलाल खाबरी ने कहा कि हमारा गठबंधन जनता के साथ है हम अपने अनुभवी नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे और लगातार जनमुद्दों पर भाजपा सरकार को घेरने वाले हमारे नेता राहुल गांधी और संघर्षशील लोकप्रिय नेता व यूपी की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव 2024 में जनता के बीच जाएंगे। प्रदेश के कांग्रेस मीडिया के संयोजक और प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को लेकर गठबंधन और सीटों की संख्या पर भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं।।जिनमें कोई भी सच्चाई नहीं है। देश में राहुल गांधी के सद्भावना अभियान भारत जोड़ो यात्रा को अपार स्नेह और समर्थन मिला है जिसका व्यापक असर हुआ है वह हमें हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में परिणाम में दिख रहा है और आने वाले समय में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, और तेलंगाना के राज्यों में भी कांग्रेस की विजय के रुप में दिखेगा, भारतीय जनता पार्टी की धोखेबाजी जनता समझ चुकी है, कांग्रेस पार्टी मजबूत विपक्ष के रुप में भाजपा की तानशाही से लड़ रही है और यह बात जनता को अच्छे से समझ आ चुकी है 2024 में भाजपा का सफ ाया होगा और कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनेगी।

## जयंत चौधरी की देश में लोकप्रियता बढ़ी: राय

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल ने उप्र में हुए स्थानीय निकाय चुनाव में पहली बार उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। यह सफलता विपरीत परिस्थितियों में कार्यकर्ताओं और राष्ट्रीय लोकदल के समर्थकों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के द्वारा मुद्दों पर जनता के बीच किये अनवरत संघर्ष एवं जनसम्पर्क की देन है। गुरुवार को प्रदेश कार्यालय पर आयोजित कान्फ्रेंस में राय ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव में सपा और रालोद मिलकर लड़ने की योजना बनाई थी, किन्तु चुनाव की घोषणा होने पर अलग अलग लड़ना पडा कई जगहों पर रालोद तथा सपा के उम्मीदवार आमने सामने थे। ऐसी परिस्थितियों में रालोद ने नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में समर्थकों सहित 24 क्षेत्रों में जीत दर्ज किया है। नगर निगम, नगर पालिका तथा नगर पंचायतों के विभिन्न वार्डो में रालोद के प्रत्याशियों ने अपनी जीत दर्ज की है। जिनकी संख्या लगभग 88 के करीब है। समर्थकों सहित कुल विजयी प्रत्याशी की संख्या 112 है। चुनाव परिणाम वाले दिन सर्वप्रथम राष्ट्रीय लोकदल का खाता अयोध्या के कल्याण सिंह वार्ड में पार्षद की जीत के रूप में खुला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने किसानों की एमएसपी, गन्ना मूल्य, अग्निवीर योजना, महिला उत्पीड़न, किसानों के साथ हुए अत्याचार को प्रमुखता से उजागर कर संघर्ष किया है।

## सांस्कृतिक राजधानी काशी में जी-20 की बैठक होना गर्व का विषय: मुख्य सचिव



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वाराणसी में 11 से 13 जून 2023 तक प्रस्तावित जी-20 बैठक की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक राजधानी काशी में जी-20 की बैठक का होना गर्व का विषय है। बैठक में प्रदेश की समृद्ध परंपरा और संस्कृति का प्रदर्शन किया जाए, इससे राज्य को विश्व स्तर पर नई पहचान मिलेगी।

उन्होंने कहा कि 11 जून 2023 से वाराणसी में प्रस्तावित जी-20 की बैठक के दृष्टिगत सभी तैयारियों को अन्तिम रूप प्रदान किया जाए। आयोजन की तैयारियों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए ताकि बनारस आने वाले मेहमान अच्छी यादें लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि आयोजन के दौरान शहर की सफ ाई-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहे।

पुलिस का व्यवहार फ्रेंडली होना चाहिए। जी-20 के सम्मेलन में पुलिस ऐसा व्यवहार करे, जिससे पूरे महकमे पर गर्व हो। अग्निशमन विभाग किसी भी आपात स्थिति के लिए पूरी तरह से तैयार रहे। अतिथियों के ठहरने एवं खाने-पीने का प्रबंध उच्चस्तरीय होना चाहिए। अतिथियों के लिए भ्रमण आदि की भी व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करा ली जाए। उन्होंने कहा कि अतिथियों के साथ लाइजनिंग अधिकारियों की ड्यूटी का निर्धारण कर उनकी ट्रेनिंग समय से करा दी जाए।

## न हो अनावश्यक पॉवर कट, मंडलायुक्त और डीएम हर रोज करें मॉनीटरिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं। इस संबंध में गुरुवार को शासन स्तर से सभी मंडलों के कमिश्नर और जिलों के डीएम के लिए पर्याप्त दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अनुसार बिजली आपूर्ति को लेकर अधिकारी प्रतिदिन मॉनीटरिंग करेंगे।

अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता की ओर से जारी दिशा निर्देश में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि मंडलायुक्त और जिलाधिकारी हर रोज इस बात को जांचेंगे कि उनके मंडल और जिलों में पर्याप्त मात्रा में ट्रांस्फार्मर और केबल उपलब्ध हैं या नहीं। इसके अलावा जनता की ओर से मिलने वाली शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से हो रहा है या नहीं इसकी भी मॉनीटरिंग हर रोज की जाएगी। शासन की ओर से जानकारी दी गई है कि प्रदेश में गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग बढ़ रही है। दो दिन पहले ही इस साल बिजली की सर्वाधिक मांग 26166 मेगावाट पहुंच गयी थी। जनसामान्य को तथा अन्य वाणिज्यिक एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध होती रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। इसके अनुसार जनपद और मण्डल स्तर प्रतिदिन समीक्षा कर ली जाए कि बिजली आपूर्ति रोस्टर के अनुसार हो रही है या नहीं। अगर अगर कहीं कोई लोकल फाल्ट हुई है तो उसे समय से ठीक कराया जा रहा है या नहीं। बिजली की शिकायतों के लिए पॉवर कॉरपोरेशन के टोल फ्री नम्बर 1912 पर जनता द्वारा दर्ज शिकायतों का समय से निस्तारण हो रहा है या नहीं।

स्टोर में पर्याप्त मात्रा में आवश्यक केबलए ट्रान्सफ ार्मर या अन्य सामग्री उपलब्ध हैं या नहीं। यह सुनिश्चित किया जाए कि जनपद स्तर पर रोस्टर का कड़ाई से अनुपालन हो रहा है या नहीं। इसके अलावा जनपद और मण्डल स्तर पर इस बिन्दु की भी समीक्षा कर ली जाए कि कोई ऐसा क्षेत्र तो नहीं है जहां पर ट्रान्सफार्मर या केबल बार-बार क्षतिग्रस्त हो रहा हो। यदि ऐसी कोई स्थिति है तो उसकी क्षमतावृद्धि कराने के सम्बन्ध में डिस्काम से अविलम्ब कार्यवाही करा ली जाए।

शासन की ओर से ये स्पष्ट किया गया है कि बिजली आपूर्ति के बारे में नियमित रूप से जनप्रतिनिधियों तथा अन्य स्त्रोतों से फीडबैक ले लिया जाए और उस फ ीडबैक के आधार पर समुचित कदम उठाये जाएं। यदि कहीं कोई रिपेयर वर्क है या अन्य किसी कारणों से नियोजित शटडाउन लेने की आवश्यकता हो तो उसका समय से व्यापक प्रचार-प्रसार करा दिया जाए। समाचार-पत्रों में बिजली आपूर्ति के सम्बन्ध में जब भी कोई समाचार प्रकाशित होता है तो उसे तत्काल दिखवा लिया जाए और उसके बारे में मीडिया की सही ब्रीफ्रिंग कर दी जाए। इसके साथ ही डिस्काम के अधिकारियों को यदि बिजली चोरी के अभियान या अन्य किसी कार्य के लिए पुलिस बल की स्थानीय स्तर पर आवश्यकता पड़ती है तो उसे अविलम्ब उपलब्ध कराया जाए।

## नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों का प्रस्ताव खारिज किया, नहीं बढ़ेंगे दाम

● लगातार चौथे साल भी बिजली के दाम न बढ़ने से उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** के तीन करोड़ से अधिक बिजली उपभोक्ताओं के लिए गुरुवार का दिन राहत भरा रहा। विद्युत नियामक आयोग ने इस साल भी बिजली उपभोक्ताओं को बिल के दाम बढ़ने से लगने वाले करंट से बचा लिया। अब इस साल भी बिजली की दर नहीं बढ़ेगी। विद्युत नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों की तरफ से दाखिल 18 से 23 फीसदी बढोतरी के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। एक बार फिर प्रदेश की बिजली दरों में कोई भी बदलाव न करते हुए यथावत रखी गई हैं। यह चौथा साल है, जब बिजली की पूर्व दर ही लागू रहेगी। नियामक आयोग ने बिजली दरों में कमी को रोकने के लिए अपर मुख्य सचिव ऊर्जा द्वारा वितरण हानियों को आरडीएसएस स्कीम के तहत मानने वाला प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। इस वर्ष भी प्रदेश के उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 7988 करोड़ रुपए सरप्लस निकला है। गुरुवार को नियामक आयोग का फैसला आने के बाद उपभोक्ता परिषद ने ऐलान किया कि जब तक बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का बकाया बना रहेगा, तब तक बिजली दर नहीं बढ़ने दिया जाएगा। अब कुल सरप्लस बढ़कर 33121 करोड़ रुपये हो गया है। ऐसे में अगले 10 वर्षों तक दरों में बढ़ोतरी नहीं हो सकती है। बिजली कर्मचारियों यानी कि विभागीय कार्मिकों का जो एलएमवी-10 था उसे टैरिफ शेड्यूल से बाहर कर दिया गया है और अब सभी बिजली कार्मिक घरेलू विद्युत उपभोक्ता की श्रेणी में आएंगे। सभी बिजली कार्मिकों के घरों पर अनिवार्य रूप से मीटर लगाने का आदेश दिया गया है।

# निवेशकों को मिलेगी हर मदद

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

● डीएम ने ली जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक, उद्यमियों की समस्याओं पर हुआ मंथन



**गुरुवार** को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित हुईए जिसमें उद्यमियों की उठाई समस्याओं के समाधान पर गहन मंथन हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। समस्याओं के तत्परतापूर्वक निदान से उद्यमियों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। व्यापारियों द्वारा उठाई समस्याओं के निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के संदर्भ में संबंधित विभागों से पृच्छाछ कर कारण जाना एवं जल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए। उद्यमी अपनी समस्या के संबंध में प्रशासन को जानकारी देकर निदान करा सकते हैं। कहा कि निवेशकों की सुविधा और सहूलियत का ध्यान रखना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए यूपीजीआईएस निवेश को धरातल पर उतारने के कार्य में जो भी बाधा आ रही है, उसे जल्द से जल्द दूर कर लिया जाए। निवेश और उद्योगों की स्थापना के लिए विभिन्न प्रकार की एनओसी और अन्य प्रक्रियाओं में जिन विभागों की भूमिका है, उनका सकारात्मक सहयोग अपेक्षित है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बैठक की आवश्यकता व प्रासंगिकता पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। उद्यमियों के हर समस्या के निदान के लिए प्रशासन तत्पर है। उपायुक्त (उद्योग) संजय सिंह ने गत बैठक में हुए निर्णयों के अनुपालन की जानकारी दी। सहायक निदेशक (कारखाना) जगदीश प्रसाद ने कारखानों के पंजीकरण, लाइसेंसिंग प्रक्रिया बताते हुए पंजीकरण के लिए वांछित प्रपत्र, निर्धारित पंजीकरण शुल्क की जानकारी दी। वही कारखाना अधिनियम 1948 की धारा 85 के तहत आच्छादित कारखानों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों, विभाग द्वारा संचालित पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, एमवाईएसवाई, ओडीओपी वित्तपोषण सहित रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला उद्योग बंधु समिति बैठक की शुरुआत में दिवंगत उद्यमी अनिल शुक्ला के असामयिक निधन पर अफसरों ने उद्यमियों की मौजूदगी में शोक जताते हुए दो मिनट का मौन रखा। एसडीएम श्रद्धा सिंह, सीओ सिटी संदीप सिंह, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, डीसी एनआरएलएम राजेंद्र श्रीवास, एलडीएम अजय कुमार पांडेय, सहायक निदेशक (कारखाना), एएलसी डॉ महेश कुमार पांडेय, एडीआईओ नरेंद्र कुमार, उपायुक्त राज्य कर, विद्युत पीडब्ल्यूडी के अफसर सहित काफी संख्या में उद्यमी व उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# आवारा आतंक ने ली एक और किसान की जान

संवाददाता। सीतापुर

● अब तक कई जिंदगियां उजाड़ चुका आवारा आतंक

● फसल देखने गए किसान, संतोष की आवारा सांड के हमला करने से मौत, सप्ताह पहले सांड के हमले से एक किसान की हो चुकी मौत

योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का एक साल पूरा हो जाने के बाद भी यूपी में आवारा गौवंशों से निजात नहीं मिल पाई है। अभी तक फसलों को बर्बाद करने वाले आवारा पशु अब किसानों, राहगीरों की जान भी लेने लगे है। आतंक का आलम यह है कि जान लेने की घटनाओं में लगातार इजाफा होता जा रहा है। तकरीबन हर रोज इनके हमले से कोई न कोई घायल हो रहा है या मौत हो रही है। गुरुवार को भी थाना कमलापुर क्षेत्र में सांड के हमले से ग्राम पंचायत हरिहरपुर मजरा लखनापुर निवासी 45 वर्षीय किसान संतोष कुमार पुत्र छोटेलाल की मौत हो गई। संतोष सुबह अपना खेत देखने गया था वहां खेत में आवारा सांड गन्ने की फसल को चर कर नष्ट कर रहा था। संतोष फसल को बचाने के लिए सांड को भगाने लगा तो सांड ने संतोष पर हमला कर दिया। संतोष को दौड़ाकर खेत के पड़ोस में बने विद्यालय की दीवार से दबा दिया। जिससे संतोष के सीने पर गहरा घाव हो गया। मौके पर पहुंचे संतोष के परिजन तो हालत गंभीर देख प्राइवेट वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कमलापुर ले जाया गया तो ड्यूटी पर तैनात डा मो शाहिद ने चिकित्सीय परिक्षण के बाद संतोष को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कमलापुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए सीतापुर भेज दिया है। विकास खण्ड कसमंडा क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर सांड के हमले से यह दूसरी मौत हुई है। एक सप्ताह पूर्व 19 मई को जलालपुर मजरा सरवा निवासी 48 वर्षीय गुड्डू शुक्ला पर आवारा सांड ने हमला कर दिया था। हमले में गुड्डू शुक्ला के अलावा गांव के ही विजय सिंह, मल्खे, और 16 वर्षीय सत्यम सिंह घायल हो गए थे। इसमें गुड्डू शुक्ला की मौत ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान हो गई जबकि घायलों का अभी उपचार चल रहा है। विकास खण्ड कसमंडा क्षेत्र में करीब 6 माह पहले कबरा मजरा बिबियापुर निवासी 32 वर्षीय रामलोटन की भी सांड के हमले से मौत हो गई थी। किसान रामलोटन अपने घर से नगर सिधौली जा रहे थे। बाड़ी मार्ग पर आवारा सांड ने उनपर हमला कर दिया। परिजन उन्हे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले जा रहे थे। रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। आये दिन सांड से हो रही लोगों की मौत फिर भी सांडों को गौ आश्रय स्थलों में रखे जाने की कवायद सिर्फ कागजों तक सीमित है। राजधानी से सटे सीतापुर में अब तक सांड के हमलों से कई जाने जा चुकी है। सीएम योगी आदित्यनाथ से लेकर प्रदेश सरकार के मंत्री, विधायकों की तरफ से आवारा गौवंशों को संरक्षित किए जाने के दावे तो खूब होते है लेकिन हकीकत क्या है यह सभी के सामने है, और तो और लखनऊ सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवारा गौवंशों के झुंड के झुंड दिन-रात हाईवे पर घूमते रहते है और दुर्घटना का सबब बनते है अभी विगत दिनो हाईवे पर कस्बा कमलापुर के पास आपस में लड़ाई लड़ रहे दो सांड उधर से गुजर रहे ट्रक से टकरा गए थे। अगर ट्रक की जगह उस समय कोई बाइक अथवा साईकिल सवार गुजर रहा होता तो किसी अनहोनी घटना घटने से इंकार नहीं किया जा सकता। यह तब है जब जिलाधिकारी अनुज सिंह अभी दो दिन पहले अधिकारियों संग बैठक कर आवारा गौवंशों को आश्रय स्थलों में पहुंचाए जाने के निर्देश दिए थे। लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही है। हाईवे किनारे स्थित कस्बा कमलापुर और आस-पास आवारा गौवंशों के झुंड हाईवे और खेतों में घूमते रहते है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद में अगली सुनवाई 12 जुलाई को

**मथुरा।** मथुरा की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से जुड़े मामले की पोषणीयता पर अगली सुनवाई ग्रीष्मा अवकाश के बाद 12 जुलाई को तय की है। कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद को लेकर दायर मुकदमे की पोषणीयता पर दलीलें पेश करते हुए उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के वकील ने बृहस्पतिवार को सिविल जज की अदालत से कहा कि यह मामला सुनवाई योग्य नहीं है, क्योंकि इसे लेकर 1968 में ही समझौते हो गया था। जिला सरकारी वकील संजय गौड़ के अनुसार, बचाव पक्ष के वकील जी पी निगम ने भी अदालत को बताया कि दोनों पक्षों के बीच समझौते को कानून के अनुसार एक नए मुकदमे के माध्यम से चुनौती नहीं दी जा सकती है और वादी केवल समझौते के खिलाफ अपील कर सकते हैं और वह भी केवल तीन महीने की निर्धारित समय सीमा के अंदर। एक अधिवक्ता ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद में सिविल जज सीनियर डिवीजन न्यायालय में तकरीबन एक ही प्रकृति वाले 10 मामलों की सुनवाई थी, लेकिन अदालत का समय समाप्त होने तक केवल एक ही मामले पर बहस जारी रही, इसलिए अदालत ने अगली सुनवाई ग्रीष्म अवकाश के बाद 12 जुलाई को तय की है। उल्लेखनीय है कि बृहस्पतिवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद को लेकर भिन्न-भिन्न लोगों द्वारा दाखिल किए गए मुकदमों में से एक ही प्रकृति (वाद की पोषणीयता को लेकर उठे नागरिक प्रक्रिया संहिता की धारा सात नियम 11) के 10 मामलों की सुनवाई की जानी थी। प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता तनवीर अहमद ने बताया कि बृहस्पतिवार को मनीष यादव के दावे पर पोषणीयता संबंधी बहस हुई। उन्होंने व दूसरे प्रतिवादी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से अधिवक्ता जीपी निगम तथा नीरज शर्मा ने दावे का विरोध करते हुए मामले की सुनवाई न किए जाने के तर्क प्रस्तुत किए। उन सभी का कहना था कि चूंकि वादी ने अपने दावे में भगवान श्रीकृष्ण के वंशज होने का दावा किया है, परंतु इस संबंध में कोई भी साक्ष्य या मान्य तर्क पेश नहीं किया है इसलिए यह मामला सुने जाने योग्य नहीं है।

## हाईकोर्ट ने गैंगस्टर में दोषी करार अफजाल अंसारी का निचली अदालत से रिकॉर्ड किया तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैंगस्टर मामले में गाजीपुर जिला अदालत द्वारा दोषी करार दिए गए अफजाल अंसारी की अपील पर निचली अदालत से रिकॉर्ड तलब किया है। इसके साथ ही कोर्ट ने इस मामले में यूपी सरकार से भी जवाब दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने यूपी सरकार से पूछा है कि याची को जमानत दिए जाने और निचली अदालत के फैसले पर रोक लगाने पर क्या आपत्ति है। कोर्ट इस मामले में अब चार जुलाई को सुनवाई करेगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा ने अफजाल अंसारी की अपील पर सुनवाई करते हुए दिया है। अफजाल अंसारी ने गाजीपुर की एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा गैंगस्टर मामले में सजा सुनाए जाने के फैसले को चुनौती दी है।एमपी एमएलए कोर्ट ने अफजाल को चार साल की सजा सुनाई है। अफजाल ने इसी फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देकर निचली अदालत के फैसले पर रोक लगाने और अपनी जमानत की गुहार लगाई है। बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान याची के अधिवक्ता ने कहा कि निचली अदालत का फैसला सही नहीं है। याची के खिलाफ कोई आरोप बनता ही नहीं था। एक सियासत के तहत याची को फंसाया गया है।

# टेली-कंसल्टेशन हब से मिलेगी गर्भवती माताओं को विशेषज्ञों से इलाज की सुविधा

● दो पीएचसी व एक सीएचसी का सीएमओ व एसीएमओ ने किया निरीक्षण, अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**सीएमओ** डॉ. संतोष गुप्ता और एसीएमओ डॉण् अनिल कुमार गुप्ता द्वारा गुरुवार को पीएचसी कालाआम व सकेतू सहित सीएचसी पसगवां का निरीक्षण किया गया। वहीं इस दौरान सीएचसी पर डीएचसीएल ग्रुप के सहयोग से शुरू की गई टेली कंसल्टेशन हब का शुभारंभ भी किया गया। एसीएमओ डॉण् अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि सीएमओ डॉण् संतोष गुप्ता व उनके द्वारा गुरुवार को सबसे पहले पीएचसी कालाआम का औचक निरीक्षण किया गया। जहां पर डॉ विनोद भारती नदारद मिलेए परंतु पीएचसी पर तैनात अन्य सभी कर्मचारियों द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा थाए जिसे लेकर उनकी सराहना की गई। वहीं इसके बाद पीएचसी सकेतू का निरीक्षण किया गया। जहां पर डॉण् एमएस खान सहित वार्ड बॉय चंद्रप्रकाश अनुपस्थित मिलेए तो वहीं स्टाफ नर्स साक्षी व बीएचडब्लू अनीता वर्मा प्रतिकर अवकाश पर पाई गई। यहां पर कार्यरत लैब टेक्नीशियन को टीबी के कार्यों को करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके बाद वह सीएचसी पसगवां पर पहुंचेए जहां पर अजय प्रकाश काफी समय से अनुपस्थित चल रहे थे इसे लेकर इनके स्थाई पते पर पत्राचार करने के निर्देश दिए गए। वरिष्ठ सहायक मोनिका बिष्ट अनुपस्थित मिलीं। यहां पर डीएचसीएल ग्रुप के सहयोग से टेलीकंसल्टेशन हब का शुभारंभ सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा किया गया। इसके माध्यम से गर्भवती माताओं को प्रशिक्षित डॉक्टरों की सलाह ऑनलाइन माध्यम से मिल सकेगी और उनका बेहतर इलाज हो सकेगा।

## क्विक न्यूज

### कर्मचारी कल्याण सेवा समिति ने की वेतन वृद्धि की मांग



**बरेली।** बरेली कॉलेज बरेली के अस्थाई कर्मचारी संजीव यादव उपाध्यक्ष कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के नेतृत्व में सचिव प्रबंध समिति सचिव देवमूर्ति के कैंप कार्यालय पर उनसे मिले तथा वेतन वृद्धि से संबंधित एक मांग पत्र प्रबंध समिति के सचिव को सौंपा स प्रबंध समिति के सचिव ने सभी कर्मचारियों से अलग-अलग उनका परिचय लिया तथा आश्वासन दिया की प्राचार्य द्वारा जैसे ही बजट मुझे मिलता है। बजट को देखकर सभी कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन देने का प्रयास करूंगा इसके लिए मुझे 15 दिन का समय दिया जाए । उपाध्यक्ष संजीव यादव ने सचिव देवमूर्ति से आग्रह किया कि कम से कम न्यूनतम वेतन अवश्य देने की कृपा करें। जिस पर कर्मचारियों ने खुशी-खुशी सचिव से आग्रह किया कि आप जितना समय चाहे ले ले मगर हम कर्मचारियों को कम से कम सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन अवश्य देने के ऊपर विचार करेंगे । जिस पर सचिव प्रबंध समिति ने भी सहमति जताते हुए सभी कर्मचारियों से संयम बरतते हुए मेहनत से कॉलेज हित में कार्य करने को कहा । इसके उपरांत सभी कर्मचारियों ने सचिव का धन्यवाद करते हुए वहां से कॉलेज के लिए प्रस्थान किया स आज के शिष्टमंडल में रघुनाथ मिश्रा , महेंद्र पाल , राम कुमार कनौजिया , सूर्य प्रकाश शर्मा , किशन पाल यादव , नानक चंद , शिवकुमार , शोभित सैनी , आदिल हुसैन दिनेश कुमार , मुकेश शर्मा , ज्ञान पाल , सुनील कुमार , होरीलाल , राम बहादुर, दीपक , रविंद्र सहारा , शैलेश मिश्रा, बाल गोपाल शर्मा , जीवन पंत, विकास यादव, प्रदीप कुमार , दीपक सहित दर्जनों अन्य कर्मचारी भी सम्मिलित थे ।

### परचम कुशाई के साथ 5वें उर्स-ए-ताजुश्शरिया का आगाज

**बरेली।** सुन्नी बरेलवी मसलक के मजहबी रहनुमा ताजुश्शरिया मुफ्ती मुहम्मद अख्तर रजा खाँ कादरी अजहरी (अजहरी मियां) का दो रोजा उर्स-ए-ताजुश्शरिया का आगाज कल से शुरु होने जा रहा है। उर्स की सभी रस्में काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती मोहम्मद असजद रजा खाँ कादरी की सरपरस्ती में और जमात रजा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एंव उर्स प्रभारी सलमान मियां की सदारत में 26 व 27 मई को दरगाह ताजुश्शरिया और मथुरापुर स्थित मदरसा जामियातुर रजा में मनाया जायेगा। सलमान मिया ने बताया कि हुजूर ताजुश्शरिया के दुनिभर में करोड़ो मुरीद हैं, आप की पैदाइश 26 मोहर्रम 1362 हिजरी बामुताबिक 2 फरवरी 1943 ई0 को हुई, आप के परदादा आला हजरत, दादा हुज्जतुल इस्लाम व वालिद इब्राहीम रजा जोकि मुफस्सिरे आजम के नाम से मशहूर हुए । आप को हुजूर मुफ्ती ए आजम हिन्द ने अपना काइम मकाम व जानशीन बनाया । हुजूर ताजुश्शरिया की इब्तेदाई तालीम अपने घर पर वालिदे माजिदा व वालिदे मोहतरम से हुई । हिंदी व अंग्रेजी आदि की तालीमन इस्लामिया इंटर कॉलेज से की उसके बाद दारुल उलूम मन्जरे इस्लाम में दाखिला लिया और दरसे निजामी (आलिम का कोर्स) मुकम्मल किया, आपके उस्ताद शेख अब्दुल तव्वाव के मश्वरे से आपके वालिद ने आपको मिस्र की मशहूर यूनिवर्सिटी जामिआ अल अजहर 1963 में भेज वहा से आपने 1966 में डिग्री हासिल की द्य हुजूर ताजुश्शरिया ने अरबी, उर्दू, अंग्रेजी आदि भाषाओँ में किताबे लिखीं और आपने आला हजरत की कई किताबों को अरबी में अनुवाद करके अरब देशों तक पहुंचाया, आपने अरबी, उर्दू भाषाओँ में नातों मनकबत लिखीं जिनका मजमुआ सफीना ए बख्शीश और नग्माते अख्तर के नाम से मशहूर है द्य आपका विसाल 7 जीकादा 1439 हिजरी बामुताबिक 20 जुलाई 2018 ई0 को हुआ द्य आपके इंतेकाल की खबर सुनते हुए दुनियाभर में गम का माहोल हो गया, आपके जनाजे में करोड़ो लोगों ने शिरकत की और आपके साहिबजादे व जानशीन हुजूर काइद ए मिल्लत मुफ्ती मुहम्मद असजद रजा खान कादरी ने नमाजे जनाजा पढ़ाई ।

### युवा प्रेस क्लब के अध्यक्ष अब्बास नकवी की अध्यक्षता में बैठक



**मोहम्मदी खीरी।** युवा प्रेस क्लब की एक बैठक क्लब के सोशल मीडिया प्रभारी राशिद मंसूरी के आवास पर क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें संगठन को और मजबूत करने के साथ.साथ जनहित से जुड़े मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाने की मांग कीएअध्यक्ष अब्बास नकवी ने कहा कि हमे आपको हर खबर पर पैनी निगाह रखनी है। समाज को मीडिया से बहुत उम्मीदे है । वही जीते हुए दोनों सभासदों को क्लब के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने शुभकामनाएं और बधाई भी दी। वही क्लब के सदस्य अरुण कुमार राठौर और सहयोगी राहुल राठौर के चाचा राजेश राठौर नगर पालिका परिषद के सभासद चुने जाने पर अध्यक्ष महामंत्री कोषाध्यक्ष सहित सभी ने माला पहनाकर स्वागत किया। वही महामंत्री आकाश सैनी ने पुलिस अधीक्षक के गुड मॉर्निंग पहल को एक सकारात्मक पहल बताया। कोषाध्यक्ष देवरजन मिश्रा ने सभी से मासिक शुल्क समय से जमा करने का अनुरोध किया और कहा हर माह बैठक मे शुल्क जरूर जमा करे। अंत में महामंत्री के चाचा सजय सैनी की आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु पर सभी सदस्यों और पदाधिकारियों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### सीतापुर नगर पालिका परिषद की 25वीं चेयरमैन के रूप में शपथ लेंगी नेहा अवस्थी

सीतापुर। सीतापुर की 11 निकायों के अध्यक्ष और 228 सभासदों के इंतजार की घड़ियां खत्म होने जा रही हैं, अध्यक्ष और सभासदों के शपथ ग्रहण की तिथियां तय हो गई हैं। सीतापुर में 26 और 27 मई को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए जाएंगे। 28 साल बाद सीतापुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद पर नेहा अवस्थी ने कमल खिलाने का काम किया है। नवनिर्वाचित चेयरमैन नेहा अवस्थी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह उनके चुनावी कार्यालय उत्सव गेस्ट हाउस में 26 मई को शाम 5 बजे होगा। नेहा अवस्थी सीतापुर नगर पालिका परिषद की 25वीं चेयरमैन के रूप में शपथ लेंगी।

### योगाभ्यास व ताली वादन से सुधारेंगे सेहत



गोंडा। आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जनचेतना फैलाने के उद्देश्य से राजकीय हाउसिंग कॉलोनी स्थित पर्यावरण चेतना पार्क में नियमित योगाभ्यास कराया जाएगा। यह जानकारी देते हुए चेतना क्लब के संयोजक डा. ओंकार पाठक ने बताया कि वैसे तो इसकी शुरुआत हो चुकी है, किंतु विशेष रुप से 01 जून से 21 जून 2023 तक प्रातः 5.00 से 6.30 बजे तक प्रतिदिन प्राणायाम, योगासन, ताली वादन व हास्य योगा आदि का अभ्यास कराया जाएगा। यह कार्यक्रम चेतना क्लब हाउसिंग कॉलोनी, गोंडा के तत्वावधान में संपन्न होगा। इस योगाभ्यास कार्यक्रम के आयोजक अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गोंडा डॉ0 ए0पी0 सिंह ने कहा कि योग शिविर में भाग लेने वाले योगा मैट अथवा चादर या चटाई लेकर ढीले वस्त्रों में आएं।आवश्यकतानुसार पानी की बोतल अपने साथ रखें।

## कार्यशाला में अधिकारियों को दी गयी पूरी जानकारी

गोंडा। उत्तर प्रदेश शासन के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा लखनऊ में रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन्स सेंटर की स्थापना की गई है। इसके संबंध में जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी जनपद में किए जा रहे विकास व निर्माण कार्यों की मैपिंग करते हुए उनको संबंधित पोर्टल पर दर्ज करें। कार्यशाला में वैज्ञानिकों द्वारा रिमोट सेंसिंग (दूर संवेदन), जीआइएस (ग्लोबल इंफार्मेशन सिस्टम) एवं जीपीएस (ग्लोबल पोजिशन सिस्टम) तकनीक के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया गया कि इस तकनीक का उपयोग कृषि, राजस्व, भू-संचय, जल-संचय, प्राकृतिक आपदा, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, सिंचाई विभाग, जल निगम, नलकूप, सड़क, वन में किया जाता है। भुवन पोर्टल पर भी जाकर इस संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# प्रधान की दिन-दहाड़े गोली मारकर हत्या

**गोंडा।** तरबगंज थाना क्षेत्र के भानपुर चौराहे पर एक दुकान पर बैठे प्रधान की गोली मार कर हत्या कर दी गई है। दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या करने से कस्बे में दहशत का माहौल है। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज सिंह, सीओ तरबगंज व थानाध्यक्ष भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजवाया है। वहीं घटना को लेकर लोगो मे काफी आक्रोश व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार तरबगंज थाना क्षेत्र के परियावा ग्राम पंचायत के 45 वर्षीय प्रधान भूपमणि शुक्ला पुत्र परमहंस शुक्ला अपने साथियों के साथ भानपुर कस्बे में एक दुकान पर बैठकर गांव के कुछ लोगों की समस्या पर चर्चा कर रहे थे। तभी तीन युवक दुकान पर पहुँचे और प्रधान को गोली मार दिया। गोली प्रधान के फेफड़े में लगी। घायलावस्था मे प्रधान को तरबगंज सीएससी लाया गया। जहां हालत गम्भीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पंहुचने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। प्रधान की मौत की खबर सुनते ही गांव के लोगो की भीड़ भानपुर कस्बे में उमड़ पड़ी और हंगामा किया। किसी तरह से भीड़ को पुलिस ने समझाया बुझाया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजवाया। इस बावत मृतक प्रधान के पिता परमहंस शुक्ला ने बताया कि गांव की आबादी की जमीन को भानपुर गांव के कुछ युवक जबरन कब्जा कर रहे थे। जिसका विरोध प्रधान ने किया था। उसी रंजिस को लेकर गोली मार कर हत्या कर दी गई। पिता ने यह भी बताया कि आबादी की जमीन के कब्जे की शिकायत पुलिस से किया गया था लेकिन पुलिस ने उन युवको के खिलाफ में कोई कार्यवाही नही किया था। इससे हमलावरो का हौसला बुलंद था।

## किसानों ने आवारा पशुओं को पानी की टंकी में किया बंद

**ढखेरवा-खीरी।** तहसील धौरहरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत हौकना मटेरा में आवारा पशुओं से परेशान किसानों ने आज पानी की टंकी में बंद किया वही इसके बारे में जब गांव के लोगों से बातचीत की गई तब उन्होंने बताया कि हम लोग को आए दिन परेशान होते रहते हैं वह शासन-प्रशासन को सूचना देते हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं करते देखना यह है कि आवारा पशु पानी की टंकी में रहकर मरेंगे या शासन-प्रशासन इस पर गौर करेगा वही गांव के किसानों का कहना है कि इसके बारे में 141 विधान सभा धौराहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने भी वादा किया था कि हम 40 दिनों में गायों का समाधान कर देंगे लेकिन अभी तक वादे पर भी नहीं उतरे वही ग्राम पंचायत हौकना मटेरा की जनता का कहना है कि यदि गायों का समाधान नहीं हुआ तो हम लोग अनशन पर बैठेंगे फिर उसके बाद आत्महत्या भी कर लेंगे अब देखना यह है कि योगी सरकार इस पर ध्यान देती है या नहीं।


# समारोह में किसान हुए सम्मानित



संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

**आईशर** ट्रेक्टर एजेंसी के माध्यम से किसान सम्मान समारोह हुआ आयोजितए बरबर रोड पर स्थित आयशर ट्रैक्टर एजेंसी के प्रोपराइटर नवनीत कुमार बाजपेई और प्रबंधक अरुण कुमार शुक्ला ने बताया कि दो वर्षो मे लगभग 225 आईशर ट्रेक्टर किसानों द्वारा मेरी ऐजेंसी से खरीदे गएए तथा कमपनी के दिए गए लक्ष्य को शत प्रतिशत हासिल किया गया हैए वही एरिया मैनेजर द्वारा किसानों को आईसर ट्रेक्टर एजेंसी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एइसी संदर्भ में किसान सम्मान समारोह आयोजित किया गया है एजिसमें चिन्हित किसानों को सम्मान समारोह में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है एजिसमें मोहम्मद इशरार तौले प्रधान, विनोद सिंह, मुनेश्वर सिंह ,रोशन लाल सहित अन्य किसानों को प्रोपराइटर नवनीत कुमार बाजपेई, प्रबंधक अरुण कुमार शुक्ला और एरिया मैनेजर प्रदीप सिंह के माध्यम से सम्मानित किया गया।

# न डॉक्टर मिले ना ही संपूर्ण दस्तावेज सीएमओ ने सीज किए दोनों अस्पताल




संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**अवैध** रुप व बिना डॉक्टर्स के चल रहे अस्पतालों पर रोक लगाने के उद्देश्य से गुरुवार को सीएमओ डॉण् संतोष गुप्ता और एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से दो अस्पतालों का निरीक्षण किया गया। जहां पर न तो डॉक्टर मिले ना ही पैरा मेडिकल स्टाफ और ना ही दस्तावेज संपूर्ण थे। ऐसे में दोनों अस्पतालों को सीज किया गया। गुरुवार को भ्रमण के दौरान सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता के नेतृत्व में जेबीगंज स्थित न्यू सिटी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया। यह अस्पताल बेसमेंट में चल रहा था। लेबर रूम में दीवार से सीवर लाइन निकली हुई थी। नॉन रीसाइक्लिंग क्लब्स को रीसाइक्लिंग साइकिल किया जा रहा था। मेडिकल व पैरा मेडिकल कोई भी स्टाफ मौजूद नहीं था। रजिस्ट्रेशन में किसी दूसरे डॉक्टर का नाम था और बोर्ड पर किसी दूसरे डॉक्टर का नाम था। जिसके बाद इस अस्पताल को सीज कर दिया गया।

वहीं इसके बाद मैगलगंज स्थित न्यू डिवाइन हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया है। यहां पर जीएनएम रानी पांडे स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में कार्य करती पाई गई। डिलीवरी रूम में सीलन थी। न ही फार्मासिस्ट और ना ही डॉक्टर थे। फायर एनओसी फायर एनओसी नहीं थी। ऐसी अनियमितताएं मिलने पर इस अस्पताल को भी सीज कर दिया गया।

# नये संसद भवन में महर्षि दयानंद सरस्वती का चित्र लगाने की मांग

संवाददाता। बरेली।

**मान्यता** प्राप्त शिक्षण संसथाओं का संगठन बेसिक शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष तथा कायस्थ चित्रगुप्त महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश चन्द्र सक्सेना ने 28 तारीख को उद्घाटित होने जा रहे नये संसद भवन में महर्षि दयानंद सरस्वती का चित्र भी प्रमुख स्थान पर लगाते जाने की मांग की है। जगदीश ने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि इस भवन में पूर्व प्रधान-मन्त्रियों, अन्य नेताओ व महापुरुषों के चित्र लग रहे हैं, इन चित्रों में आजादी के प्रथम स्वप्न दृष्टा, स्वराज्य शब्द के उद्घोषक, आजादी के आन्दोलन कारियों को स्वतंत्रता सैनानी नाम देने वाले महर्षि दयानन्द सरस्वती का नाम नहीं देखकर बहुत दु:ख हुआ। स्वामीजी के स्वतंत्रता आन्दोलन में योगदान में कांग्रेस के अध्यक्ष-पट्टाभिसीतारमैया ने बताया कि अस्सी प्रतिशत स्वतन्त्रता सैनानी स्वामी दयानन्द सरस्वती की विचारधारा से प्रेरित आर्यसमाज की देन हैं, इतना ही नहीं नारी शिक्षा, सामाजिक जागरण में स्वामी जी का अग्रणी योगदान भुलाया नहीं जा सकता। नवजागरण के पुरोधा स्वामी दयानन्द जी का चित्र संसद में प्रमुख स्थान पर लगे यह हमारी एकमात्र माँग हैं। स्वामी दयानन्द जी की जन्म द्विशताब्दी वर्ष में आर्य जनों को सरकार अविस्मरणीय तोहफा होगा। उन्होंने समस्त आर्यसमाजियों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्रीय सांसद को प्रधानमंत्री को सम्बोधित चित्र लगाए जाने हेतु ज्ञापन दें।

**रंजिश के चलते दबंगों ने घर में लगाई आग:**बरेली । रंजिश के चलते दूसरे समुदाय के दबंगों ने एक युवक के घर में आग लगा दी पीड़ित ने तीन लोगों के विरुद्ध तहरीर दी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी ।भुता थाना क्षेत्र के गांव केसरपुर निवासी मुकेश गिरी पुत्र हुई गिरी की गांव के ही रहने वाले सरताज, सोनू और साजिद से रंजिश चल रही है मुकेश ने आरोप लगाया कि देर रात आरोपियों ने अपने साथियों के साथ उसके घर में आग लगा दी।

# सृजन वेलफेयर सोसाइटी ने शुरू की भोजन सेवा ताकि कोई भूखा न रहे



संवाददाता। बरेली।

**सृजन** वैलफेयर सोसाइटी ने गुरुवार को भोजन सेवा की जिसका मुख्य उद्देश्य था कि कोई भूखा न रहे। ये जानकारी अध्यक्ष डॉ दीक्षा सक्सेना ने दी। उन्होंने आगे कहा कि महीने में लगातार इस प्रकार की भोजन और जल सेवा सोसायटी करती आ रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य है कि कोई भी जरूरत मंद भूखा न रहे। उनके अनुसार इस प्रकार के कार्य करके बहुत आत्मा संतुष्टि मिलती है। आज की भोजन सेवा में छोले चावल और हलुआ का प्रसाद बांटा गया। ये सेवा दुर्गा मंदिर, डी डी पुरम पर सोसाइटी ने की। करीब 500 लोगों ने आज की भोजन सेवा का लाभ उठाया। जल्दी ही सोसाइटी भीषण गर्मी को देखते हुए शर्बत कैंपों को भी लगातार लगवाने जा रही है। सभी सदस्यों का कहना है कि दूसरों की सेवा करके बहुत आनंद मिलता है। आज की भोजन सेवा सुबह 9 बजे से 11 बजे तक चली। इस अवसर पर दीक्षा सक्सेना, अमित गौड़, रविन्द्र शर्मा, दिलीप पाठक, चंद्र मोहन, यशवंत सिंह, राजीव सक्सेना आदि सोसाइटी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अटल जल शक्ति यात्रा को लेकर चित्रकूट पहुंचे पद्मश्री उमाशंकर

●पद्मश्री के प्रयासों से बुंदेलखंड में भूगर्भ जल संरक्षण के प्रति बढ़ी जागरूकता - दिव्या त्रिपाठी




**संवाददाता।** चित्रकूट

**भूगर्भ** जल संरक्षण को संरक्षित करने का संदेश देने के लिए उत्तर प्रदेश जल शक्ति मंत्रालय द्वारा पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय के नेतृत्व में निकाली गई अटल जल शक्ति यात्रा गुरुवार को भारत रत्न नानाजी देशमुख की कर्मभूमि चित्रकूट पहुंची। यात्रा का स्वागत करने के बाद डीआरआई के संगठन मंत्री अभय महाजन ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को सेमरिया जगन्नाथ वासी गांव के लिए रवाना किया। जहां पदमश्री उमाशंकर पांडेय ने गांव की पूर्व प्रधान दिव्या त्रिपाठी द्वारा वर्षा जल के संरक्षण एवं तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए किये गये उल्लेखनीय कार्यों की जमकर सराहना की।

गुरुवार को बांदा से चलकर भगवान श्रीराम की तपोभूमि एवं भारत रत्न नानाजी देशमुख की कर्मभूमि चित्रकूट पहुंची अटल जल शक्ति यात्रा का डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन एवं दिव्या त्रिपाठी आदि समाजसेवियों द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद पदमश्री से सम्मानित बुंदेलखंड के जल योद्धा उमाशंकर के नेतृत्व में यात्रा सेमरिया जगन्नाथवासी गांव पहुंची। गांव के आदर्श तालाबों आदि का अवलोकन करने के बाद पदमश्री उमाशंकर पांडेय ने गांव की पूर्व प्रधान दिव्या त्रिपाठी द्वारा भूगर्भ जल संरक्षण की दिशा में किये गये कार्यों की सराहना की और कहा कि ऐसे रोल मॉडल गांव बुंदेलखंड के हर जिले में होना चाहिए। जल से लबालब तालाबों को देख प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री पांडेय ने कहा कि यह एक महान कार्य है। जीवन के लिए जल का महत्व सबसे अधिक है।

# राजापुर में हुआ स्वदेशी खादी मेला महोत्सव का शुभारंभ



**संवाददाता।** राजापुर, चित्रकूट

**गोस्वामी** तुलसीदास जी की जन्मस्थली राजापुर के तुलसी चौक के पास स्वदेशी खादी महोत्सव हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट हस्तशिल्प प्रदर्शनी का शुभारंभ उप जिलाधिकारी राजापुर द्वारा गौरी गणेश की पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर किया गया। स्वदेशी खादी महोत्सव के अवसर पर एसडीएम प्रमोद झा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में हथकरघा के माध्यम से सूती वस्त्रों खादी वस्त्रों तथा उच्च कोटि के कंबलों के निर्माण पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनुदान के रूप में सहायता का प्राविधान तथा बुनकरों को राष्ट्रीय कृत बैंकों से सस्ते दरों पर ऋण की भी सुविधा सरकार दे रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योग के रूप में छोटे-छोटे हथकरघा लगाकर कम पूंजी में अच्छी कमाई की जा सकती है। आज के वैश्वीकरण युग में शहरी क्षेत्रों में इंपोर्टेड के नाम पर खादी और सूती वस्त्रों का चलन कम हो रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में सूती और खादी ग्रामोद्योग द्वारा हस्तशिल्प मेला महोत्सव के माध्यम से स्वदेशी निर्मित वस्त्रों के प्रचार प्रसार से ही समाज में जागरूकता पैदा हो सकती है। मेले के आयोजक अनमोल गुप्ता का कहना है कि राष्ट्रीय स्तर पर मेले लगाकर ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम उद्योग कुटीरों के माध्यम से निर्मित सूती खादी कपड़े हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट हस्तशिल्प प्रदर्शनी लगाकर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए प्रचार प्रसार के साथ जागरूकता अभियान चलाया जाता है।

# पुलिस ने किया देह व्यापार का भंडाफोड़

●दो युवतियों समेत मैनेजर गिरफ्तार

●पुलिस की छापेमारी में अवैध धंधे का खुलासा




**संवाददाता।** चित्रकूट

**सतना** जिले की धार्मिक नगरी चित्रकूट के एक होटल में सेक्स रैकेट पकड़ा गया है। होटल में देह व्यापार चल रहा था। पुलिस ने यहां से दो युवतियों को हिरासत में लिया है। गुरुवार को चित्रकूट के होटल मे छापामारी कर नयागांव थाना पुलिस ने सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया। इस होटल में देह व्यापार चलते हुए पाया गया है। पुलिस ने दो युवतियों को हिरासत में लिया है, जबकि युवक फरार होने में कामयाब हो गया। पकड़ी गई दोनों युवतियां मप्र के बाहर अन्य प्रांत की हैं। पुलिस को इस होटल में पिछले काफी समय से देह व्यापार और अन्य अनैतिक कारोबार चलाए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। बुधवार को पुलिस ने प्लानिंग कर होटल में रेड डाली। पुलिस कर्मी को ग्राहक बनाकर डीलिंग कराई गई। सब कुछ तय हो जाने के बाद ग्राहक बने पुलिस कर्मी को होटल में भेजकर पुलिस टीम ने दबिश दे दी। दो युवतियां और दो युवक पहले से मौजूद थे, उन्हें आपत्तिजनक हालत में पाया गया।

बताया गया कि पश्चिम बंगाल की दो युवतियां होटल राम दरबार में ही रहती थीं। इनके पास तक कस्टमर लाने को एजेंट लगे थे। पुलिस ने यहां एक आरक्षी को ग्राहक बनाकर 15 सौ रुपए में सौदा तय कराया। सिविल यूनिफॉर्म में आरक्षक को होटल में भेजा गया। उसके पहुंचने के कुछ समय बाद ही पुलिस पार्टी ने दबिश दे दी।

## कृषि उत्पादों के निर्यात को दें बढ़ावा : अभिषेक आनंद

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कृषि विपणन एवं कृषि निर्यात की बाबत जिला स्तर पर क्लस्टर सुविधा इकाई समिति के उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने को नए ढांचे की व्यवस्था करना, कृषि फसलों एवं उत्पादों के निर्यात की क्षमता का सदुपयोग करना तथा किसानों एवं अन्य हित धारकों की आय पर्याप्त रूप से बढ़ाने की चर्चा की। गुरुवार को कैम्प कार्यालय में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी को जैविक खेती के बारे में उप कृषि निदेशक ने बताया कि जैविक (कठिया गेहूं) का कलेक्टर रैपुरा में बनाया गया है। डीएम ने उप कृषि निदेशक को निर्देश दिये।

# काशी में सम्मानित किये गये जनपद के पांच शिक्षक



**पुखरायां, कानपुर देहात।** दिनांक 24 मई 2023 को मिशन शिक्षण संवाद का राज्य स्तरीय शैक्षिक चिंतन शिविर वाराणसी के पब्लिक स्कूल केराकतपुर में संपन्न हुआ। जिसमें उप शिक्षा निदेशक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जौनपुर श्री राकेश सिंह, बीएसए श्री अरविंद पाठक बतौर अतिथि सम्मिलित हुए। मिशन शिक्षण संवाद के संस्थापक श्री विमल कुमार के इस शैक्षणिक समूह की सराहना की। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए मिशन शिक्षण संवाद के सभी सदस्य शिक्षकों को प्रोत्साहित किया। उक्त शैक्षिक चिंतन शिविर में विभिन्न जनपदों से आये शिक्षकों ने प्रतिभाग करते हुए अपने अपने नवाचारों को प्रस्तुत किया। शिविर में अपने जनपद कानपुर देहात के उच्च प्राथमिक विद्यालय मॉडल स्कूल सरैंया लालपुर मैथा से अध्यापक कृष्ण बिहारी अग्निहोत्री, उच्च प्राथमिक विद्यालय सुखसौरा मलासा से आलोक श्रीवास्तव, प्राथमिक विद्यालय करसा, सरवनखेड़ा से प्रीति शर्मा, संविलियन विद्यालय स्योंदा सरवनखेड़ा से इंचार्ज प्रधानाध्यापक रश्मि और प्राथमिक विद्यालय किशनपुर मैथा से गरिमा सिंह चंदेल ने प्रतिभाग किया। शिक्षकों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सभी को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है।

# प्रदेश में स्वीकृत तीन पार्कों में कानपुर देहात को मिला स्थान

●उद्योग उपायुक्त को मुख्यमंत्री ने दिया प्रशस्ति पत्र

**कानपुर देहात।** निजी औद्योगिक पार्कों के विकास के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की नवीन प्लेज पार्क योजना : प्रमोटिंग लीडरशिप एंड इंटरप्राइजेज फॉर डेवलपमेंट ऑफग्रोथ इंजन के अंतर्गत पूरे प्रदेश से में केवल 3 पार्क स्वीकृत हुए हैं जिनमे दूसरा कानपुर देहात में है। इस हेतु लखनऊ में 5 कालिदास मार्ग में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के आवेदनकर्ता सुबोध अग्रवाल को मुख्यमंत्री द्वारा 2.75 करोड़ रुपये की चेक वितरित की गई। प्लेज पार्क योजना में योजना के लांच के मात्र 3 महीने के अंदर न्यूनतम समय मे प्लेच पार्क स्वीकृति कराने हेतु पूरे प्रदेश से उद्योग विभाग के मात्र 3 अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में जनपद कानपुर देहात के उपायुक्त उद्योग चंद्रभान सिंह को मुख्यमंत्री महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सराहनीय कार्य हेतु सम्मानित किया। ये प्लेज पार्क भोगनीपुर तहसील के ग्राम गौर पाठक में उद्यमी श्री सुबोध अग्रवाल द्वारा 11 एकड़ में विकसित किया जाएगा। इस औद्योगिक पार्क के बनने से उद्यमियों को औद्योगिक भूमि उपलब्ध होगी साथ ही साथ रोजगार सृजन भी होगा।

# विभागीय योजनाओं की जानकारी रखें जिला स्तरीय अधिकारी : उपमुख्यमंत्री

●डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने ली विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक



**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**उपमुख्यमंत्री** बृजेश पाठक की अध्यक्षता में विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। फतेहगढ़ कलक्ट्रेट सभागार बैठक में उप मुख्यमंत्री ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी संबंधित विभागीय योजनाओं की जानकारी फिंगर टिप्स पर रखें और सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु पूरी ईमानकारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करें। उप मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को निर्देशित करते हुये कहा कि महिला संबंधित अपराधों में चार्जशीट ससमय लगे और सभी मामलों में ठीक से पैरवी करे और बेल न होने दें। जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करे कि 30 दिन के अन्दर पैमाइश के मामलों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देशित करते हुये कहा कि आज ही शाम तक जिन पशुओं का इलाज किया गया है उनके मालिको से भौतिक सत्यापन कराकर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि चिकित्सक का एक भी पद खाली नहीं रहना चाहिए। सभी चिकित्सकों के पदों पर चयन प्रक्रिया पूर्ण की जाये।

डिप्टी सीएम द्वारा आज डीएम कार्यालय में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के अन्तर्गत लाभार्थी युवाओं को 10 टेबलेट वितरित किये गये व 648 टेबलेट वितरण हेतु शैक्षणिक संस्थानों को उपलब्ध कराये गये। इसी क्रम में उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत 10 लाभार्थियों को आवास की चाबी पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत 10 लाभार्थियों को प्रतिकात्मक चेक वितरित किये गये।

# सभी के सहयोग से कूड़ा प्रबंधन में मिसाल कायम करेगा जनपद :डीएम



●कूड़ा निस्तारण एमआरएफ कचरा संग्रहण केंद्र हुआ संचालित

**उरई,** जालौन। जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने आज नगर पालिका परिषद उरई नया पटेल नगर परिक्षेत्र में बने एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने कचरा प्रबंधन के बारे में जानकारी की जिसके बाद अधिशासी अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अंतर्गत कूड़ा निस्तारण के लिए एमआरएफ कचरा संग्रहण केंद्र संचालित हो रहा है। नगर से एकत्र किए जाने वाले कूड़े से विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट निकाल कर उन्हें पृथक किया जाता है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग एकत्र करें, सूखे कूड़े को विभिन्न प्रकार से पृथक कर बाजार में बिक्री किया जाए तथा गीले कूड़े का खाद बनाकर उसे कंपोस्ट बनाकर किसानों को दिया जाए। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार से सभी नगर निकायों को यह प्रबंधन अपनाना होगा। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि वार्डो से ही सूखा व गीला कूड़ा, हरा व नीले डिब्बे से अलग कर सेंटर पर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि कूड़ा प्रबंधन में जनपद वासियों का सहयोग मिलेगा तो अवश्य ही कूड़ा प्रबंधन में मिसाल स्थापित करेगा।

# तीन राजकीय नलकूपों को मोबाइल से स्टार्ट कर नयी टेक्नोलॉजी की शुरुआत

**हमीरपुर।** जिले में अब सभी राजकीय नलकूप मोबाइल से स्टार्ट किये जायेंगे। फिलहाल दस राजकीय नलकूपों में तीन नलकूपों में मोबाइल स्टार्टर स्थापित कर दिये गये है,अब जो भी नये स्टार्टर शासन से आयेंगे वे सभी मोबाइल अपडेटेड होंगे। राजकीय नलकूप के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार श्रीवास्तव ने आज बताया कि नयी टेक्नालांजी के अनुसार अब राजकीय नलकूपों में जो भी स्टार्टर आयेगे वे सभी मोवाइल से संचालित होगे,नयी तकनीकि के अनुसार स्टार्टर में एक विशेष प्रकार का सिम लगाया गया है उसका पासवर्ड व नंबर केवल आरपेटर के पास रहेगा। आज कुरारा ब्लाक में कुसमरा गांव में नलकूप को मोवाइल से चालू कर उसे प्रारम्भ कर दिया गया है। आपरेटर कहीं से भी बैठकर नलकूप चालू कर सकेगा बस केवल नेटवर्क आना चाहिये। जैसे ही मोवाइल में 044 नंबर डायल किया जायेगा उसी समय नलकूप स्टार्ट हो जायेगा। इसी प्रकार बंद करने का भी नंबर आवंटित कर दिया गया है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि इसके लिये विभाग के अवर अभियंता, सहायक अभियंता, आपरेटरों को प्रशिक्षित कर दिया गया है।

**शनिदेव मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा कर मंदिर में हुई स्थापना:**बिंदकी (फ्तेहपुर)। विकास खण्ड देवमई के गांव हरदासपुर मे भगवान भूतभावन नीलकंठेश्वर महादेव के मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय चल रही शनिदेव मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में आज तीसरे अंतिम दिन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर में न्याय के देवता शनिदेव मूर्ति में आचार्यों के द्वारा प्राणप्रतिष्ठा कराकर मंदिर में स्थापित कराया गया। कार्यक्रम के आयोजक दिनेश चन्द्र मिश्रा ने बताया कि तीन दिवसीय शनिदेव की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आज सुबह से ही शनिदेव की पूजा अर्चना के लिए क्षेत्र के भक्तों का ताता लगा रहा है। अनुष्ठान में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और शनिदेव की पैर पूजा कर कष्टों को दूर करने की प्रार्थना किया। वैदिक मंत्रों के साथ विधिवत शास्त्रोक्त विधि से शनिदेव की प्राण प्रतिष्ठा कराकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर स्वयं को कृतार्थ किया। इस मौके पर आचार्य पंडित रमेश चंद्र शास्त्री, विजय कुमार शास्त्री, प्रभात कुमार तिवारी, विमल दीक्षित, कार्यक्रम के आयोजक दिनेश चंद्र मिश्रा अविनाश कुमार तिवारी, सुनील कुमार शुक्ला, मयंक शुक्ला, हिमांशु तिवारी, निखिल शुक्ला,आशू शुक्ला, राजकमल कुशवाहा सहित ग्रामीणों ने अपना भरपूर सहयोग किया।

## महर्षि भृगु स्वागत द्वार का डीएम व ब्लाक प्रमुख ने किया लोकार्पण

**फतेहपुर।** भिटौरा ब्लाक के डोलेपुर उनवा के समीप क्षेत्र पंचायत द्वारा अनुमानित लागत 9.84 लाख की लागत से कार्यदायी संस्था-क्षेत्र पंचायत भिटौरा द्वारा निर्माण कराये गए महर्षि भृगु स्वागत द्वार का लोकार्पण जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति एवं ब्लॉक प्रमुख भिटौरा अमित तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शिलापट्ट खोलकर व फीता काटकर किया। इस द्वार के निर्माण से भ्रूगू की तपोस्थली की धरती मे रहने वाले लोगों में उत्साह दिखा। इस स्वागत द्वार के निर्माण से यहां दूर दूर से आने वाले लोगों को महर्षि भृगु एवं इस दिव्य भूमि के आलौकिक इतिहास के विषय मे जानकारी हो सकेगी। तत्पश्चात जिलाधिकारी एवं ब्लॉक प्रमुख भिटौरा ने ब्लॉक परिसर भिटौरा में निर्माण कराये गए प्रमुख भवन के शिलापट्ट का अनावरण किया और ब्लॉक परिसर में पीपल का पौधा रोपित कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया।

# साध्वी ने की लोक निर्माण व सेतु निगम अधिकारियों के साथ बैठक

**फतेहपुर।** जिले की सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने आज लखनऊ स्थित वीवीआइपी गेस्ट हाउस में जनपद में सड़क व पुलों से संबंधित समस्याओं को लेकर लोक निर्माण व सेतु निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक लिया। साध्वी ने मुख्य रूप से गाजीपुर से विजईपुर मार्ग के निर्माण के बाबत जानकारी की तो प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग आशुतोष द्विवेदी एवं मुख्य अभियंता संजय श्रीवास्तव व अधीक्षण अभियंता एनके यादव ने बताया इस मार्ग का एस्टीमेट पुनः बनवाया जा रहा है जिसे 15 जून तक हर सूरत में पूर्ण करा कर शासन को भेज देंगे। मुख्यमंत्री से मंजूरी मिलते ही कार्य प्रारंभ की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया शहीद पथ जो खजुहा, पहुर, रावतपुर होते हुए शिवराजपुर को जाता है, इस मार्ग का भी 15 जून तक चौड़ीकरण एस्टीमेट बनाकर भेज दिया जाएगा।

बैठक में उपस्थित राज्य सेतु निगम के प्रबंध निदेशक राकेश कुमार सिंह से साध्वी ने फ्तेहपुर शहर के अंदर शादीपुर उपरिगामी सेतु की जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि प्राक्कलन बनाकर प्रदेश सरकार से केंद्र सरकार को भेजा गया है, जिसकी मंजूरी मिलते ही कार्य प्रारंभ होगा। फ्लिहाल कटरा से नरैचा मार्ग में रिंद नदी का पुल निर्माण हेतु 15 करोड़ रूपए स्वीकृत हो गए हैं, जिस पर निर्माण चालू होने जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि रिंद नदी पर 4 पुल व पांडु नदी पर एक पुल प्रस्तावित है जो शासन स्तर पर मंजूरी हेतु लंबित हैं। साध्वी ने दोनों अधिकारियों को निर्देशित किया कि सही ढंग से पैरवी करके मंजूरी दिलवाएं।

कहीं कोई दिक्कत होने पर उन्हें अवगत कराएं। साध्वी ने कहा कि शीघ्र ही विभाग के मंत्री व मुख्यमंत्री से भेंटकर अधूरे कामों को शीघ्र पूर्ण करवाएंगी।

## सर्विस सेंटरों से किसान ईकेवाईसी करायें : गौरव

**उरई,** जालौन। अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत समस्त पात्र कृषकों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से बृहद ग्राम पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा अधिकृत सीएससी ई गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के कॉमन सर्विस सेंटर संचालक द्वारा ईकेवाईसी की जा रही है। जिसमें अहम भूमिका जनपद कृषि अधिकारी गौरव यादव एवं जिला प्रबंधक आलोक पाल सीएससी से सामंजस्य स्थापित कर जिले के 80 स्थानों पर कैंप आयोजित की गई है। जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव द्वारा यह बताया गया प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना दिसंबर 2018 से संचालित है अप्रैल से जुलाई 2023 की अवधि हेतु 14वी किस्त के भुगतान के लिए लाभार्थी कृषकों को ईकेवाईसी होना अनिवार्य है प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 22 मई 2023 से 10 जून 2023 तक बृहद ग्राम पंचायत शिविरों का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत में किया जाएगा।

## ईरिक्शा में जेबकतरे ने उड़ा दी 2 लाख की रकम

**उरई,** जालौन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन भारत विकास परिषद के प्रकल्प समग्र ग्राम विकास के राष्ट्रीय उप चेयरमैन चेयरमैन जीवनराम गुप्ता आज सुबह जब 2 हजार के 2 लाख रुपए अपने बैंक में जमा कराने जा रहे थे तभी ई-रिक्शा में उनके साथ बैठे उनके पैंट की टिकट पॉकेट को काटकर दो लाख रुपये उड़ा दिए। इस पर श्री गुप्ता ने पकड़ो पकड़ो रुपए लेकर जा रहा है चोर का शोर मचाया तब तक स्टेट बैंक के सामने से उसका साथी अपाचे बाइक लेकर आ गया और और अपने साथी पॉकेटमार को बिठाकर रफू चक्कर हो गया। इस संबंध में पुलिस को जानकारी देते हुए समग्र ग्राम विकास के राष्ट्रीय चेयरमैन जीवनराम गुप्ता ने बताया कि वह आज सुबह 9 बजे अपने घर मंडपम राठ रोड उरई से डॉक्टर चंद्रा को अपना फैक्चर वाला पाव दिखाने एवं अपने बैंक बैंक ऑफबड़ौदा में दो हजार के दो लाख के नोट जमा कराने जाना था। इसी बीच मोनी मंदिर के पास इसी बीच मोनी मंदिर के पास मोनी मंदिर के पास एक व्यक्ति उनके बगल ई रिक्शा में बैठ गया। और मौका पाकर उनकी जेब काटकर पैसे ले उड़ा।

# पेज एक का शेष

## संसद भवन...

संसद के नए भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करने के फैसले की घोषणा की। इनमें कांग्रेस के साथ-साथ, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, जद(यू), आप, राकांपा, शिवसेना (उद्धव), माकपा, सपा, राजद, भाकपा, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, झारखंड मुक्ति मोर्चा, नेशनल कांफ्रेंस, केरल कांग्रेस (मणि), रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, विदुथलाई चिरुथिगल काट्ची (वीसीके), मारुमलार्ची द्रविड मुन्नेत्र कषगम (एमडीएमके) और राष्ट्रीय लोकदल भी शामिल हैं। इनके अलावा, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने भी उद्घाटन समारोह से दूर रहने की घोषणा की है। इन राजनीतिक दलों का मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी राज धर्म का पालन नहीं कर रहे हैं। इन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र की मौजूदा सरकार के तहत संसद से लोकतंत्र की आत्मा को ही निकाल दिया गया है। दूसरी ओर, भाजपा की अगुवाई वाले राजग ने विपक्षी दलों के इस कदम को भारत के लोकतांत्रिक लोकाचार और संवैधानिक मूल्यों का घोर अपमान करार दिया। राजग के अनुसार, विपक्षी दलों का यह कृत्य केवल अपमानजनक नहीं बल्कि महान राष्ट्र के लोकतांत्रिक लोकाचार और संवैधानिक मूल्यों का घोर अपमान है। जो दल समारोह में शामिल होंगे, उनमें बहुजन समाज पार्टी, शिरोमणि अकाली दल, जनता दल (सेक्यूलर), लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास), वाईएसआर कांग्रेस, बीजू जनता दल और तेलुगू देशम पार्टी समारोह में शामिल होने वाले सात गैर-राजग दल हैं। इनके अलावा भाजपा, शिवसेना, नेशनल पीपुल्स पार्टी, नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी, सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, जननायक जनता पार्टी, अन्नाद्रमुक, आईएमकेएमके, आजसू, आरपीआई, मिजो नेशनल फ्रंट, तमिल मनीला कांग्रेस, आईटीएफटी (त्रिपुरा), बोडो पीपुल्स पार्टी, पीएमके, एमजीपी, अपना दल और एजीपी समारोह में शामिल होंगे।

## परिवारवाद से...

करने के लिए नीयत, नीति और निष्ठा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह अभी-अभी तीन देशों की यात्रा से लौटे हैं और कह सकते हैं कि पूरी दुनिया भारत की ओर बड़ी उम्मीद से देख रही है। उन्होंने कहा, विभिन्न चुनौतियों के बावजूद पिछले कुछ वर्षों में भारत ने जिस तरह से अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है, पूरी दुनिया उसकी सराहना करती है। उन्होंने कहा, देश को समझने के लिए दुनियाभर से पर्यटक भारत आना चाहते हैं। उत्तराखंड के लिए यह बड़ा अवसर है। उत्तराखंड के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का पूरा जोर विकास के नवरत्नों पर है। मोदी ने विकास के नवरत्नों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इनमें केदारनाथ और बदरीनाथ में 1300 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्निर्माण कार्य, 2500 करोड़ रुपए की लागत से गौरीकुंड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब रोपवे का कार्य और 2000 करोड़ रुपए की लागत से टिहरी झील विकास परियोजना के कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, कुमांउ में पौराणिक मंदिरों को भव्य बनाने के लिए मानसखंड मंदिर माला मिशन, पूरे राज्य में होमस्टे को बढ़ावा देना, प्रदेश में 16 इकोटूरिज्म (पारिस्थितिकी पर्यटन) गंतव्यों को विकसित करना, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करना, 2000 करोड़ रुपए की लागत से टिहरी झील विकास परियोजना, ऋषिकेश और हरिद्वार को साहसिक पर्यटन और योग की राजधानी के रूप में विकसित करना और टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन परियोजना पर जल्द काम करना प्रदेश में विकास के अन्य नवरत्न हैं। मोदी ने कहा कि इन नवरत्नों की माला को पिरोने के लिए प्रदेश में आधारभूत संरचनाएं विकसित करने की कई परियोजनाएं पहले से जारी है जिन्हें पुष्कर सिंह धामी की सरकार ने नई ऊर्जा दी है। इस संबंध में उन्होंने 12,000 करोड़ रुपए की लागत से बन रही चारधाम महापरियोजना, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे, रोपवे परियोजनाएं, पर्वतमाला परियोजना, 16,000 करोड़ रुपए की ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद उत्तराखंड का एक बड़ा क्षेत्र यहां के निवासियों और पर्यटकों के लिए सुगम हो जाएगा और यहां निवेश, उद्योग और रोजगार के नए अवसर सामने आएंगे। उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों की तरफ देश-विदेश के पर्यटकों और श्रद्धालुओं का आकर्षण बढ़ने का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे भारत रेलगाड़ी उत्तराखंड के विकास के लिए एक भव्य उपहार साबित होगी। मोदी ने कहा कि हर वर्ष चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पिछले वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ देती है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में होने वाले कुंभ और अर्धकुंभ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रदेश में आते हैं जबकि कांवड़ यात्रा के दौरान भी लाखों-करोड़ों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। उन्होंने कहा, देश में ऐसे राज्य कम ही हैं जहां इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं की इतनी बड़ी संख्या उपहार भी है और उन्हें संभाल पाना एक भगीरथ कार्य भी है। उन्होंने कहा कि इसी कार्य को आसान बनाने के लिए डबल इंजन की सरकार डबल गति से काम कर रही है।

## तिहाड़ जेल...

आदमी पार्टी ने एक बयान में कहा, सत्येंद्र जैन को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चक्कर आने के बाद वह तिहाड़ जेल के शौचालय में गिर गए थे। इससे पहले भी एक बार सत्येंद्र जैन शौचालय में गिर गए थे और उनकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई थी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने लिखा, जो इंसान जनता को अच्छा इलाज और अच्छी सेहत देने के लिए दिन-रात काम कर रहा था, आज उस भले इंसान को एक तानाशाह मारने पर तुला है।

## शाह की...

के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञों द्वारा घटनास्थल का दौरा अनिवार्य करने के लिए कानूनी बदलाव लाने की योजना बना रहा है। शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सजा दर बढ़ाने के लिए भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और संविधान की भावना में साक्ष्य अधिनियम में बदलाव लाने की योजना बनाई है, जो आपराधिक न्याय प्रदान करने में मदद करेगा। गृह मंत्री ने कहा कि पुलिसिंग को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है: कानून-व्यवस्था की स्थिति, अपराध की जांच और दोषियों को दंडित करके न्याय सुनिश्चित करना। उन्होंने कहा, यह आरोपी पर थर्ड डिग्री के उपायों या बल प्रयोग करने का वक्त नहीं है, बल्कि मनोविज्ञान, उंगलियों के निशान और डीएनए प्रोफाइलिंग के माध्यम से साक्ष्य एकत्र करने के वैज्ञानिक तरीके हैं और हमें इसके लिए विशेषज्ञों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश में सजा की दर 50 प्रतिशत से कम है और यह मुख्य रूप से सबूतों की कमी या गवाहों के मुकरने के कारण है जो पुलिस को अदालत में आरोपपत्र दाखिल करने में बाधा उत्पन्न करता है। शाह ने कहा, हमने फॉरेंसिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, प्रयोगशालाओं को उन्नत और आधुनिक बनाने, क्षेत्रीय फॉरेंसिक प्रयोगशालाएं स्थापित करने और जिला स्तर की मोबाइल फॉरेंसिक प्रयोगशालाएं स्थापित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए जनशक्ति की आवश्यकता होगी और रोजगार के अवसर पैदा होंगे, जबकि इस क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को तेज किया जाएगा और जमीनी स्तर पर लागू किया जाएगा। शाह ने अत्याधुनिक संस्थान की स्थापना के लिए 50 एकड़ जमीन तेजी से आवंटित करने के लिए असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को धन्यवाद दिया। एनएफएसयू परिसर का पहला चरण 2026 तक और दूसरा 2030 तक पूरा होने की उम्मीद है, जबकि इस साल गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल (जीएमसीएच) में अस्थाई परिसर में कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। शाह ने सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (सीएफएसएल) के साथ संयुक्त रूप से विकसित असम पुलिस के सेवा सेतु नामक एक वेब पोर्टल की भी शुरुआत की। यह लोगों को किसी भी पुलिस थाने में जाए बिना प्राथमिकी दर्ज कराने, गुमशुदगी की शिकायत करने के साथ-साथ किराएदार, पेइंग गेस्ट और घरेलू सहायक के सत्यापन के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने में सक्षम करेगा।

## कूनो में...

बाघों से उनका सामना होगा। हालांकि इस परियोजना से निकटता से जुड़े वान डेर मर्व ने एजेंसी से कहा कि हालांकि अभी तक चीतों की मौत की संख्या स्वीकार्य दायरे में है। विलुप्त घोषित किए जाने के 70 साल बाद भारत में चीतों को फिर से बसाने के लिए प्रोजेक्ट चीता लागू किया गया है। इसके तहत अफ्रीका के देशों से चीतों को दो जत्थों में यहां लाया गया है।

## रात में...

पोत आईएनएस विक्रांत का जलावतरण किया था। इसके साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों की फेहरिस्त में शामिल हो गया है, जिनके पास ऐसे बड़े युद्धपोतों के निर्माण की घरेलू क्षमताएं हैं।

# बेलारूस में परमाणु हथियार तैनात करेगा रूस

## दोनों देशों ने समझौते पर हस्ताक्षर किया

भाषा। ताल्लिन (एस्टोनिया)



**रूस और** बेलारूस ने बृहस्पतिवार को बेलारूसी क्षेत्र पर रूसी परमाणु हथियारों को तैनात करने की प्रक्रिया को औपचारिक रूप देते हुए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। हथियारों का नियंत्रण मॉस्को के पास रहेगा। इस कदम ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और बेलारूसी राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको द्वारा पहले की गई सहमति को औपचारिक रूप दिया। पुतिन ने पहले मार्च में घोषणा की थी कि उनके देश ने बेलारूस में सामरिक, तुलनात्मक रूप से कम दूरी और कम प्रभाव वाले परमाणु हथियारों को तैनात करने की योजना बनाई है। करार पर हस्ताक्षर तब हुआ जब रूस यूक्रेन के बहुप्रतीक्षित जवाबी हमले के लिए तैयार हो गया। रूसी और बेलारूसी दोनों अधिकारियों ने पश्चिम से शत्रुता से प्रेरित यह कदम उठाया। बेलारूस के रक्षा मंत्री विक्टर ख्रेनिन ने अपने रूसी समकक्ष सर्गेई शोइगु के साथ बैठक के दौरान मिन्स्क में कहा, गैर-रणनीतिक परमाणु हथियारों की तैनाती हमारे लिए अमित्र देशों की आक्रामक नीति का प्रभावी जवाब है।

## अपने बच्चों को जबरन बेलारूस भेजे जाने की जांच कर रहा है यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन के महाभियोजक ने कहा है कि वह अपने देश के बच्चों को जबरन बेलारूस भेजे जाने की जांच कर रहा है। इससे पहले रूस पर यूक्रेनी बच्चों को अपने यहां भेजे जाने का आरोप लगाया गया था। यूक्रेन के कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने बताया कि वे रूस के कब्जे वाले डोनेत्स्क, लुहांस्क, जापोरिज्जिया, खेरसॉन और खारकीव क्षेत्रों से बच्चों को बेलारूस भेजे जाने की जांच कर रहे हैं। पोलैंड में अब निर्वासन में रह रहे बेलारूस के पूर्व संस्कृति मंत्री पावेल लातुश्का ने अंतरराष्ट्रीय संगठनों को बच्चों को बेलारूस भेजे जाने के सबूत दिए हैं ताकि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी करे जैसा कि उसने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए किया था।

## हमारे सैनिक बखमुत का नियंत्रण रूस को सौंप रहे हैं : वैगनर प्रमुख

**कीव।** रूसी निजी सेना वैगनर के प्रमुख एवगेनी प्रिगोझिन ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उनके सैनिकों ने यूक्रेन के शहर बखमुत का नियंत्रण मॉस्को को सौंप दिया है। वैगनर के जवान अब बखमुत से वापस लौट रहे हैं। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही प्रिगोझिन ने दावा किया था कि उनके बल ने बखमुत शहर को अपने नियंत्रण में ले लिया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी समझे जाने वाले प्रिगोझिन ने एक वीडियो बयान में कहा कि बखमुत को रूसी सेना को सौंपने की कवायद एक जून तक पूरी हो जाएगी। हालांकि, इस बाबत रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं, स्वतंत्र रूप से प्रिगोझिन के दावे की पुष्टि करना संभव नहीं है। इस बीच, यूक्रेन की उप रक्षा मंत्री हन्ना मालियार ने बृहस्पतिवार को कहा कि बखमुत में अभी भी यूक्रेनी बलों की मौजूदगी है। यूक्रेनी जनरल स्टाफ ने बुधवार को कहा था कि बखमुत के अंदर भीषण लड़ाई जारी है। इससे कुछ दिन पहले रूस ने कहा था कि उसने बखमुत शहर पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति के शीर्ष सलाहकार मिखाइलो पोडोलयाक ने बृहस्पतिवार को कहा कि यूक्रेनी बलों की जवाबी कार्वाई जारी है और इसे किसी खास समय या दिन के हिसाब से नहीं लिया जाना चाहिए। मिखाइलो ने ट्वीट कर कहा कि कब्जे की फिराक में लगे रूसी बलों के विभिन्न प्रयासों को लगातार विफल किया जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### तीन भारतीय शांति सैनिकों को मरणोपरांत डैग मेडल राजदूत कंबोज ने प्राप्त किया सम्मान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने पिछले साल ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले तीन भारतीय शांति सैनिकों को बृहस्पतिवार को मिले सम्मान डैग हैमरस्कॉल्ड मेडल को प्राप्त किया। यह पदक उन संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है, जिन्होंने असाधारण साहस, कर्तव्य के प्रति समर्पण और शांति के लिए बलिदान देकर खुद की एक अलग पहचान बनाई। पिछले साल संयुक्त राष्ट्र के तहत सेवा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले तीन भारतीय शांति सैनिक उन 103 सैन्य, पुलिस और असैन्य शांति सैनिकों में शामिल हैं, जिन्हें मरणोपरांत उनकी सेवा और कर्तव्य के सर्वोच्च बलिदान के लिए एक प्रतिष्ठित पदक से सम्मानित किया गया।

### फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डीसेंटिस राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की दौड़ में शामिल, ट्रंप को चुनौती

**मियामी (अमेरिका)।** फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डीसेंटिस ने बुधवार को 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल होने की घोषणा की। इसके साथ ही अब वह रिपब्लिकन पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रंप के प्रतिद्वंद्वी के रूप मे उन्हें चुनौती देंगे। 44 वर्षीय रिपब्लिकन नेता ने ट्विटर के सीईओ एलन मस्क के साथ एक ऑनलाइन बातचीत में खुलासा किया। नस्ल, लिंग, गर्भपात और अन्य विभाजनकारी मुद्दों पर अपनी राय रखने वाले दो बार के गवर्नर के लिए साधारण कांग्रेस सदस्य से लेकर अब तक की यात्रा में यह एक नया अध्याय है। डीसेंटिस को ट्रम्प का सबसे मजबूत रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। रिपब्लिकन के चुनावी क्षेत्र में डीसेंटिस के प्रवेश की चर्चा महीनो से हो रही है और उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता राष्ट्रपति जो बाइडन के सबसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियो मे से एक माना जाता है।

### रूस के पोत को लेकर दक्षिण अफ्रीका पर दबाव बढ़ा

केप टाउन। रूस के एक पोत से जुड़े माल संबंधी दस्तावेज जारी करने से इनकार करने के बाद दक्षिण अफ्रीका की सरकार पर बुधवार को दबाव बढ़ गया। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि इस पोत के जरिए रूस के लिए हथियार भेजे गए। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका मे सत्तारूढ़ दल अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के एक शीर्ष अधिकारी ने यह कहकर रूस के साथ देश के संबंधो पर और सवाल खड़े कर दिए कि पार्टी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यात्रा का स्वागत करेगी। पुतिन पर युद्ध अपराधो के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत मे आरोप लगाए गए है। एएनसी के महासचिव फिक्िले एमबालूला ने बीबीसी को दिए साक्षात्कार के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होने पुतिन के अगस्त मे दक्षिण अफ्रीका में होने वाले ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) आर्थिक समूह के शिखर सम्मेलन मे भाग लेने के संदर्भ मे यह बयान दिया। इस साक्षात्कार के कुछ अंश एएनसी के सोशल मीडिया चैनलो पर पोस्ट किए गए।

### अमेरिका : अंतर-सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए भारतीय उद्यमी सम्मानित

**न्यूयॉर्क।** भारत मे जन्मी प्रमुख उद्यमी एवं लेखिका अनु सहगल को शहर के जीवंत दक्षिण एशियाई समुदाय मे योगदान और अंतर-सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उनके अग्रणी प्रयासो के लिए न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने सम्मानित किया है। द कल्चर ट्री की संस्थापक एवं अध्यक्ष अनु सहगल को मंगलवार को यहां एशियन अमेरिकन एंड पैसिफिक आइलैंडर (एएपीआई) हेरिटेज रिसेप्शन 2023 मे एडम्स द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कुल छह लोगो को सम्मानित किया गया, जिनमे से सहगल अकेली दक्षिण एशियाई थी। प्रशस्ति पत्र मे सहगल की हमारे जीवंत दक्षिण एशियाई समुदाय को एकजुट करते हुए अंतर-सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के प्रयासो के लिए सराहना की गई है। इसमें कहा गया है हम उम्मीद करते है कि वह और न्यूयॉर्क मे रहने वाले एएपीआई समुदाय के सभी लोग एक सकारात्मक बदलाव लाना जारी रखेगे।

### भारत के साथ सबसे अहम प्राथमिकताओं पर काम करता है अमेरिका: मैथ्यू मिलर

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की आधिकारिक यात्रा से पहले विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओ पर भारत के साथ मिलकर काम करता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बुधवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मै कहूंगा कि भारत के साथ हमारी साझेदारी अहम है। हम अपनी सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओ पर भारत के साथ मिलकर काम करते है। मिलर ने कहा कि वह उम्मीद करते है कि भारत मे अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी दोनो देशो के बीच संबंधो को गहरा करने और साझा चिंता के मामलो पर काम करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मोदी की आगामी यात्रा के बारे मे किए गए सवालो पर मिलर ने अधिक जानकारी दिए बिना कहा, निश्चित रूप से यूक्रेन मे युद्ध उन विषयो मे से एक होगा जिन पर चर्चा की जाएगी।

### रूस के कब्जे वाले बांध में जलस्तर बढ़ने से यूक्रेन के लोगों ने ली राहत की सांस

**लिसोहिरका (यूक्रेन)।** यूक्रेन में डिनीपर नदी पर स्थित काखोवका जलाशय का जलस्तर बढ़ने से द्वीपो पर रहने वाले छोटे से समुदाय और उन सभी लोगो ने राहत की सांस ली है, जिन्हें जलस्तर कम होने से नजदीक मे स्थित रूस के कब्जे वाले परमाणु संयंत्र के बंद होने की आशंका थी। फ्रांसीसी भू-स्थानिक विश्लेषणात्मक संगठन थिया के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी के मध्य से जलाशय के जल स्तर मे लगातार वृद्धि हुई है। एसोसिएटेड प्रेस ने सैटेलाइट से ली गईं तस्वीरो का विश्लेषण किया है, जिससे पता चला है कि रूस के कब्जे वाले जलाशय का जल स्तर अब इतना बढ़ गया है कि पानी ऊपर से निकलकर नीचे की ओर बह रहा है। यूक्रेन डिनीपर नदी पर बने छह मे से पांच बांधो को नियंत्रित करता है। ए बांध बेलारूस से लगी यूक्रेन की उत्तरी सीमा से लेकर काला सागर तक फैले है और ए पूरे देश मे पेयजल और बिजली की आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण हैं। खेरसॉन क्षेत्र में पड़ने वाले आखिरी बांध पर रूस का नियंत्रण है। युद्ध के दौरान जलाशय के स्तर की निगरानी कर रहे एक सेवानिवृत्त मौसम विज्ञानी डेविड हेल्म्स ने कहा कि यूक्रेन में पिघलने वाली बर्फ और बारिश का पानी काखोवका जलाशय में गिरता है।

## कान में दिखाई गई तीन फिल्में

**कान।** छिहत्तरवे कान फिल्म महोत्सव मे बुधवार को कुछ ही घंटो के अंतराल पर तीन फिल्मो का प्रदर्शन किया गया और यह भारत के लिए अप्रत्याशित दिन रहा। इस दिन का समापन अनुराग कश्यप की बहुचर्चित फिल्म कैनेडी के प्रदर्शन के साथ हुआ। इस थ्रिलर फिल्म की स्क्रीनिंग आधीरात के थोड़ी देर बात शुरू हुई। मिडनाइट स्क्रीनिंग श्रेणी के तहत फिल्म खचाखच भरे थिएटर ग्रैंड लुमियरे मे दिखाई गई। उस समय निर्देशक अनुराग कश्यप के साथ सनी लियोनी और राहुल भट्ट भी मौजूद थे, जिन्होंने इस फिल्म मे अहम भूमिका निभाई है। दर्शकों मे फिल्मकार सुधीर मिश्रा भी थे। पिछली बार बिल्कुल दस साल पहले कोई भारतीय फिल्म कान मे मिडनाइट स्क्रीनिंग श्रेणी मे दिखाई गई थी। यह फिल्म मॉनसून शूटआउट थी, जिसका सह निर्माण अनुराग कश्यप ने किया था। कैनेडी फिल्म 142 मिनट की है, जिसकी स्क्रीनिंग तड़के ढाई बजे समाप्त हुई।

## मिस्र की स्वेज नहर में हांगकांग के झंडे वाला पोत कुछ देर के लिए फंसा

**काहिरा।** हांगकांग के झंडे वाला एक पोत बृहस्पतिवार सुबह मिस्र की स्वेज नहर मे फंस गया। हालांकि कुछ देर बाद ही वह वहां से निकल गया तथा इस जल मार्ग पर यातायात सामान्य हो गया। नहर सेवा कंपनी लेथ एजेंसीज़ के मुताबिक, द शिन हाई टोंग 23 पोत तड़के स्वेज नहर के दक्षिणी मुहाने पर फंस गया था और इसने चार पोतों का रास्ता रोक दिया। कंपनी ने कहा कि स्वेज नहर प्राधिकरण ने कुछ घंटो मे ही पोत को वहां से निकाला और यातायात सामान्य हुआ।

## कोहिनूर हीरा टॉवर ऑफ लंदन में प्रदर्शनी में रखा जाएगा

**लंदन।** कोहिनूर हीरे को इसके अशांत औपनिवेशिक इतिहास को पारदर्शी, संतुलित और समावेशी तरीके से प्रदर्शित करने के लिए शुक्रवार से विजय प्रतीक के रूप मे टॉवर ऑफ लंदन मे एक नई प्रदर्शनी में रखा जाएगा। भारत इस हीरे पर अपना दावा जताता रहा है। कोहिनूर को कोह-ए-नूर भी कहा जाता है। यह नई ज्वेल हाउस प्रदर्शनी का हिस्सा है और इसके साथ एक वीडियो भी है जो दुनिया भर मे हीरे की यात्रा को दर्शाता है। प्रदर्शनी मे कोहिनूर की पूरी यात्रा को दिखाया ।

## गुमशुदा बच्चे की कहानी डिज्नी पर

**मुंबई।** डिज़्नी हॉटस्टार ने अपने आगामी मिस्ट्री ड्रामा स्कूल ऑफ लाइज का ट्रेलर जारी किया है। एक गुमशुदा बच्चे के गहराते रहस्य मेंलिपटे इस जबर्दस्त थ्रिलर में निम्रत कौर,आमिर बशीर, गीतिका विद्या ओहल्यान, सोनाली कुलकर्णी और जितेन्द्र जोशी मुख्य भूमिकाएं निभा रहे हैं। सच्ची घटनाओं पर आधारित और बीबीसी स्टूडियोज़ द्वारा निर्मित स्कूल ऑफ लाइज़ की रचना ईशानी बैनर्जी और अविनाश अरुण धवरे ने और निर्देशन अविनाश अरुण धवरे ने किया है और इसकी स्ट्रीमिंग 2 जून 2023 से डिज़्नी हॉटस्टार पर होगी। जब 12 साल का शक्ति गुमशुदा हो जाता है, तब हालात काबू से बाहर होने लगते हैं और बोर्डिंग स्कूल की अलमारी में कंकाल मिलते हैं। क्या कंकालों से रहस्य का खुलासा होगा् और क्या शक्ति मिल पाएगा। समीर गोगाते जनरल मैनेजर प्रोडक्शनए बीबीसी स्टूडियोज इंडिया ने कहा कि स्कूल ऑफ लाइज़ सच्ची घटनाओं की पृष्ठभूमि से प्रेरित एक रोमांचक रहस्यगाथा है।

## अमेरिकी प्रशासन ने मोदी को आमंत्रित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने द्विपक्षीय संबंधो मे कुछ मौजूदा चुनौतियो के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अगले महीने आधिकारिक राजकीय यात्रा पर दूरगामी रणनीति के तहत आमंत्रित किया है। भारत संबंधी मामलों के एक जाने माने विशेषज्ञ का यह मानना है। प्रधानमंत्री मोदी बाइडन और अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर जून मे अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा करेंगे। बाइडन और प्रथम महिला 22 जून को एक राजकीय रात्रिभोज में मोदी की मेजबानी करेंगे।

## इमरान ने अघोषित मार्शल लॉ लागू होने का दावा किया, न्यायालय पहुंचे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने देश के कई प्रांतों में अनुच्छेद 245 लागू किए जाने को लेकर सरकार के खिलाफ एक याचिका दायर कर इसे अघोषित मार्शल लॉ करार दिया है। पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 245 के अनुसार, देश की सुरक्षा करने में नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए सेना बुलाई जा सकती है। खान ने न्यायालय में याचिका दायर कर पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान और इस्लामाबाद में अनुच्छेद 245 लागू किए जाने को चुनौती दी है तथा इसे अघोषित मार्शल लॉ करार दिया। पीटीआइ पार्टी के प्रमुख ने कहा कि सेना अधिनियम, 1952 के तहत नागरिकों की गिरफ्तारियां, जांच और मुकदमे असंवैधानिक व अमान्य हैं तथा कोई कानूनी प्रभाव नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा कि ए संविधान, कानून का शासन और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को अस्वीकार करने के समान है। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, खान ने अपनी गिरफ्तारी के बाद नौ मई को भड़की हिंसा की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग गठित करने का आदेश देने का शीर्ष न्यायालय से अनुरोध किया है।

# इमरान व पत्नी के पाकिस्तान छोड़ने पर रोक लगाई गई

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान की** सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, और उनकी पत्नी समेत कम से कम 80 लोगों के देश छोड़ने पर रोक लगा दी है। मीडिया में आई खबर में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। खान को भ्रष्टाचार के एक मामले में नौ मई को गिरफ्तार किया गया था जिसके बाद देशभर में हिंसक प्रदर्शन हुए थे। इसके बाद से पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख खान समेत पार्टी के कई शीर्ष नेता आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। समा समाचार चैनल ने खबर दी है, संघीय सरकार ने पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी सहित 80 लोगों के नाम उड़ान निषेध सूची में शामिल करने का फैसला किया है। हालांकि, खान की पार्टी की ओर से इस घटनाक्रम की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। चैनल ने कहा कि खान और बुशरा के अलावा, उड़ान निषेध सूची में शामिल किए गए लोगों में पीटीआई नेता मुराद सईद, मलीका बुखारी, हम्माद अजहर, कासिम सूरी, असद कैसर, यास्मीन राशिद और मियां असलम शामिल हैं। इसमें फवाद चौधरी का नाम भी शामिल है जो पहले ही पार्टी छोड़ चुके हैं। चैनल के मुताबिक, संबंधित संस्थानों की सिफारिश पर पीटीआई के नेताओं के नाम सूची में डाले गए हैं। खबर में कहा गया है कि पुलिस विभाग, राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो और भ्रष्टाचार विरोधी महकमे ने गृह मंत्रालय से इन नामों को उड़ान निषेध सूची में शामिल करने की गुजारिश की थी।



### करीबी सहयोगी असद उमर ने पीटीआई के महासचिव पद से इस्तीफा दिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की अर्थव्यवस्था संबंधी टीम के प्रमुख और उनके करीबी सहयोगियो मे शुमार असद उमर ने पार्टी में सभी पदो से इस्तीफा दे दिया है। उन्होने नौ मई को हुई हिसा को लेकर विपक्ष के खिलाफ जारी सरकार की कार्वाई के बीच इस्तीफा दिया है। खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के महासचिव उमर ने बुधवार को अदलिया जेल से रिहा होने के कुछ ही देर बाद पार्टी मे सभी पदो से इस्तीफा दे दिया। उन्होने संवाददाता सम्मेलन मे कहा, मेरे लिए इन परिस्थितियो मे पार्टी का नेतृत्व करना संभव नही है। मै पीटीआई महासचिव और कोर कमेटी सदस्य के तौर पर इस्तीफा दे रहा हूं। उमर ने कहा कि वह दबाव मे इस्तीफा नही दे रहे है।

### टीवी पत्रकार लापता, परिवार ने अपहरण का आरोप लगाया

इस्लामाबाद। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का सार्वजनिक रूप से समर्थन करने वाले एक प्रतिष्ठित पाकिस्तानी टीवी पत्रकार लापता हो गए है। यह जानकारी पुलिस, पत्रकार के परिवार और उनके चैनल ने दी है। सामी अब्राहिम के लापता होने की जानकारी सबसे पहले बुधवार रात पुलिस के एक ट्वीट से सामने आई। इससे कुछ घंटे पहले ही वह लापता हो गए थे।

### सैन्य प्रतिष्ठानों पर हुए हमले के पीछे इमरान खान

**लाहौर।** पंजाब पुलिस के प्रमुख ने बृहस्पतिवार को कहा कि नौ मई को इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद लाहौर तथा पंजाब प्रांत के अन्य हिस्सो मे सैन्य प्रतिष्ठानो पर हुए अभूतपूर्व हमलो मे पूर्व प्रधानमंत्री और उनके करीबी सहयोगियो का हाथ था। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. उस्मान अनवर ने जियो - फेंसिंग की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, 'पुलिस ने इमरान खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अन्य वरिष्ठ नेताओ द्वारा की गई 400 से अधिक कॉल का पता लगाया है।

# ईरान ने अपनी बैलिस्टिक मिसाइल के नए संस्करण का अनावरण किया



**तेहरान।** ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर पश्चिमी देशों से जारी तनातनी के बीच बृहस्पतिवार को खुर्मशहर बैलिस्टिक मिसाइल के नए संस्करण का अनावरण किया। अधिकारियों ने तेहरान में हुए एक कार्यक्रम में खुर्मशहर-4 मिसाइल पत्रकारों को दिखाई। रक्षा मंत्री जनरल मोहम्मद रजा आश्तियानी ने कहा कि इस मिसाइल को दागने के लिए कम समय में तैयार किया जा सकता है। ईरानी अधिकारियों ने बताया कि मिसाइल 1,500 किलोग्राम युद्धक सामग्री लेकर 2,000 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकती है। मिसाइल का नाम ईरान के शहर खुर्मशहर के नाम पर रखा गया है। 1980 में ईरान-इराक युद्ध के दौरान इस शहर में भीषण लड़ाई हुई थी।

## पनामा और कोलंबिया सीमा से कुछ दूर कैरेबियाई सागर में भूकंप के तेज झटके

भाषा। मेक्सिको सिटी

**पनामा और** कोलंबिया सीमा से कुछ दूर कैरेबियाई सागर में बुधवार रात 6.6 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। भूकंप से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की अभी कोई खबर नहीं मिली है। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप का केंद्र पनामा के प्यूर्टो ओबाल्डा से करीब 41 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। इसके करीब 10 मिनट बाद ही 4.9 की तीव्रता का, भूकंप के बाद का झटका महसूस किया गया। पनामा की नागरिक रक्षा एजेंसी ने ट्विटर पर जानकारी दी कि डेरेन, पनामा, गुना याला और पश्चिमी पनामा प्रांतों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। एजेंसी के अनुसार, किसी के प्रभावित होने की कोई खबर नहीं है। पनामा के नेशनल इमरजेंसी ऑपरेशन्स सेंटर ने सुनामी आने की आशंका खारिज कर दी है।

# अमेरिका ने बांग्लादेश में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव के लिए बनाई नई वीजा नीति

भाषा। ढाका



**अमेरिका के** विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बांग्लादेश के लिए एक नई वीजा नीति की घोषणा की है, जिसमें उन लोगों को यात्रा की मंजूरी नहीं दी जाएगी, जिन पर जनवरी 2024 में दक्षिण एशियाई देश में होने वाले चुनाव में व्यवधान पैदा करने की आशंका होगी। ब्लिंकन ने बांग्लादेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से राष्ट्रीय चुनाव कराने के लक्ष्य का समर्थन करने के लिए आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम के तहत बुधवार को नई नीति की घोषणा की। उन्होंने कहा, इस नीति के तहत अमेरिका ऐसे किसी भी बांग्लादेशी नागरिक को वीजा देने में पांबंदी लगा सकता है, जिसके बारे में उसे लगता है कि वह बांग्लादेश में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कराने में बाधा डाल सकता है। ब्लिंकन ने कहा कि वर्तमान और पूर्व बांग्लादेशी अधिकारी, सरकार समर्थक और विपक्षी राजनीतिक दलों के सदस्य, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, न्यायपालिका और सुरक्षा सेवाओं के सदस्य नई नीति के दायरे में आ सकते हैं। अमेरिका के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, अमेरिका ने तीन मई को बांग्लादेशी सरकार को इस निर्णय से अवगत करा दिया था। ब्लिंकन ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष संपन्न चुनाव कराना मतदाताओं, राजनीतिक दलों, सरकार, सुरक्षा बलों, नागरिक समाज और मीडिया की जिम्मेदारी है।

## ब्रिटेन में छात्र वीजा पाने वालों में भारतीय नागरिक शीर्ष पर

**लंदन।** ब्रिटेन द्वारा पिछले साल जारी किए गए कौशल प्राप्त श्रमिक वीजा और छात्र वीजा पाने वालो मे भारतीय नागरिको की संख्या सर्वाधिक है। लंदन मे बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आव्रजन आंकड़ो मे यह जानकारी दी गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ओएनएस) द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ो से प्रदर्शित होता है कि ब्रिटेन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) मे कर्मियो की कमी को पूरा करने के लिए कुशल कामगारो मे भारतीय नागरिको की संख्या सर्वाधिक है। आंकड़ो के अनुसार, वे (भारतीय) स्नातक बाद के अध्ययन के लिए नई नीति के तहत सर्वाधिक वीजा हासिल करने वाले छात्र है।

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को श्रीमती प्रेम लता पत्नी श्री तुलसी राम की ओर से नोटिस दिया जाता है। कि वह फ्रीहोल्ड आवासीय मकान संख्या 575-F/27 खरीद रहे हैं, क्षेत्रफल 26.66 वर्ग मीटर, खसरा नं 1206-1197 वाका सिवाना मौज़ा आबादी मदनपुरी गुड़गांव में स्थित है; श्रीमती वंदना पत्नी श्री दीपक गोसाई से, जो उपरोक्त संपत्ति के मालिक हैं, बिक्री विलेख दिनांक 01.08.2014, जो उप-पंजीयक, गुड़गांव में दस्तावेज संख्या 10662 के माध्यम से विधिवत पंजीकृत है; और India Shelter Finance Corporation Limited. से वित्तीय सहायता के खिलाफ गिरवी रखना चाहते हैं। कि मूल बिक्री विलेख दिनांक 10.06.2013 को श्रीमती संतोष कुमारी पत्नी द्वारा निष्पादित किया गया। श्रीमती आशा कुमारी पत्नी के पक्ष में श्री अमर सिंह। श्री सुरेश कुमार, जो दस्तावेज संख्या 6611 के माध्यम से उप-पंजीयक, गुड़गांव में पंजीकृत हैं; खोया/गुम हो गया/ उपलब्ध नहीं है, इस संबंध में आवेदन संख्या 132270462300355 के माध्यम से एक ऑनलाइन खोई हुई संपत्ति की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बैंक/ एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी भी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा / अधिकार / हित / गिरवी रखने के संबंध में कोई आपत्ति है, तो आज से 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में सूचित करने एवं नीचे लिखे पते पर भेजने का अनुरोध किया जाता है।

लुसेम लीगल एलएलपी, 136, बेसमेंट फ्लोर, उदय पार्क, मदर डेयरी के पास, नई दिल्ली-110049, संपर्क 011-40046316,41667327

# झुग्गियों के लोग गर्मी से किस तरह निपटते हैं, सीखें

## उनके तरीके बन सकते हैं उदाहरण

भाषा। म्यूनिख



**कम आय** वाले समुदायों के लोग शहरों में गर्मी का किस तरह सामना कर रहे हैं, ये तरीके भविष्य में प्रचंड गर्मी से परेशान नागरिकों के अनुसरण के लिए उदाहरण स्थापित कर सकते हैं। जैसे-जैसे दुनिया के शहर गर्म हो रहे हैं, प्राधिकारें और सरकारें अक्सर लोगों को घर के अंदर रहने या बिजली के पंखे या एयर कंडीशनर जैसे प्रशीतन प्रणाली का उपयोग करने के लिए कहती हैं। लेकिन आप इस सलाह का पालन कैसे करते हैं जब आपका घर स्क्रैप धातु और लकड़ी से बना होता है, बिजली तक आपकी पहुंच प्रति दिन लगभग चार घंटे होती है, या आपकी मामूली आय पहले से ही भोजन पर खर्च होती है और इसे ठंडा करने के लिए बढ़ाया नहीं जा सकता है? वर्ष 2050 तक, एक अरब से अधिक लोग, जिनमें धरती के कुछ सबसे गरीब हिस्सों में रहने वाले लोग भी शामिल हैं, अत्यधिक गर्मी का सामना कर सकते हैं, जैसा कि दर्ज मानव इतिहास में किसी ने भी नहीं किया है। विशेषज्ञ, जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (आईपीसीसी) से पूछ रहे हैं: ए आबादी कैसे अनुकूल होगी? कराची, जकार्ता, हैदराबाद और डौला में लोग कैसे गर्म परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं, इसका अध्ययन करके मानवविज्ञानी, भूगोलवेत्ताओं, इंजीनियरों, शहरी योजनाकारों, वास्तुकारों और महामारी विज्ञानियों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम कुछ जवाब जुटा रही है। इन शहरों में, बहुत से लोगों की गुणवत्तापूर्ण आवास, पानी, बिजली, आश्रय और शेड तक पहुंच नहीं होती। महामारी ने उन्हें और अधिक सीमित कर दिया, गर्मी से जुड़ी बीमारियों के अलावा ठंड के मौसम के दौरान बीमारियों से जूझने को वे मजबूर हुए। कम आय वाले 4,564 निवासियों पर किए गए एक सर्वेक्षण में केवल सात लोगों ने एयर कंडीशनिंग इकाई घर में होने या उपयोग करने की सूचना दीअ और केवल 34 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने गर्मी होने पर प्राथमिक प्रशीतन विधि के रूप में बिजली के पंखे का इस्तेमाल करने की सूचना दी।

### ज्यादा धूप में रहने से बचा सकता है विटामिन ई

**मुंबई।** धूप में ज्यादा देर तक रहने से त्वचा को क्षति समय से पहले एजिंग और कैंसर भी हो सकता है। इसलिये इस मौसम में कम से कम 30 एसपीएफवाला सनस्क्रीन लगाकर, सुरक्षात्मक कपड़े पहनकर और एसपीएफ गुणों वाली चीजें, जैसे कि बादाम खाकर अपनी त्वचा की अतिरिक्त देखभाल करना जरूरी है। डॉ. गीतिका मितल गुप्ता, स्किन एक्सपर्ट और कॉस्मेटोलॉजिस्ट ने कहा हम स्किनकेयर के 3 मौलिक उपाय बता रहे हैं। जोकि गर्मी में स्वस्थ और चमकदार त्वचा बनाये रखने में मदद कर सकते हैं। रोजाना सनस्क्रीन लगाएं सूरज की हानिकारक किरणों को रोकने का एक आसान तरीका है बादाम खाना आपकी त्वचा को भीतर से मदद देने और आपके द्वारा पहले से किये जा रहे कामों को सहयोग देने का एक तरीका हो सकता है रोजाना बादाम खाने से यूवीबी प्रकाश के लिये त्वचा की प्रतिरोधकता भी बढ़ सकती है। अपने डाइट रुटिन में रोजाना एक मुट्ठी लगभग 23 बादाम और साथ ही फल तथा सब्जियाँ लेने से पराबैंगनी किरणों के लिये आपकी त्वचा की प्रतिरोधकता बढ़ाने में मदद मिल सकती है। गंदगी से छुटकारे के लिये सफाई और एक्सफोलियेट करें क्योंकि वे आपकी त्वचा से मृत कोशिकाओं को हटाने और नई कोशिकाएं बनाने में मदद करती हैं। बादाम त्वचा को सुखाए बिना छिद्रों के भीतर से गंदगी निकालने में मदद कर सकती हैं। अपनी त्वचा को विटामिन ई की ताकत दें।

## यूरोपीय आयोग के जलवायु नीति प्रमुख दो दिवसीय भारत यात्रा पर

**नई दिल्ली।** यूरोपीय आयोग के जलवायु नीति प्रमुख फ्रांस टिम्मरमैन्स दो दिवसीय महत्वपूर्ण राजनयिक मिशन के लिए बृहस्पतिवार यानी आज भारत आ रहे हैं। भारत में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, यूरोपीय हरित समझौते के कार्यकारी उपाध्यक्ष, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री राज कुमार सिंह, कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। इन बैठकों का मकसद सहयोग को बढ़ावा देना और जलवायु चुनौतियों से निपटने में यूरोपीय संघ (ईयू) और भारत के बीच सहयोग के संभावित अवसरों की तलाश करना है। इस दौरान उत्सर्जन में कमी और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अब तक हुई प्रगति पर बातचीत होगी इस वर्ष के अंत में दुबई में होने वाले पर्यावरण संरक्षण और संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन पर भी चर्चा की जाएगी।

**सार्वजनिक सूचना**

बड़े पैमाने पर जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री शाम सुंदर ग्रोवर S/o स्व. श्री तुलसी दास ग्रोवर और श्रीमती स्वर्ण ग्रोवर W/o श्री शाम सुंदर ग्रोवर निवासी, 152 युजीएफ और 327 पहली मंजिल, डबल स्टोरी, न्यू राजिंदर नगर, नई दिल्ली - 110060 ने अपने बेटे श्री रंजन ग्रोवर और उनकी पत्नी राधिका ग्रोवर को उनकी बुरी आदतों और दुर्व्यहार के कारण उनकी चल और अचल संपत्तियों से तत्काल प्रभाव से बेदखल कर दिया है और उनसे अपने सभी रिश्ते तोड़ लिए है। मेरे मुवक्किल उनके किसी भी कृत्य/कार्यो के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे।

एडवोकेट विक्रांत गौतम

CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT
(NAAC ACCREDITED with A++ Grade)

Admission Announcement : 2023-24

Applications are invited for admission to **M.Ed.** and **LL.M.** (through Entrance Test) and **B.P.Ed.** and **M.P.Ed.** (through Physical Fitness Test) in Ch. Charan Singh University Campus and Affiliated Colleges. Application form and admission rules will be available on the University website **www.ccsuniversity.ac.in** w.e.f. **May 25, 2023** to **June 25, 2023**.

REGISTRAR

# भाजपा सरकार की नीतियों से पूर्वोत्तर में युवा आ रहे हैं विकास की मुख्यधारा में : मोदी

**भाषा।** गुवाहाटी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों की वजह से आज पूर्वोत्तर में बड़ी संख्या में युवा विकास की मुख्यधारा में आ रहे हैं और आज असम, शांति और विकास के एक नए युग का साक्षी बन रहा है। असम सरकार की ओर से आयोजित रोजगार मेले को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आज का समाज तेजी से आकांक्षी हो रहा है और वह मूल सुविधाओं के लिए इंतजार नहीं, बल्कि टी-20 क्रिकेट की तरह तेजी से परिणाम चाहता है। रोजगार मेले में 45 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। कुछ महीने पहले ऐसे ही एक आयोजन में 40 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई थी। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार की नीतियों की वजह से आज पूर्वोत्तर में बड़ी संख्या में युवा विकास की मुख्यधारा में आ रहे हैं। भाजपा की सरकार युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर देकर हम ए भारत के निर्माण की ओर तेजी से कदम भी बढ़ा रहे हैं। भाजपा सरकार (के शासनकाल)में आज असम, शांति और विकास के एक नए युग का साक्षी बन रहा है। विकास की इस रफ्तार ने असम में सकारात्मकता और प्रेरणा का संचार किया है।

असम सरकार द्वारा सरकारी भर्तियों को और ज्यादा पारदर्शी बनाने के लिए उठाए गए कदमों को उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले की प्रक्रिया में हर विभाग में अलग-अलग नियम होते थे और इससे कई बार भर्तियां समय पर पूरी नहीं हो पाती थीं। अब इन सारी प्रक्रियाओं को बहुत आसान बना दिया गया है। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि आज का समाज तेजी से आकांक्षी हो रहा है। अब पहले का जमाना नहीं रहा, जब लोग मूल सुविधाओं



के लिए भी दशकों का इंतजार कर लेते थे। आजकल विकास के लिए इतना इंतजार कोई नागरिक नहीं करना चाहता। टी-20 क्रिकेट के इस दौर में देश के लोग तेज रिजल्ट (परिणाम) चाहते हैं। इसलिए सरकारी व्यवस्थाओं को भी उसी हिसाब से खुद को बदलना होगा। देश के नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करने का बड़ा दायित्व सरकारी कर्मचारियों पर भी है।

अवसंरचना विकास की दिशा में देश भर में हो रहे कार्यों का विवरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसी हर परियोजना पर सरकार द्वारा खर्च की जा रही राशि, रोजगार और स्व-रोजगार में बढ़ोतरी कर रही है। आज कई ऐसे क्षेत्रों में भी युवा आगे आ रहे हैं, जिनके बारे में 10 साल पहले कोई सोच भी नहीं सकता था। स्टार्टअप इकोसिस्टम ने देश में लाखों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां तैयार की हैं। कृषि, सामाजिक कार्यक्रम, सर्वे और रक्षा के लिए ड्रोन की बढ़ती मांग ने युवाओं के लिए नए अवसर तैयार किए हैं। आज देश में आत्मनिर्भर भारत अभियान जारी है और इससे भी रोजगार के अनेक नए अवसर बना रहे हैं। आज भारत में करोड़ों मोबाइल फोन बन रहे हैं, हर गांव तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंच रही है, इससे भी बड़े पैमाने पर रोजगार और स्वरोजगार को बढ़ावा मिला है।

## मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे : शाह

**गुवाहाटी।** अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों के बाद नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का जिक्र करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को दावा किया का विपक्षी कांग्रेस लोकसभा में अपनी मौजूदा सीटें भी नहीं बचा पाएगी। असम सरकार की नौकरियों के लिए सफल उम्मीदवारों को 44,703 नियुक्ति पत्र औपचारिक रूप से वितरित करने के बाद यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का रवैया नकारात्मक है। उन्होंने कांग्रेस पर नए संसद भवन के निर्धारित उद्घाटन का बहिष्कार करके राजनीति करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा, नरेन्द्र मोदी अगले साल 300 से अधिक सीटों के साथ फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। कांग्रेस ने विपक्षी पार्टी का दर्जा खो दिया है और लोकसभा में अपनी मौजूदा सीटों की संख्या को भी सुरक्षित नहीं कर पाएगी। कांग्रेस का नकारात्मक रवैया है। पीएम 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे लेकिन कांग्रेस यह बहाना बनाकर इसका बहिष्कार कर राजनीति कर रही है कि राष्ट्रपति को इसका उद्घाटन करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस और विपक्ष शासित राज्यों में ऐसे उदाहरण सामने आए हैं जहां संबंधित राज्यपालों के बजाय संबंधित मुख्यमंत्रियों और सोनिया गांधी व राहुल गांधी जैसे कांग्रेस नेताओं द्वारा नए विधानसभा भवनों की आधारशिला रखी गई। कांग्रेस प्रधानमंत्री को संसद के अंदर बोलने की अनुमति नहीं देती है। भारतीय लोगों ने मोदी को बोलने का जनादेश दिया है। प्रधानमंत्री का सम्मान नहीं करना लोगों के जनादेश का अपमान करने जैसा है। शाह ने कहा कि भाजपा ने 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले असम में एक लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया था और ढाई साल के भीतर 86,000 नौकरियां दी गई हैं और बाकी अगले छह महीनों में दी जाएंगी।

**● कहा, कांग्रेस पार्टी लोकसभा में मौजूदा सीटें भी नहीं बचा पाएंगी**

# राष्ट्रपति ने आदिवासी महिलाओं से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की

**खूंटी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आदिवासी महिलाओं से आगे आने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की बृहस्पतिवार को अपील की। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अनुसूचित जनजाति समुदायों की सांस्कृतिक पहचान संरक्षित करने की आवश्यकता है। उन्होंने खूंटी में एक कार्यक्रम में कहा, आगे आइए और उन सरकारी योजनाओं का लाभ उठाइए जो आपके कल्याण के लिए ही प्रारंभ की गई हैं। जब महिला सशक्तीकरण की बात आती है तो झारखंड की आदिवासी महिलाएं अन्य राज्यों की महिलाओं से आगे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा, झारखंड की आदिवासी महिलाओं ने खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि राज्य की महिलाएं देश के आर्थिक विकास में भी योगदान दे रही हैं। राष्ट्रपति ने प्रख्यात आदिवासी शख्सियत बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी में स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों के साथ बातचीत भी की। कार्यक्रम महिला एसएचजी सम्मेलन राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम और भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ ने आयोजित किया था।

बिरसा मुंडा कॉलेज के स्टेडियम में कम से कम 25,000 जनजातीय महिलाओं ने इसमें हिस्सा लिया। राष्ट्रपति ने जोर दिया कि अनुसूचित जनजाति समुदायों की सांस्कृतिक पहचान संरक्षित करने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि उनके समाज में दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियां नहीं हैं। राष्ट्रपति ने विभिन्न आदिवासी उत्पादों के स्टॉल भी देखे। झारखंड और बिहार के वन धन विकास केंद्रों और कई अन्य को इस प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। राष्ट्रपति इसके बाद रांची में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के दूसरे दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी। उन्होंने रांची में करीब 550 करोड़ रुपए की लागत से बने झारखंड उच्च न्यायालय के नए भवन का भी उद्घाटन किया।



खूंटी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए गए सामान को देखते हुए।

# फरवरी-मार्च तक चलेंगी नई वंदे भारत ट्रेनें: वैष्णव

**भाषा।** देहरादून

**रेल मंत्री** अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले साल फरवरी-मार्च तक वंदे भारत रेलगाड़ियों के तीन प्रारूप- वंदे चेयर कार, वंदे मेट्रो और वंदे शयनयान होंगे। उन्होंने कहा कि शताब्दी, राजधानी और लोकल ट्रेन की जगह लेने की तैयारी कर रही ए स्वदेशी सेमी-हाई स्पीड रेलगाड़ियां चेन्नई के कोच निर्माण कारखाने में बनाई जा रही हैं। वैष्णव ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि वंदे भारत रेलगाड़ियों की अधिकतम गति 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के लिए अगले तीन से चार साल में रेल पटरियों को उन्नत बनाया जाएगा।

उत्तराखंड के देहरादून से दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल रेलवे स्टेशन तक वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत के बाद वैष्णव ने कहा, वंदे भारत के तीन प्रारूप हैं। सौ किलोमीटर से कम की यात्रा के लिए वंदे मेट्रो, 100-550 किलोमीटर के लिए वंदे चेयर कार और 550 किलोमीटर से अधिक की यात्रा के लिए वंदे स्लीपर। ए तीनों प्रारूप फरवरी-मार्च (अगले साल) तक तैयार हो जाएंगे। दिल्ली-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री मोदी ने हरी झंडी दिखाई। उत्तराखंड के लिए इस तरह की पहली रेलगाड़ी राज्य की राजधानी और राष्ट्रीय राजधानी के बीच यात्रा के समय को देहरादून-नई दिल्ली रेलवे स्टेशन शताब्दी एक्सप्रेस में लगने वाले छह घंटे और 10 मिनट से घटाकर साढ़े चार घंटे कर देती है। वैष्णव ने कहा कि जून के मध्य तक हर राज्य को वंदे भारत रेलगाड़ी मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि इन रेलगाड़ियों के निर्माण में तेजी लाई जा रही है। उन्होंने कहा, हर आठवें या नौवें दिन कारखाने से एक नई रेलगाड़ी निकल रही है। दो और कारखानों में काम शुरू होने जा रहा है। इन कारखानों की आपूर्ति श्रृंखला स्थिर होने के बाद हमारे पास एक नई रेलगाड़ी आएगी।

वंदे भारत रेलगाड़ियों को 160 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति के साथ तैयार किया गया है, लेकिन वे पटरी की क्षमता के अनुसार 130 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति से चलेंगी।

उन्होंने कहा, पुरानी पटरियों को 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे के बीच की गति का समर्थन करने के लिए तैयार किया गया था। लगभग 25,000-35,000 किलोमीटर पटरियों को 110 किलोमीटर प्रति घंटे, 130 किलोमीटर प्रति घंटे और 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति के समर्थन के लिए उन्नत किया जा रहा है। यह काम अगले तीन से चार साल में हो जाएगा। मंत्री ने कहा कि रेलवे सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए रेल संपर्क परियोजनाओं पर तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि रेल यात्रियों को 4जी-5जी सेवाएं मुहैया कराने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। वैष्णव ने कहा कि रेलवे द्वारा तेजी से 4जी-5जी टावर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर उन्हें स्थापित किया गया है और यह काम लगातार जारी है।

## क्विक न्यूज

### कानपुर हवाई अड्डे पर नया टर्मिनल भवन यात्रा सुविधा के नए युग की शुरुआत : सिंधिया

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि कानपुर हवाईअड्डे पर नया टर्मिनल भवन यात्रा एवं सुविधा के नए युग की शुरुआत करने के साथ-साथ शहर के विकास में मदद करेगा। इमारत का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सिंधिया शुक्रवार को करेंगे। सिंधिया ने पीटीआई-भाषा से कहा, कल का दिन कानपुर के लिए ऐतिहासिक होगा। मुख्यमंत्री करीब 150 करोड़ रुपए की लागत से बहुप्रतीक्षित एकीकृत टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे। यह न सिर्फ कानपुर के लिए विकास के द्वार खोलेगा बल्कि सुविधाओं के मामले में भी यह मौजूदा से 16 गुना आगे की छलांग लगा लेगा। नागर विमानन मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि नए टर्मिनल की इमारत लगभग 150 करोड़ रुपए की लागत से 6,243 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनी है।

### केंद्र ने पंजाब के मुख्यमंत्री मान को जेड-प्लस सुरक्षा दी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश तथा विदेश से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को खतरे की आशंका के मद्देनजर उन्हें जेड-प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी है। यहां आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 49 वर्षीय मान को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वीआईपी सुरक्षा दस्ते द्वारा सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। मान को पूरे भारत में शीर्ष श्रेणी की जेड-प्लस सुरक्षा दी जाएगी और गृह मंत्रालय ने हाल में इसकी मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ जल्द ही मान की सुरक्षा का जिम्मा संभालेगी और इसके लिए 55 सशस्त्र जवानों का दल भेजा गया है। सूत्रों ने बताया कि पंजाब पुलिस की सुरक्षा के अलावा दी गई जेड-प्लस सुरक्षा मुख्यमंत्री के आवास और उनके परिवार के निकट सदस्यों को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती राज्य में खालिस्तानी गतिविधियों को देखते हुए मुख्यमंत्री को खतरे की आशंका के आकलन के दौरान केंद्रीय एजेंसियों और सुरक्षा एजेंसियो ने मान को जेड-प्लस सुरक्षा देने की सिफारिश की।

### सुमन शर्मा ने यूपीएससी सदस्य के रूप में शपथ ली

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह सुमन शर्मा ने बृहस्पतिवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के सदस्य के रूप में शपथ ली। शर्मा 1990 बैच की भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) अधिकारी है। कार्मिक मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि यूपीएससी के अध्यक्ष मनोज सोनी ने नवनियुक्त सदस्य को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 18 मई को शर्मा को उनके मूल कैडर में वापस भेजने को मंजूरी दे दी थी। वह नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) के रूप में काम कर रही थी। आयोग में एक अध्यक्ष होता है और इसमें अधिकतम 10 सदस्य हो सकते हैं।

### सेना की मेडिकल टीम दान किए दिल को दिल्ली लाई

**नई दिल्ली।** सेना की एक मेडिकल टीम वायुसेना की मदद से राजस्थान के जयपुर से एक दान किए गए दिल को तेज़ी से दिल्ली लेकर आई। इस दिल का प्रतिरोपण एक युवती में किया जाएगा। वायु सेना के पश्चिमी वायु कमान मुख्यालय ने अपने ट्विटर पेज पर इस मिशन की कुछ तस्वीरों को साझा किया। उसने कहा कि आज जीवन रक्षक मिशन के तहत भारतीय वायु सेना के विमान से दिल्ली के सेना अस्पताल (आर एंड आर) की मेडिकल टीम को जयपुर के एसएमएस अस्पताल ले जाया गया। वायुसेना ने ट्वीट में कहा कि टीम को दान किया गया दिल लेकर तेज़ी से हवाई मार्ग से वापस दिल्ली लाया गया तथा यह 19 वर्षीय युवती को एक नई जिदंगी प्रदान करेगा। सेना अस्पताल (रिसर्च एवं रेफर्ल)दिल्ली में धौला कुआं के पास स्थित है।

### देश में इवी वाहन करे रहे लोग पसंद

**नई दिल्ली।** एमजी मोटर इंडिया ने सबसे लोकप्रिय वाहन जेड ईवी ने भारत में 10,000 यूनिट की बिक्री का आँकड़ा पार कर लिया है। यह भारत की पहली प्योर इलेक्ट्रिक इंटरनेट एसयूवी है, जो लॉन्च के बाद से ही भारत में इवी को पसंद करने वाले लोगों के बीच एक लोकप्रिय ग्रीन प्लेट बन गई है। अलग-अलग वेरिएंट्स,एक्साइट और एक्सक्लूसिव में उपलब्ध है। जिनकी क़ीमत 23,38,000 रुपये' और 27,29,800 रुपये' है। चार्जिंग के लिए 6 अलग-अलग विकल्प उपलब्ध हैं। सुपरफास्ट चार्जर्स जो डीसी व एसी में उपलब्ध है। साथ पोर्टेबल चार्जर, चौबीसों घंटे रोडसाइड असिस्टेंस की मदद से चलते-फिरते चार्जिंग की सुविधा है। इस पहल का उद्देश्य देश भर में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए 1000 दिनों में पूरे भारत में सामुदायिक स्थानों पर 1000 फास्ट चार्जर इंस्टॉल करना है। ग्राहकों के घर या कार्यालय में मुफ़्त में फास्ट चार्जर इंस्टॉल किया जाता है। एडवांस्ड टेक्नोलॉजी से सुसज्जित 50.3 केवी की बैटरी लगाई गई है जो इस सेगमेंट में सबसे बड़ी है। और यह पूरी दुनिया में सुरक्षा के पैमाने पर नंबर वन है।

## प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता से विपक्षी दल दुखी : फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विश्व नेता बताया और कहा कि वैश्विक मंच पर उनका कद उल्लेखनीय रूप से बढ़ गया है, लेकिन विपक्षी दल उनकी बढ़ती लोकप्रियता से दुखी हैं। यहां से करीब 400 किलोमीटर दूर सोलापुर में पत्रकारों से बातचीत में फडणवीस ने कहा कि विपक्षी पार्टियां केवल प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करने के लिए एक साथ आ रही हैं लेकिन लोगों का उन पर (मोदी पर) भरोसा है। जापान के हिरोशिमा में हाल में हुए क्वाड शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन खुद चलकर मोदी के पास आए और उनसे जो बात की उनमें से एक यह भी थी कि उन्हें, वाशिंगटन डीसी की मोदी की अगले महीने होने जा रही राजकीय यात्रा के दौरान भारतीय नेता के कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए प्रमुख नागरिकों से बड़ी संख्या में अनुरोध मिल रहे हैं।




नई दिल्ली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह डीआरडीओ कानक्लेव का शुभारम्भ करते हुए।

## नए संसद भवन के उद्घाटन में तमिलनाडु के 20 आदिनम होंगे शामिल: निर्मला सीतारमण

**चेन्नई।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि तमिलनाडु के 20 आदिनम (महंत) 28 मई को नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किए गए हैं। अंग्रेजों से सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के तौर पर प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल को दिया गया रस्मी राजदंड सेंगोल भी स्थापित किया जाएगा। तमिलनाडु, तेलंगाना और नगालैंड के राज्यपालों के साथ यहां पत्रकारों से बात करते हुए सीतारमण ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री को सेंगोल सौंपे जाने की घटना तमिलनाडु के लिए बेहद खास है। आजादी के बाद सत्ता हस्तानांतरण की प्रक्रिया के सिलसिले में नेहरू ने राजाजी के नाम से लोकप्रिय पहले भारतीय गवर्नर जनरल सी आर राजगोपालाचारी से चर्चा की थी। इसके बाद राजाजी ने इस संबंध में शैव संत तिरुवदुथुरई आदिनम से चर्चा की थी, जिसके बाद उनकी सलाह पर सत्ता हस्तानांतरण के लिए सेंगोल तय किया गया। प्रधानमंत्री 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह के लिए तिरुवदुथुरई, पेरूर और मदुरै सहित तमिलनाडु के 20 आदिनाम को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है।

तमिल में, आदिनम शब्द एक शैव मठ और ऐसे मठ के प्रमुख दोनों को संदर्भित करता है। वित्त मंत्री ने कहा, आदिनम इस कार्यक्रम में शामिल होंगे, वहां ओडुवर (शैव शास्त्रों और भजनों के विद्वान) होंगे जो थेवरम का पाठ करेंगे। 1947 में भी जब ओथुवर्गल ने कोलारू पथिगम का पाठ किया था तब राजदंड को नेहरू को सौंप गया था। उसी राजदंड को लोकसभा में लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी के पास बहुत श्रद्धा के साथ स्थापित किया जाएगा और यह बिना किसी पक्षपात के न्यायपूर्ण शासन का प्रतीक होगा। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि, उनके तेलंगाना तथा नगालैंड के समकक्ष क्रमशः तमिलसाई सुंदरराजन और ला गणेशन, केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन और तमिलनाडु के मंत्री पी के सकेर बाबू भी उनके साथ उपस्थित थे।

## कर्नाटक में कांग्रेस सरकार का भविष्य लोस चुनाव के नतीजों पर निर्भर : कुमारस्वामी

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** में सिद्धरमैया सरकार के स्थायित्व पर संदेह व्यक्त करते हुए जनता दल (एस) नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकार का भविष्य लोकसभा चुनाव के नतीजों पर निर्भर करेगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका बयान केवल राज्य में राजनीतिक स्थिति के उनके विश्लेषण पर आधारित है और इसका गलत मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए। कुमारस्वामी ने कहा, मुझे नहीं पता कि (अगले विधानसभा) चुनाव पांच साल बाद होंगे, क्या कुछ हो सकता है, मैं नहीं जानता, देखते हैं। मैं इतना जानता हूं कि इस सरकार का भविष्य आगामी संसदीय चुनाव के परिणामों पर निर्भर करेगा।

मैं कोई बात छिपाकर नहीं बोल रहा हूं और न ही मैं कोई भविष्यवाणी कर रहा हूं। यहां पार्टी की एक बैठक को संबोधित करते हुए जद (एस) नेता ने कहा कि राज्य के घटनाक्रम को देखते हुए उनकी राय में राज्य की राजनीति में कुछ भी हो सकता है। उन्होंने कहा, मीडिया के मित्रों के मन में ऐसा कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि मैं किसी के साथ हाथ मिलाकर कुछ करने की योजना बना रहा हूं। यह मेरा अनुमान है, क्योंकि हम नहीं जानते कि क्या घटनाक्रम हो सकते हैं।

कुमारस्वामी विधानसभा चुनाव के परिणामों के बाद पार्टी द्वारा आयोजित आत्मनिरीक्षण बैठक में जद (एस) के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। हालिया विधानसभा चुनाव में पार्टी ने सिर्फ 19 सीटें जीती हैं। कर्नाटक विधानसभा में 224 सीटें हैं। कुमारस्वामी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि वह उनकी लड़ाई में उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि जो कोई भी पार्टी को आगे ले जाने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ काम करेगा, उसे एक अवसर दिया जाएगा। कुमारस्वामी ने कहा कि वह जद (एस) से जुड़ी देवेगौड़ा की पारिवारिक पार्टी की छवि को बदलना चाहते हैं।

# गेहूं उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** बेमौसम बारिश के बावजूद, खेती के रकबे में वृद्धि और उपज अधिक होने के कारण चालू फसल वर्ष 2022-23 (जुलाई-जून) में देश में गेहूं उत्पादन 11 करोड़ 27.4 लाख टन के नए रिकॉर्ड स्तर पर रहने का अनुमान है। यह पिछले वर्ष के उत्पादन की तुलना में 50 लाख टन अधिक है। कृषि मंत्रालय के बृहस्पतिवार को जारी ताजा आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। गेहूं के अलावा, चावल, मक्का, तिलहन और गन्ने में रिकॉर्ड उत्पादन का अनुमान लगाया गया है। देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन भी फसल वर्ष 2022-23 में रिकॉर्ड 33 करोड़ 5.3 लाख टन होने का अनुमान है। जबकि तीसरे अनुमान के अनुसार पिछले फसल वर्ष में 31 करोड़ 56.1 लाख टन का वास्तविक उत्पादन हुआ था। प्रमुख खाद्यान्नों में गेहूं, चावल, पोषक-मोटे अनाज और दाल शामिल हैं। कृषि मंत्रालय ने कहा, देश में गेहूं उत्पादन 11 करोड़ 27.4 लाख टन होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के उत्पादन की तुलना में 50 लाख टन अधिक है। फसल वर्ष 2021-22 में प्रमुख उत्पादक राज्यों में लू के कारण गेहूं का उत्पादन घटकर 10 करोड़ 77.4 लाख टन रह गया था। गेहूं उत्पादन में पिछला रिकॉर्ड 10 करोड़ 95.9 लाख टन फसल वर्ष 2020-21 के दौरान हासिल किया गया था। मुख्य रबी (सर्दियों) फसल गेहूं की बुवाई अक्टूबर से शुरू हो गई थी, जबकि कटाई इस साल 15 जून तक होने की उम्मीद है। तीसरे अनुमान के अनुसार, चावल उत्पादन, फसल वर्ष 2022-23 में रिकॉर्ड 13 करोड़ 55.4 लाख टन रहने का अनुमान लगाया गया है, जो पिछले वर्ष 12 करोड़ 94.7 लाख टन था।

मक्का का उत्पादन भी रिकॉर्ड तीन करोड़ 59.1 लाख टन होने का अनुमान है, जो पिछले साल की समान अवधि में तीन करोड़ 37.3 लाख टन था। मक्का सहित पोषक मोटे अनाज का कुल उत्पादन फसल वर्ष 2022-23 में बढ़कर पांच करोड़ 47.4 लाख टन हो गया, जबकि पिछले वर्ष 5.11 करोड़ टन था। दलहन के मामले में, पिछले वर्ष के दो करोड़ 73 लाख टन की तुलना में फसल वर्ष 2022-23 में उत्पादन मामूली बढ़त के साथ 2.75 करोड़ टन होने का अनुमान है। फसल वर्ष 2022-23 में चना और मूंग को छोड़कर अरहर और उड़द का उत्पादन कम रहने का अनुमान है। अरहर का उत्पादन पहले के 42.2 लाख टन के मुकाबले 34.3 लाख टन कम रहना आंका गया है। उड़द का उत्पादन पहले के 27.7 लाख टन के मुकाबले 26.1 लाख टन रहने का अनुमान है। जबकि इसी अवधि में चने का उत्पादन एक करोड़ 35.4 लाख टन पर अपरिवर्तित रहने का अनुमान है।

हालांकि, तिलहन का उत्पादन फसल वर्ष 2022-23 में चार करोड़ 9.9 लाख टन के रिकॉर्ड स्तर पर रहने का अनुमान लगाया गया है। यह पिछले वर्ष के तीन करोड़ 79.6 लाख टन की तुलना में अधिक है। इसका कारण सोयाबीन और सरसों दाना का उत्पादन अधिक होना है। सोयाबीन का उत्पादन एक करोड़ 29.8 लाख टन के मुकाबले रिकॉर्ड एक करोड़ 49.7 लाख टन होने का अनुमान है, जबकि रेपसीड-सरसों का उत्पादन उक्त अवधि में पहले के एक करोड़ 19.6 लाख टन के मुकाबले रिकॉर्ड एक करोड़ 24.9 लाख टन होने की संभावना है।

नकदी फसलों के मामले में, गन्ना उत्पादन फसल वर्ष 2022-23 में रिकॉर्ड 49 करोड़ 42.2 लाख टन होने का अनुमान है, जबकि पिछले वर्ष यह उत्पादन 43 करोड़ 94.2 लाख टन का हुआ था। इस वर्ष कपास का उत्पादन तीन करोड़ 43.4 लाख गांठों (एक गांठ-170 किलोग्राम का) से अधिक होने का अनुमान है, जबकि फसल वर्ष 2021-22 में यह उत्पादन तीन करोड़ 11.1 लाख गांठों का हुआ था। जूटामेस्ता का उत्पादन, फसल वर्ष 2022-23 में 94.9 लाख गांठ (एक गांठ बराबर 180 किलो) आंका गया है, जबकि पिछले वर्ष यह उत्पादन एक करोड़ 1.4 लाख गांठ था।

# चौथी तिमाही में एलआईसी का मुनाफा 13428 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम ने लिस्टिंग के एक साल बाद अपने निवेशकों को 35 प्रतिशत का निगेटिव रिटर्न दिया। 17 मई 2022 को शेयर बाजार में एंट्री करने वाली सरकारी बीमा कंपनी के निवेशकों को बीते एक साल में इस शेयर से करीब 2 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। वहीं आज कंपनी ने अपने तिमाही के नतीजे घोषित कर दिए। इंश्योरेंस सेक्टर की दिग्गज कंपनी को बंपर मुनाफा हुआ है। वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 466 प्रतिशत बढ़कर 13428 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले समान तिमाही में मुनाफा 2371 करोड़ रुपये था। बीमा कंपनी ने मुनाफे से खुश होकर 3 रुपये प्रति शेयर डिविडेंड का ऐलान किया है। एलआईसी का नेट प्रीमियम आय मार्च तिमाही में 8 फ ीसदी गिरकर 1०31 लाख करोड़ रुपये रहा। जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1.43 लाख करोड़ रुपये था । एलआईसी के पहले साल की प्रीमियम आय 12 फ ीसदी घटकर 12811 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। जबकि एक साल पहले ये 14614 करोड़ रुपये था। एलआईसी का पूरे वित्त वर्ष 2022.23 के लिए शुद्ध लाभ कई गुना बढ़कर 35,997 करोड़ रुपये हो गयाए जो 2021.22 में मात्र 4ए125 करोड़ रुपये था। एलआईसी ने बाजार बंद होने के बाद अपने चौथे तिमाही के नतीजों का ऐलान किया। मुनाफे से गदगद बीमा कंपनी ने अपने निवेशकों को डिविडेंड देने का भी ऐलान किया है। एलआईसी ने 31 मार्चए 2023 को खत्म हो रही तिमाही में प्रत्येक 10 रुपये के फेस वैल्यू पर 3 रुपये प्रति इक्विटी शेयर डिविडेंड देने की सिफारिश की है। इससे पहले भी एलआईसी ने अपने निवेशकों को 25 अगस्त 2022 को 1.50 रुपये डिविडेंड देने का एलान किया था।

# मुंबई को मिलेगी गुजरात से कड़ी चुनौती

● दूसरा क्वालीफायर मुकाबला आज

**भाषा।** अहमदाबाद



**आकाश मधवाल** की उत्कृष्ट गेंदबाजी से एलिमिनेटर में लखनऊ सुपरजाइंट्स पर बड़ी जीत दर्ज करने से उत्साहित मुंबई इंडियंस की टीम को शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे क्वालीफायर में गत चैंपियन गुजरात टाइटंस की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। मधवाल ने बुधवार को चेन्नई में खेले गए एलिमिनेटर में पांच रन देकर पांच विकेट लिए जिससे पांच बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई ने लखनऊ को 81 रन से करारी शिकस्त दी। जसप्रीत बुमराह और जोफ्रा आर्चर जैसे खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद मुंबई की यह बड़ी जीत दूसरी टीमों के लिए खतरे की घंटी है। मुंबई का इस सत्र में प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला रहा है लेकिन अब लगता है कि उसकी टीम सही समय पर अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आई है। कैमरन ग्रीन, सूर्यकुमार यादव और टिम डेविड ने अभी तक चुनौतियों का अच्छी तरह से सामना किया है। उनके अलावा युवा बल्लेबाज नेहल बढेरा भी अपना प्रभाव छोड़ रहे हैं जबकि रोहित शर्मा और ईशान किशन की सलामी जोड़ी भी अपनी भूमिका निभा रही है। इससे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम अपने छठे खिताब की तरफ मजबूती से कदम बढ़ा रही है। इन बल्लेबाजों के सामने गुजरात के गेंदबाजों की कड़ी परीक्षा होगी जिसकी अगुवाई अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी कर रहे हैं। मधवाल ने लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में गेंदबाजी में चमत्कारिक प्रदर्शन किया। उन्होंने 3.5 ओवर में पांच रन देकर पांच विकेट लिए। टीम को उनसे इसी तरह के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मुंबई के अन्य गेंदबाजों में अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला और तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडॉर्फ ने भी प्रभावशाली गेंदबाजी की है। पिछले कुछ मैचों में रन लुटाने वाले तेज गेंदबाज क्रिस जॉर्डन में लखनऊ के खिलाफ दो ओवर में सात रन देकर एक विकेट लिया जो कि मुंबई के लिए अच्छा संकेत है। गुजरात टाइटंस पहले क्वालीफायर में महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली चेन्नई सुपर किंग्स की टीम से पराजय झेलने के बाद इस मैच में उतरेगी। उसे लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। गुजरात के सभी खिलाड़ियों ने अभी तक अहम योगदान दिया है। बल्लेबाजी में शुभमन गिल और विजय शंकर ने शानदार प्रदर्शन किया है। गिल चेन्नई के खिलाफ अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन लीग चरण के अंतिम दो मैचों में शतक जड़ने वाला यह सलामी बल्लेबाज मुंबई के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगा। गिल ने गुजरात टाइटंस की बल्लेबाजी की जिम्मेदारी बखूबी संभाल रखी है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उन्होंने अभी तक 15 मैचों में 722 रन बनाए हैं। गुजरात की तरफ से उनके बाद सर्वाधिक रन विजय शंकर ने बनाए हैं लेकिन वह गिल से 421 रन पीछे हैं। शंकर के नाम पर अभी 12 मैचों में 301 रन दर्ज हैं। गिल को इस सत्र में सर्वाधिक रन बनाकर आरसीबी के फाफ डुप्लेसी से ऑरेंज कैप हासिल करने के लिए केवल आठ रन की जरूरत है। गुजरात के लिए हालांकि कप्तान हार्दिक पंड्या का खराब प्रदर्शन चिंता का विषय है। उन्होंने पिछले पांच मैचों में केवल 45 रन बनाए हैं। मध्यक्रम में डेविड मिलर भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं। पिछले तीन मैचों में तो वह दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच पाए थे। मुंबई और गुजरात इस सत्र में तीसरी बार एक-दूसरे का सामना करेंगे। अभी तक दोनों टीम ने एक एक मैच जीता है।

## खबरें स्टेडियम से

### लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचकर खिलाड़ियों ने जज्बा दिखाया: रोहित

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि लगातार दूसरी बार इससे टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचकर उनकी टीम के खिलाड़ियों ने अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश किया विशेषकर तब जबकि टीम 2021 में खिताबी मुकाबले में हार गई थी। भारत सात जून से शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की वेबसाइट पर जारी वीडियो में रोहित ने कहा, साउथम्पटन में पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद हमने तुरंत ही एकजुट होकर अगले चक्र के लिए तैयारियां शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि हमने इस चक्र में वास्तव में बहुत अच्छी क्रिकेट खेली। हमारे सामने कई बार चुनौती पेश की गई और उससे पार पाने के लिए केवल कुछ खिलाड़ियों ने ही नहीं बल्कि सभी खिलाड़ियों ने शानदार जज्बा दिखाया। रोहित ने अपने साथी खिलाड़ियों की जमकर प्रशंसा की जिन्होंने 2021 के फाइनल में न्यूजीलैंड से हारने की निराशा के बाद शानदार वापसी की। यह दो साल का चक्र है और इस दौरान हमने काफी टेस्ट मैच खेले। इस चक्र में कई खिलाड़ी खेले। हर अवसर पर किसी खिलाड़ी ने जिम्मेदारी संभाली। हम उनसे जिस तरह के प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे थे उन्होंने वैसा प्रदर्शन किया। भारत अगले डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपने तीन प्रमुख खिलाड़ियों ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह और श्रेयस अय्यर के बिना उतरेगा। यह तीनों खिलाड़ी चोटिल हैं। पहले डब्ल्यूटीसी चक्र में रोहित के अलावा पंत और अय्यर का औसत ही 40 रन प्रति पारी से ऊपर रहा जबकि उस दौर में बुमराह ने 10 मैचों में 45 विकेट लिए। वरिष्ठ बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि टीम को इन तीनों खिलाड़ियों के योगदान को याद करना चाहिए। पुजारा ने कहा, कई खिलाड़ी हैं जिन्होंने टीम के लिए योगदान दिया। इनमें से कुछ खिलाड़ी अभी टीम का हिस्सा नहीं है लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि हम इस चक्र में योगदान देने वाले प्रत्एक खिलाड़ी के प्रयास को याद करें।

### मैं बुमराह का विकल्प नहीं, सिर्फ अपनी जिम्मेदारी निभा रहा था: मधवाल



**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर में लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ मुंबई इंडियन्स की 81 रन की आसान जीत मे अहम भूमिका निभाने वाले आकाश मधवाल स्वयं को जसप्रीत बुमराह का विकल्प नही मानते और टीम द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरा करके खुश हैं। उत्तराखंड के इंजीनियर मधवाल ने बुधवार रात 3.3 ओवर मे पांच रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे मुंबई इंडियन्स की टीम फाइनल मे जगह बनाने के एक और कदम करीब पहुंच गई। मधवाल ने मैच के बाद कहा, मै टीम द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं। मै बुमराह का विकल्प नही हूं लेकिन मै जो कर सकता हूं उसे करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं। मौजूदा सत्र मे चेन्नई मे एमए चिदंबरम स्टेडियम की पिच से तेज गेंदबाजो को अधिक मदद नही मिली लेकिन मधवाल ने बताया कि क्या चीज उनके पक्ष मे रही। मधवाल ने कहा, चेपक का विकेट अच्छा था। आपने देखा होगा कि गेंद रूककर नही आ रही थी बल्कि तेजी से निकल रही थी। मै स्विंग गेंदबाज हूं और मुश्किल लेंथ पर गेंदबाजी करके विकेट हासिल करने की कोशिश करता हूं। मधवाल ने कहा कि कप्तान रोहित शर्मा को पता है कि उनके मजबूत पक्ष क्या है और इनका कैसे इस्तेमाल करना है। उन्होंने कहा, रोहित को पता है कि यॉर्कर मेरा मजबूत पक्ष है लेकिन नेट सत्र और अभ्यास मुकाबलों के दौरान उन्हें पता चला कि मै नई गेंद से भी गेंदबाजी कर सकता हूं।

### माउंट एवरेस्ट पर चढ़ी अस्मिता दोर्जी

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) की वरिष्ठ प्रशिक्षक और दिग्गज पर्वतारोही अस्मिता दोर्जी (39 साल) ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने में सफलता हासिल की है। टाटा स्टील ने यहां विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। अस्मिता 23 मई की सुबह दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने में सफल रही। अस्मिता ने तीन अप्रैल को अपनी यात्रा की शुरुआत की थी और खुंबू क्षेत्र में आठ दिन पर्वतारोहण के बाद 14 अप्रैल को एवरेस्ट के आधार शिविर में पहुंची।

### प्रदर्शनकारी पहलवान हरियाणा, पंजाब दौरे पर

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ अपने प्रदर्शन में समर्थन जुटाने के लिए विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया समेत प्रदर्शनकारी पहलवान उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सो का दौरा करेंगे। उनका मकसद 28 मई को नए संसद भवन के सामने होने वाली महिलाओं की महापंचायत के लिए समर्थन जुटाना है। बजरंग और विनेश हरियाणा के जींद गए है तो रियो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान पंजाब गए है।

### वेगास में मैच प्ले के पहले मुकाबले में हारी अदिति

**लास वेगास।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक को यहां बैंक ऑफ होप एलपीजीए मैच प्ले के शुरुआती दौर के मुकाबले में फ्रांस की पेरिन डेलाकोर के खिलाफ अधिकांश समय बढ़त बनाने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। अदिति ने अधिकांश समय मुकाबले में बढ़त बनाई हुई थी लेकिन अंतिम दो होल में पिछड़ गईं।

### यूटीटी के चौथे सत्र से पहले साथियान, शरत और मनिका रिटेन किए गए

**मुंबई।** अनुभवी शरत कमल और जी साथियान उन खिलाड़ियों में शामिल है जिन्हें उनकी संबंधित फ्रेंचाइजी ने अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग के चौथे सत्र से पहले रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) किया है। गत चैंपियन चेन्नई लायंस ने 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन शरत जबकि तीसरे सत्र के उप विजेता दबंग दिल्ली टीटीसी ने साथियान को अपने साथ बरकरार रखा है। भारत की स्टार महिला खिलाड़ी मनिका बत्रा एक बार फिर बेंगलुरू स्मैशर्स के लिए खेलती हुई नजर आएंगी जबकि एशियाई खेलो के कांस्य पदक विजेता मानव ठक्कर को यू मुंबा टीटी ने अपने साथ जोड़े रखा है।

### स्पोर्टी कार से बढ़ेगी रफ्तार

**पुणे।** मर्सिडीज़ बेंज इंडिया ने अपनी नई ए 200 लिमोज़ीन और डाईनैमिक मर्सिडीज़ एएमजी ए 45 एस 4मेटिक़ फेसलिफ्ट उतारी। इसमें संतुलित अनुपातों और डिज़ाईन में विस्तार एवं उच्च गुणवत्ता पर ध्यान दिया है। इसके अंदर आकर्षक एवं स्पोर्टी इंटीरियर है। लेटेस्ट एमबक्स और नई जनरेशन की टेलीमैटिक्स एनटीजी के साथ नई लिमोज़ीन ज्यादा इंटैलिजेंट और स्टाईलिश होने के साथ इसमें ज्यादा सुविधाएं और विशेषताएं भी हैं। इसको 2023 की चौथी तिमाही में लांच किया जाएगा। इसकी जानकारी मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ मर्सिडीज़.बेंज इंडिया संतोष अईयर ने दी। इसमें ए-45 एस 4-मेटिक़ में 2.0 लीटर का शक्तिशाली टर्बोचार्ज्ड फोर, सिलेंडर इंजन है। यह कार ज्यादा इंटैलिजेंट और इन्ट्युटिव है और इसके फ्रंट में गर्व के साथ प्रतिष्ठित एएमजी क्रेस्ट लगा है, जो इसकी वन मैन, वन इंजन् की विरासत का प्रमाण है। इसमें पॉवर और डाईनैमिज़्म के साथ फॉरवर्ड स्लोपिंग बोनेट और तीक्ष्ण शार्क नोज़ के साथ दो पॉवर बल्ज़ हैं। सुरक्षा के लिए 7 एयरबैग्स हैं। यूएसबी चार्जिंग की क्षमता में भी 20 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है।

# एशिया कप के आयोजन स्थल पर फैसला आईपीएल फाइनल के बाद : जय शाह

**भाषा।** नई दिल्ली

● बैठक में शीर्ष पदाधिकारी भाग लेंगे



**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने गुरुवार को कहा कि एशिया कप के आयोजन स्थल का फैसला आईपीएल फाइनल से इतर होने वाली बैठक में किया जाएगा जिसमें एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के शीर्ष पदाधिकारी भाग लेंगे। इस साल एशिया कप की मेजबानी का अधिकार पाकिस्तान के पास है लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम केंद्र सरकार की अनुमति के बिना पड़ोसी देश की यात्रा नहीं कर सकती। ऐसे में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नजम सेठी ने एक हाइब्रिड मॉडल का प्रस्ताव रखा जिससे कि चार मैच का आयोजन उनके देश में हो सकता है और भारत अपने मैच तटस्थ स्थल पर खेले। इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है कि सेठी को आईपी ए ल फाइनल के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया गया है या नहीं। जय शाह ने पीटीआई से कहा, अभी तक एशिया कप के आयोजन स्थल को लेकर फैसला नहीं किया गया है। हम अभी आईपीएल में व्यस्त थे लेकिन श्रीलंका क्रिकेट, बांग्लादेश और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के शीर्ष पदाधिकारी आईपीएल फाइनल देखने के लिए आ रहे हैं। हम इस पर चर्चा करके उचित समय पर फैसला करेंगे। एसीसी सूत्रों से पता चला है कि सेठी का प्रस्तावित हाइब्रिड मॉडल व्यावहारिक हल नजर आता है लेकिन एसीसी ने कोई औपचारिक बयान नहीं दिया है। मॉडल के अनुसार श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल और अफगानिस्तान के लीग चरण के चार मैच पाकिस्तान में होंगे जबकि भारत अपने मैच तटस्थ स्थल पर खेलेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले दो मैच श्रीलंका में होंगे, हालांकि पीसीबी यह मैच दुबई में करवाना चाहता है। सितंबर में यूएई का मौसम 50 ओवर के मुकाबले कराने के अनुकूल नहीं होगा लेकिन साजोसमान और इंतजामों के लिहाज से एसीसी के लिए यूएई बेहतर विकल्प होगा। एसीसी के सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, एसीसी के प्रमुख जय शाह कार्यकारी बोर्ड की बैठक बुलाएंगे जहां इस बारे में औपचारिक घोषणा की जाएगी। पीसीबी को भारत के खिलाफ तटस्थ स्थान पर खेलने में कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा, पीसीबी दुबई को प्राथमिकता देगा क्योंकि इससे टिकट से अधिक पैसा आएगा लेकिन वह किसी अन्य देश (श्रीलंका पढ़ें) में भी खेलने को तैयार है बशर्ते एसीसी दुबई में 2022 में भारत-पाक मुकाबले से श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) को टिकटों की बिक्री से मिली राशि (पांच लाख डॉलर) की बराबरी करे। एशिया कप का आयोजन इस साल एक से 17 सितंबर तक होना है। एशिया कप में हिस्सा लेने वाली छह टीम भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और नेपाल हैं। एक ग्रुप में भारत, पाकिस्तान और नेपाल को रखा गया है जबकि दूसरे ग्रुप में श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान होंगे। एसीसी के सूत्रों के अनुसार अगर हाइब्रिड मॉडल को स्वीकृति मिलती है तो पाकिस्तान देश में चार मुकाबलों का आयोजन करेगा।

### नीरज के फिनलैंड में अभ्यास को मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** ओलंपिक चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को जून मे होने वाले गोल्ड स्तर के दो टूर्नामेंटो के लिए फिनलैंड मे अभ्यास को बृहस्पतिवार को मंजूरी मिल गई। युवा कार्य और खेल मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन चोपड़ा फिनलैंड के कुओर्तने ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर पर अभ्यास करना चाहते है। हाल ही मे विश्व रैंकिंग मे नंबर एक पर पहुंचे चोपड़ा ने 2022 मे भी वहां अभ्यास किया था। अन्य प्रस्तावो मे मिशन ओलंपिक सेल ने टेबल टेनिस खिलाड़ी पायस जैन के ताईवान मे अभ्यास को भी मंजूरी दे दी। सीनियर टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और साथियान ज्ञानशेखरन के निजी कोचों को विभिन्न टूर्नामेंटों में साथ ले जाने को भी मंजूरी दे दी।

# मलेशिया मास्टर्स से लक्ष्य सेन बाहर

● सिंधू, श्रीकांत और प्रणय क्वार्टर फाइनल में

**भाषा।** कुआलालंपुर



**भारत के** स्टार खिलाड़ियों पीवी सिंधू, किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय ने गुरुवार को यहां विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन युवा सनसनी लक्ष्य सेन को हार का सामना करना पड़ा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और यहां छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल में जहां जापान की आया ओहोरी को आसानी से सीधे गेम में हराया वहीं प्रणय को चीन के शी फेंग ली को हराने के लिए तीन गेम तक संघर्ष करना पड़ा। श्रीकांत ने इंडिया ओपन चैंपियन और थाईलैंड के आठवें वरीय कुनलावुत वितिदसर्न को सीधे गेम में पराजित किया। पहले कोर्ट पर उतरने वाली विश्व में 13वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने ओहोरी पर दबदबा बनाए रखा और जापान की विश्व में 28वें नंबर की खिलाड़ी को 40 मिनट तक चले मैच में 21-16, 21-11 से पराजित किया। सिंधू क्वार्टर फाइनल में चीन की ही ई मैन झांग से भिड़ेंगी। दुनिया में नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करके विश्व में 11वें नंबर के खिलाड़ी ली को एक घंटा 10 मिनट तक चले मैच में 13-21, 21-16, 21-11 से हराया। प्रणय अब जापान के केंटा निशिमोटो से भिड़ेंगे, जिन्होंने पिछले साल जापान ओपन और इस वर्ष स्पेन मास्टर्स का खिताब जीता था। श्रीकांत ने इससे पहले वितिदसर्न के खिलाफ जो तीन मैच खेले थे उनमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन यहां वह 21-19, 21-19 से जीत दर्ज करने में सफल रहे। उनका अगला मुकाबला इंडोनेशियाई क्वालीफायर क्रिश्चियन एडिनाटा से होगा। भारत के युवा खिलाड़ी लक्ष्य सेन हालांकि हांगकांग के एंगस एनजी का लोंग से 14-21, 19-21 से हारकर बाहर हो गए।

### आस्ट्रेलिया से हारने के बाद भारतीय महिला टीम , ए टीम से भी हारी

**भाषा।** एडीलेड

भारतीय महिला हॉकी टीम जुझारू प्रदर्शन के बावजूद यहां आस्ट्रेलिया ए से 2-3 से हार गई। भारत के लिए सलीमा टेटे (40वां मिनट) और संगीता कुमार (54वां मिनट)ने एक एक गोल किया जबकि आस्ट्रेलिया के लिए एलिस अर्नोट (18वां) और रूबी हैरिस (20वां और 35वां मिनट) ने गोल दागे। पहले क्वार्टर में मेजबान को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारत का डिफेंस चुस्त रहा और कोई गोल नहीं हो सका। दूसरे क्वार्टर में भारत ने गेंद पर दबदबा बनाए रखा लेकिन आस्ट्रेलिया ए ने अर्नोट के गोल के दम पर बढत बना ली। हैरिस ने दो मिनट बाद गोल करके यह बढत दुगुनी कर दी।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए स्पष्ट पसंद होंगे भरत: शास्त्री




**दुबई।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले महीने इंग्लैंड मे होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल मे विकेटकीपर की भूमिका के लिए केएस भरत टीम प्रबंधन की स्पष्ट पसंद होंगे। भारत की पहली पसंद के विकेटकीपर ऋषभ पंत कार दुर्घटना से उबर रहे है और उनके विकल्प लोकेश राहुल की भी दाहिनी जांघ की सर्जरी हुई है। भारतीय टीम प्रबंधन इस बात को लेकर दुविधा मे है कि ओवल मे सात जून से शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए भरत और इशान किशन मे से किसे चुना जाए। शास्त्री ने कहा कि भरत ने इस साल की शुरुआत मे बोर्डर-गावस्कर श्रृंखला के दौरान विकेटकीपिंग की थी इसलिए उन्हे उम्मीद है कि प्रबंधन इस 29 वर्षीय को इशान पर तरजीह देगा। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू मे कहा, आपको देखना होगा कि कौन बेहतर विकेटकीपर है। क्या यह भरत है या इशान किशन? अब तथ्य यह है कि भरत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौका दिया गया था जहां उन्होने सभी टेस्ट मैच खेले थे, मुझे लगता है कि वह एकादश मे चुने जाने के लिए स्पष्ट पसंद होंगे। भरत ने विकेटकीपर के रूप मे अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन उम्मीद के मुताबिक बल्लेबाजी नही कर पाए। वह स्पिन की अनुकूल पिचों पर सिर्फ 101 रन ही बना पाए। दूसरी ओर किशन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौका नही मिला और आईपीएल के दौरान राहुल के चोटिल होने के बाद उन्हे डब्ल्यूटीसी की भारतीय टीम मे शामिल किया गया।

### किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर डब्ल्यूटीसी फाइनल में माइकल नेसर को मिल सकता है मौका: मैक्डोनाल्ड

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड काउंटी क्रिकेट मे शानदार प्रदर्शन कर रहे माइकल नेसर से काफी प्रभावित है और उन्होने कहा कि किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर इस ऑलराउंडर को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल और एशेज श्रृंखला के लिए टीम मे शामिल किया जा सकता है। नेसर ने काउंटी क्रिकेट मे ग्लैमोर्गन की तरफ से खेलते हुए अभी तक तीन पारियो मे 123, 86 और 90 रन बनाए है। उन्हे अगले महीने होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल और एशेज के पहले दो टेस्ट मैचो के लिए ऑस्ट्रेलिया की 17 सदस्ईय टीम मे नही चुना गया है लेकिन कोच मैक्डोनाल्ड ने कहा कि उन्हे मौका मिल सकता है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी फाइनल सात जून से ओवल मे खेला जाएगा जबकि पांच टेस्ट मैचो की एशेज श्रृंखला 16 जून से शुरू होगी। मैक्डोनाल्ड ने एसईएन रेडियो से कहा, हम जानते है कि वह (नेसर) कैसा प्रदर्शन कर रहा है। नेसर और सीन एबोट विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तैयारियों के लिए लंदन मे टीम से जुड़ेगे।

### फ्रेंच ओपन 2023 : अलकराज, जोकोविच ड्रॉ में एक ही हाफ में

**पेरिस।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अलकराज और 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच को फ्रेंच ओपन के लिए बृहस्पतिवार को निकाले गए ड्रॉ मे एक ही हाफ मिला है और उनका सामना सेमीफाइनल में हो सकता है। अलकराज पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम में नंबर एक खिलाड़ी के तौर पर उतरेंगे। जोकोविच तीसरे नंबर पर है तो उन्हें ड्रॉ का शीर्ष या निचला कोई भी हाफ मिल सकता था। अगर वह निचले हाफ में होते तो अलकराज और उनकी टक्कर फाइनल में ही संभव थी। वही 14 बार के चैम्पियन रफेल नडाल 2005 मे रोलां गैरो पर पदार्पण करने के बाद पहली बार यहां नही खेलेंगे। पिछली बार के एकल चैम्पियन को ड्रॉ के समय बुलाया जाता है लिहाजा इगा स्वियातेक मौजूद थी लेकिन नडाल नही थे। महिला वर्ग के ड्रॉ मे स्वियातेक का सामना पिछले साल की उपविजेता कोको गॉ से क्वार्टर फाइनल में हो सकता है। स्वियातेक पहले दौर में स्पेन की 67वी रैंकिंग वाली क्रिस्टिना बुक्सा से खेलेगी।



# इंटर मिलान को इटालियन कप



**रोम।** लुटारो मार्टिनेज के दो गोल की मदद से इंटर मिलान ने फियोरेंटीना को 2-। से पराजित करके इटालियन कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। मार्टिनेज ने बेनफिका और एसी मिलान के खिलाफ महत्वपूर्ण गोल करके इंटर मिलान की चैंपियंस लीग फाइनल में जगह सुरक्षित की थी। उन्होने अपना यह शानदार प्रदर्शन जारी रखा और इंटर मिलान को इटालियन कप का महत्वपूर्ण खिताब दिलाया। इंटर मिलान का यह इस सत्र मे दूसरा खिताब है। इससे पहले उसने जनवरी मे इटालियन सुपर कप का खिताब जीता था और उस मैच मे भी मार्टिनेज ने गोल दागा था। इंटर मिलान का लक्ष्य अब चैंपियंस लीग का खिताब जीतना होगा जिसके फाइनल मे वह 10 जून को इस्तांबुल मे मैनचेस्टर सिटी से भिड़ेगा।

### एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर्स: भारत, यूएई, मालदीव और चीन एक ग्रुप में

**नई दिल्ल।** भारत को अगले साल कतर मे होने वाले एएफसी अंडर 23 एशियाई कप फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वालीफायर्स के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), मालदीव और चीन के साथ ग्रुप जी मे रखा गया है। टूर्नामेंट के आधिकारिक ड्रॉ एएफसी के कुआलालंपुर स्थित मुख्यालय मे गुरुवार को डाले गए। ग्रुप जी के मैच छह से 12 सितंबर के बीच चीन मे खेले जाएंगे। क्वालीफायर्स मे कुल 43 टीमे भाग लेंगी जिन्हे 11 ग्रुप मे बांटा गया है। इनमे 10 ग्रुप मे चार चार जबकि एक ग्रुप मे तीन टीमे है। प्रत्एक ग्रुप के मैच एक ही आयोजन स्थल पर राउंड रोबिन आधार पर खेले जाएंगे। प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम तथा दूसरे स्थान की चार सर्वश्रेष्ठ टीम अंडर 23 एशिया कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। कतर को मेजबान होने के कारण टूर्नामेंट मे सीधे प्रवेश दिया गया है।

### नए कोच फुल्टन के मार्गदर्शन में प्रो लीग में दबदबा बरकरार रखने उतरेगा भारत

**लंदन।** उत्साह से भरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में घरेलू चरण की फॉर्म को शुक्रवार को यहां ओलंपियन बेल्जियम से मुकाबले के साथ शुरू हो रहे यूरोपीय चरण में भी बरकरार रखने की कोशिश करेगी। टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण के दौरान भारत आइंडहोवेन में मेजबान नीदरलैंड और अर्जेन्टीना से भी भिड़ेगा। भारत इस साल की शुरुआत में विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन से उबरकर 2022-23 की प्रो लीग तालिका में शीर्ष पर चल रहा है। टीम इस दौरान विश्व चैंपियन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ अजेय रही। भारत ने राउरकेला चरण में तीन सीधी जीत दर्ज की जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे मैच में भी शूटआउट जीतकर बोनस अंक जुटाया। भारत आठ मैच में पांच सीधी जीत और दो शूट आउट जीतकर 19 अंक के साथ अभी अंक तालिका में शीर्ष पर है।

# पूर्वाभ्यास के साथ, खेलो इंडिया गेम्स की शुरुआत

● महिला टेटे में उत्तर और पूर्व भारत के विवि का जलवा



लखनऊ। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स.2022 में अब मेडल राउंड का समय आ गया है। उत्तर प्रदेश में पहली बार हो रहे इन खेलों के उद्घाटन से पहले रग्बी ;महिला एवं पुरुषद्ध मुकाबले शुरू हो गए थे और अब शुक्रवार को दोनों वर्गों के विजेताओं का फैसला हो जाएगा। गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर में जारी महिलाओं के रग्बी क्वार्टर फ इनल मुकाबलों में जीएनडीयूए अमृतसर ने पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी को 20-0 से हराया जबकि मुंबई विश्वविद्यालय ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को 17-12 से हराया। इसी तरह एक अन्य मैच में केआईआईटी भुवनेश्वर ने केआईएसएसए ओडिशा को 20-0 से हराया। पुरुष वर्ग की बात करें तो केआईआईटीए भुवनेश्वर ने कालीकट विश्वविद्यालय को 22.05 से हराकर सेमीफ इनल में जगह बना ली है। इसी तरह चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने मुंबई यूनिवर्सिटी को 28.12 से हराकर अंतिम.4 में जगह बनाई और भारती विद्यापीठ पुणे ने शिवाजी विश्वविद्यालय को 29.0 से हराकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटीए पंजाब ने भी ललित नारायण मिथिला यूनिवर्सिटी को 33.07 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

**टेबल टेनिस :** बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी हाल में जारी महिला टेबल टेनिस में उत्तर और पूर्व के विश्वविद्यालयों का जलवा रहा। इसके क्वार्टर फाइनल लाइनअप तक हो गए। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली आठ में से 6 टीमों उत्तर और पूर्व भारत की हैं जबकि सिर्फदो टीमें दक्षिण भारत की हैं।

**पुरुष रग्बी:** पुरुषों के रग्बी के ग्रुप मैचों की बात करें तो लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी. पंजाब ने मुंबई यूनिवर्सिटी को 45.05 से हराया जबकि भारती विद्यापीठए पुणे ने कालीकट विश्वविद्यालय को 32.05 से हराया। इसी तरह चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने ललित नारायण मिथिला यूनिवर्सिटी को 19.12 से हराया जबकि केआईआईटीए भुवनेश्वर ने शिवाजी विश्वविद्यालय को 40-0 से हराया।